अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 25°C
तापमान

सेंसेक्स 82,515.14
निफ्टी 25,141.40

सोना 98,850
चांदी 1,09,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, गुरुवार 12 जून 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 11 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 15 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




### टेस्ला चीफ मस्क ने ट्रम्प से मांगी माफी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### तिलक वर्मा ने थामा अब हैंपशायर का दामन

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में और भीषण गर्मी बढ़ने के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के सभी प्रमुख शहर इन दिनों भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं और आगामी दिनों में प्रचंड गर्मी होने के आसार हैं। आईपीई ग्लोबल और एसरी इंडिया के एक अध्ययन के अनुसार, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, सूरत, ठाणे, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरी क्षेत्रों में 2030 तक गर्मी के दिनों की अवधि में दोगुनी वृद्धि होने का अनुमान है।

नई दिल्ली में ग्लोबल-साउथ क्लाइमेट रिस्क सिम्पोजियम में पेश रिपोर्ट 'वेदरिंग द स्टॉर्म: मैनेजिंग मानसून इन ए वार्मिंग क्लाइमेट' आने वाले वर्षों के लिए एक गंभीर तस्वीर पेश करती है, क्योंकि भारत अब तेजी से परिवर्तनशील जलवायु के चरम से जूझ रहा है। भारत में पिछले 30 वर्षों में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में 15 गुना वृद्धि देखी गई, जबकि पिछले दशक में इसमें 19 गुना वृद्धि हो चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक चलने वाली ये गर्मी अब अनियमित और तीव्र वर्षा की ओर ले जा रही है, जिससे 2030 तक देश के 80 प्रतिशत जिलों में बारिश होने के आसार हैं। आईपीई ग्लोबल में जलवायु -शेष पृष्ठ दो पर



भारत में पिछले 30 वर्षों में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में 15 गुना वृद्धि हुई

## सात दिन में देश का टेंपरेचर 8.13 डिग्री बढ़ा

**नई दिल्ली।** देशभर में भीषण गर्मी का दौर जारी है। पिछले सात दिन में देशभर के तापमान में 8 से 13 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हुआ है। मंगलवार को पंजाब का बठिंडा 47.6 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। वहीं, हरियाणा के सिरसा में मंगलवार को पारा 46.2 डिग्री दर्ज किया गया।

राजस्थान में भी गर्मी और हीटवेव का तेज असर जारी है। मंगलवार को राजस्थान के 3 शहरों का तापमान 46 डिग्री या उससे ज्यादा दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में 47.4 डिग्री, कोटा में 46.3डिग्री और बीकानेर में पारा 46 डिग्री दर्ज किया गया। देश के उत्तरी राज्यों- राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में दो दिन लू का अलर्ट है। दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री दर्ज किया गया, लेकिन गर्मी 47 डिग्री जैसी महसूस की गई। बुधवार को दिल्ली का तापमान 45 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। इधर, केरल में फिर से तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। केरल के उत्तरी जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

■ मप्र- राजस्थान समेत छह राज्यों में लू का अलर्ट, बठिंडा 47.6 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में बुधवार सुबह आग लग गई। सूत्रों ने बताया कि विधानसभा कर्मचारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में आग लग गई। इस हादसे में पूर्व राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और विधायकों की कुछ तस्वीरें और फर्नीचर जल गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आग की लपटें देखकर विधानसभा के कर्मचारी आग बुझाने लगे। उन्होंने तेजी से कार्रवाई की और अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

### बीएसएफ के जवानों को गंदगी भरा ट्रेन सेट, चार अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के लिए पुराना एवं गंदगी भरा ट्रेन सेट उपलब्ध कराने पर कड़ी कार्रवाई की है और चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। श्री वैष्णव ने बुधवार को यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस घटना की जानकारी मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई की गई है। रैक बदलने के साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अलीपुरद्वार मंडल के चार अधिकारी निलंबित कर दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार निलंबित अधिकारियों में अलीपुरद्वार कोचिंग डिपो के प्रभारी तथा मंडल के तीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर शामिल हैं।

### यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार की कोर्ट से बुधवार को जोरदार झटका लगा है। हिसार की अदालत ने ज्योति मल्होत्रा को झटका देते हुए जमानत याचिका का खारिज कर डाला है। ज्योति मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश ने हिसार कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी और अपनी दलीलें कोर्ट के सामने रखी, लेकिन इसके बावजूद हिसार कोर्ट ने ज्योति की जमानत याचिका को खारिज करते हुए ज्योति मल्होत्रा को बेल देने से ही मना कर दिया।

### मतदाता सूचियां तैयार करना सबसे कठोर प्रक्रिया: ज्ञानेश

**नई दिल्ली/स्टॉकहोम।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारत में मतदाता सूची तैयार करने के काम को दुनिया की सबसे कड़ी और पारदर्शी प्रतिक्रियाओं में एक बताते हुए कहा है कि इसके लिए आयोग की ओर से परिचालित मजबूत तंत्र देश में चुनावों की विश्वसनीयता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री कुमार मंगलवार शाम स्वीडन में ईमानदारी के साथ चुनाव विषय पर स्टॉकहोम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दे रहे थे।

### लक्ष्मण सिंह छह वर्ष के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश से पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर ने बुधवार को बताया कि श्री सिंह को पार्टी विरोधी गतविधियों के कारण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छह वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। श्री सिंह गांधी परिवार के खिलाफ विवादित बयान देने के कारण पिछले कुछ समय से चर्चा में हैं।

# संत परंपरा प्राचीन, संतों ने विदेशी आक्रांताओं से लिया लोहा: योगी

## कहा: संतों ने समाज को दिखाई एकता और जोड़ने की राह

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना/शुक्रताल (मुजफ्फरनगर)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मौजूद जनसमूह को सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि अब कोई कांधला और कैराना पलायन जैसी घटना करने की हिमाकत नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज की प्रेरणा से पीएम मोदी की आगुवाई में बिना भेदभाव के समग्र विकास पर काम हो रहा है। उन्होंने सतगुरू रविदास जी महाराज समदास महाराज की स्मृति में घाट बनाने की भी घोषणा की।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को शुक्रताल स्थित संत स्वामी ज्ञान भिक्षुकदास महाराज और संत रविदास मिशन के संस्थापक अध्यक्ष सतगुरु समनदास की पुण्यतिथि पर आयोजित समागम समारोह में शिरकत करने यहां पहुंचे थे। साधु संतों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास जी महाराज ने अपनी कर्म साधना से जो प्रेरणा दी वह आज भी सम्पूर्ण देशवासियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व की सरकारों में कांधला और कैराना जैसी घटना करने की अब कोई हिमाकत उत्तर प्रदेश में नहीं कर सकता। शुकतीर्थ सनातन धर्म का पौराणिक तीर्थ है।



सीएम ने सतगुरु रविदास जी महाराज समदास महाराज की स्मृति में घाट बनाने की भी घोषणा की

योगी बोले- मन चंगा, तो कठौती में गंगा, सतगुरु रविदास जी का कथन जीवन में आंतरिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मध्यकाल में जब देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था, विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत की धर्म और संस्कृति को रौंदा जा रहा था, तो उस समय ज्योति के पुंज के रूप में काशी के सीरगोवर्धन में सतगुरु रविदास जी महाराज का अविर्भाव होता है। उन्होंने कर्मसाधना के माध्यम से जो प्रेरणा दी, वह आज भी देश व हर श्रद्धालु के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। सतगुरु रविदास जी महाराज ने सामाजिक आडंबर व -शेष पृष्ठ दो पर

# न्यायिक आतंकवाद से बचना होगा

## कोर्ट को नहीं लांघनी चाहिएं अपनी सीमाएं: गवई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा है कि भारत का संविधान सिर्फ अधिकार नहीं देता, बल्कि समाज के पिछड़े और दबे-कुचले वर्गों को ऊपर उठाने का काम भी करता है। उन्होंने यह बात ऑक्सफोर्ड यूनियन में एक प्रोग्राम के दौरान कही।

सीजेआई ने कहा कि देश में ज्यूडिशियल एक्टिविज्म की भूमिका बनी रहेगी, लेकिन इसे इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। उन्होंने कहा कि न्यायिक सक्रियता जरूरी है, लेकिन यह इस हद तक नहीं होनी चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। कई बार ऐसा होता है कि न्यायपालिका ऐसे क्षेत्रों में घुस जाती है, जहां उसे नहीं जाना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका को मर्यादा में रहकर हस्तक्षेप करना चाहिए। जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है, लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए। भारत में कई दशक पहले लाखों नागरिकों को अछूत कहा जाता था। उन्हें अशुद्ध बताया जाता था। कहा जाता था कि वे इस जाति के नहीं हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपनी बात खुद नहीं कह सकते, लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर आसीन होकर खुलकर बोल रहा है।

न्यायपालिका को मर्यादा में रहकर हस्तक्षेप करना चाहिए

भारतीय संविधान दबे-कुचलों को ऊपर उठाने का काम करता है

मुख्य न्यायाधीश ने ऑक्सफोर्ड यूनियन में एक प्रोग्राम को किया संबोधित



### सीएए को चुनौती: सुप्रीम कोर्ट ने की पाकिस्तानी नागरिक की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने दीर्घकालिक वीजा पर गोवा में रह रहे जूड मेंडेस की इस याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया, लेकिन इस मामले में बम्बई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की उन्हें अनुमति दी। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने दलील देते हुए कहा कि मैं (जूड मेंडेस) 2014 के बाद भारत आया हूं। मैं एक ईसाई पाकिस्तानी नागरिक हूं। मैं सीएए के प्रासंगिक प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती दे रहा हूं। इस पर अदालत ने कहा कि बम्बई उच्च न्यायालय के समक्ष जाएं।

# विधायक नाहिद हसन दोषमुक्त करार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उप्र में सहारनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सरकारी काम में बाधा डालने समेत कई मामलों के आरोपी कैराना विधायक नाहिद हसन को दोषमुक्त करार दिया है।

विधायक नाहिद हसन के वकील जानिसार ने बुधवार को बताया कि कोर्ट ने पत्रावलियों पर आए साक्ष्यों और गवाहों को सुनने के बाद नाहिद हसन को आरोपमुक्त किया है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2012 में एक मामले में नाहिद हसन ने थाना सरसावा का घेराव किया था और सरकारी काम में बाधा डालने, सड़क पर जाम लगाने आ सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के आरोप पुलिस ने उन और उनके समर्थकों पर लगाए थे। फैसले के दौरान विधायक नाहिद हसन खुद कोर्ट में उपस्थित थे।

■ एमपी-एमएलए कोर्ट ने दी सपा विधायक को राहत

# केरल हाईकोर्ट का प्रियंका को नोटिस

कोच्चि, वार्ता

**केरल हाईकोर्ट ने** बुधवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को नोटिस जारी किया है। इसमें वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव में उनकी जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका भाजपा नेता नव्या हरिदास की ओर से दायर की गई है।

उन्होंने वायनाड सीट पर प्रियंका के खिलाफ चुनाव लड़ा था। नव्या का आरोप है कि प्रियंका ने अपने नॉमिनेशन फॉर्म में अपनी और परिवार की संपत्तियों की जानकारी सही नहीं दी। नव्या ने दावा किया कि प्रियंका गांधी ने जानबूझकर संपत्ति छिपाई, ताकि चुनाव परिणाम प्रभावित हो। यह भ्रष्ट आचरण (करप्ट प्रैक्टिस) की कैटेगरी में आता है। झूठी जानकारी देकर प्रियंका ने आचार संहिता का भी उल्लंघन किया है। याचिका पर अगली सुनवाई अगस्त में होगी। चुनावी हलफनामे में प्रियंका गांधी ने 12 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति घोषित की थी। उनके पास 4.24 करोड़ रुपये की चल और 7.74 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां हैं। प्रियंका ने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का भी ब्योरा दिया था। वाड्रा के पास कुल 65.54 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 37.9 करोड़ रुपये की चल और 27.64 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां है।



■ वायनाड सीट पर जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा, संपत्ति छिपाने का आरोप

# बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-04 का प्रक्षेपण फिर टला

बेंगलुरु, वार्ता

**बहुप्रतीक्षित एक्सिओम**-04 मिशन के प्रक्षेपण की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। प्रक्षेपण तैयारियों के दौरान तकनीकि विसंगतियों का पता चलने के बाद 11 जून को प्रस्तावित प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है।

इसरो ने यहां बताया कि प्रक्षेपण से पहले प्रोटोकॉल के तहत इसके प्रदर्शन को सफल करने के लिए 'लॉन्च पैड' पर फाल्कन 9 प्रक्षेपण वाहन के बूस्टर चरण का सात सेकंड का 'हॉट टेस्ट' किया गया। इस महत्वपूर्ण परीक्षण के दौरान इंजीनियरों ने रॉकेट के प्रोपल्शन में लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव का पता लगाया। इसरो के अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने कहा कि इसे ठीक करने के बाद मिशन की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

■ प्रक्षेपण तैयारियों के दौरान तकनीकी विसंगतियों का पता चलने के बाद लिया फैसला

# पीएम से मिलने वाले मंत्रियों का RT-PCR टेस्ट होगा

## देश में कोरोना के एक्टिव केस 7000 के पार, अब तक 74 लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सभी मंत्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है।

देशभर में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 7121 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 300 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2223 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1223, दिल्ली में 757 और पश्चिम बंगाल में 747 पॉजिटिव मरीज हैं।

### रोज 350+ नए मामले आ रहे सामने

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट से 74 मौतें हुई हैं। मंगलवार को 6 लोगों ने जान गंवाई। इनमें केरल में 3, कर्नाटक में 2 और महाराष्ट्र में एक मौत हुई है। बीते 10 दिन में 3000 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 40 मरीजों की मौत हुई है। हर दिन 350 से ज्यादा नए केस दर्ज हो रहे हैं। केरल के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना का नया वैरिएंट बुजुर्गों और दूसरी बीमारियों वाले मरीजों के लिए ज्यादा खतरनाक है।



### भारत ने 11 साल में पार किए कई मील के पत्थर: भाजपा

**नई दिल्ली।** सरकार ने पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 11 वर्षों में हासिल किए गए विकासात्मक मील के पत्थरों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया।

भाजपा की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजग सरकार की उपलब्धियों के बारे में मीडिया के सामने एक घंटे तक प्रस्तुति दी। इस बात पर जोर देते हुए कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता संभालने से पहले ऐसी प्रगति कभी नहीं देखी गई थी। इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और नितिन गडकरी, सहित विभिन्न प्रवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने न केवल आर्थिक परिवर्तन की दिशा में काम किया है, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए लाखों लोगों के सशक्तिकरण के लिए भी काम किया है और देश की सुरक्षा में सुधार किया है।




## संक्षिप्त समाचार

### राहुल ने वंचित समुदाय के बच्चों की शिक्षा को लेकर मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा को निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। गांधी ने 10 जून को श्री मोदी को लिखे पत्र में कहा कि वंचित समुदायों के 90 प्रतिशत छात्रों के लिए शिक्षा के अवसर में बाधाएं आ रही हैं और ये बच्चे निर्बाधरूप से अपनी शिक्ष हासिल नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने दलित, आदिवासी, आर्थिकरूप से कमजोर तथा पिछड़ा वर्गो और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए आवासीय छात्रावासों की बहुत खराब स्थिति को वर्गो के छात्रों की शिक्षा में बाधक बताया है। हाल की अपनी बिहार यात्रा के दौरान दरभंगा के अम्बेडकर छात्रावास का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि वहां छह-सात छात्रों को एक कमरे में ठूंसकर रखा जाता है। छात्रावास में बहुत गंदे शौचालय, असुरक्षित पीने का पानी, भोजन की अव्यवस्था और शैक्षणिक संसाधनों के अभाव जैसे गंभीर हालात हैं।

### भारत की बात पहले दुनिया गंभीरता से सुनती थी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहले भारत की अपनी विदेश नीति रही है और हमारी बात दुनिया गंभीरता से सुनती थी लेकिन आज हालात यह है कि पहलगाम आतंकवादी हमले पर दुनिया इस घटना की आलोचना तो करती है लेकिन कोई भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल से लेकर डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकात तक इस नीति में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया, जिसके कारण पूरी दुनिया के लोग भारत की आवाज को गंभीरता से सुनते भी थे और जुड़ते भी थे। उन्होंने कहा कि आज हालात एकदम बदल गए हैं। हालात यह है कि पहलगाम आतंकवादी हमला हुआ है। इस आतंकवादी घटना की पूरी दुनिया ने आलोचना तो की है लेकिन इस घटना को लेकर कोई देश हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ।

### वोट नहीं देने पर हत्या छह को उम्रकैद

**आगरा।** आगरा की अदालत ने 20 साल बाद उन 6 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जिन्होंने अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने से इन्कार करने वाले एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इनके नाम जितेंद्र सिंह, बबलू सिंह, पवन सिंह, सत्तू सिंह, गिर्राज सिंह, गोविंद सिंह और बलबीर सिंह हैं और मृतक की पहचान धर्मपाल के रूप में हुई थी। जनपद के लाडम मनखेड़ा में पंचायत चुनाव के दौरान 35 वर्षीय धर्मपाल और उनके भाई धर्मवीर को कुछ लोगों ने उनके पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने के लिए कहा था।

## अपहरण के बाद हत्या मामलों में लापरवाही बरतने पर अदालत सख्त

# हाईकोर्ट ने लगाई यूपी पुलिस को फटकार

**प्रयागराज, वार्ता**



■ कहा-मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे और पुलिस खोजबीन तक नहीं कर पाती यूपी पुलिस को अपनी जिम्मेदारी तय करनी चाहिए

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपहरण के बढ़ते मामलों पर पुलिस को उसकी जिम्मेदारी न निभाने के लिए नाराजगी जाहिर की है और पुलिस को इन मामलों पर सख्ती से निपटने के लिए आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने पुलिस की लाप. रवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं जिस तरह से लगातार अपहरण के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं और अपहरण के मामलों में पुलिस खोजबीन तक नहीं कर पाती है।

कोर्ट ने कहा अपहरण के मामलों में अपहरणकर्ता की ही हत्या हो जाती है, तो सबसे पहले पुलिस की को अपनी जिम्मेदारी तय करना चाहिए और इसी के अधिकार क्षेत्र में केस दर्ज किया जाना चाहिए। इलाहाबाद हाई कोर्ट की तरफ से पुलिस के लिए यह भी कहा गया है कि पुलिस अधिकारी हमेशा बड़ी छवि बनाने की कोशिश में दिखते हैं, लेकिन वह किसी भी तरीके से शिकायतों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते। अगर किसी वजह से अपहर्त व्यक्ति का पता नहीं लगता है, तो इसके लिए पुलिस की प्रमुख जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। वाराणसी से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। इस दौरान नितेश कुमार की याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा यह पहला मामला नहीं है, जब लापता लोगों का पता नहीं चल पाया है। हमने कई बार देखा है कि पुलिस खुद शिकायतों को प्राप्त करने और उन पर ध्यान देने से बचती रहती है। याची का भाई 31 मार्च 2025 से लापता है। कथित तौर पर उसका अपहरण कर लिया गया है,जिसके बाद 3 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज की गई थी, लेकिन पुलिस अभी तक इस मामले में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर पाई है। इस मामले में अधिकारियों की कोई व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है। यही कारण है कि कई बार अपहरण किए गए व्यक्ति की हत्या हो जाती है। इस मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने वाराणसी के पुलिस आयुक्त से हलफनामा तलब किया है और 12 जून को सुनवाई की तारीख को निर्धारित किया गया है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग करेगा दुष्कर्म प्रकरण की जांच, 13 जून को कौशांबी जाएगा

**कौशांबी।** जनपद के सैनी थाना क्षेत्र में बच्ची से कथित दुष्कर्म और इसके बाद हुई घटनाओं को लेकर अब राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने इस प्रकरण की जांच कराने का निर्णय लिया है। आयोग 13 जून को एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित पक्ष से मिलने और घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए भेजेगा। 28 मई को सैनी थाना क्षेत्र की एक बच्ची की ओर से सिद्धार्थ नाम के युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया, लेकिन 4 जून को आरोपी के पिता रामबाबू तिवारी ने बेटे को झूठा फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद मामला और ज्यादा संवेदनशील हो गया।

### बटला हाउस में जारी रहेगी तोड़फोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बटला हाउस में प्रस्तावित तोड़फोड़ के खिलाफ आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी जनहित याचिका को खारिज करते हुए तोड़फोड़ पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला जनहित याचिका के तौर पर नहीं सुना जा सकता। जस्टिस गिरीश कठपालिया और जस्टिस तेजस करिया की डिविजन बेंच ने कहा कि हमें लगता है कि यह याचिका पीड़ितों द्वारा उठाई जानी चाहिए। कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान को आदेश दिया कि प्रभावित लोग तीन दिन के भीतर संबंधित प्राधिकरण के सामने अपनी याचिका दायर करें। अमानतुल्लाह खान की ओर से सीनियर वकील सलमान खुर्शीद ने कोर्ट में दलील दी कि दिल्ली विकास प्राधिकरण सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहा है। उन्होंने कहा कि डीडीए ने खसरा नंबर 279 के दायरे से बाहर के मकानों को भी तोड़फोड़ का नोटिस दे दिया है। खुर्शीद ने इसे जनरल नोटिस बताते हुए कहा कि यह नोटिस बिना व्यक्तिगत जानकारी के जारी किए गए जो प्रभावित लोगों के लिए एक तरीके से अन्याय है। सलमान खुर्शीद ने कोर्ट से अनुरोध किया कि अगर इसे जनहित याचिका के तौर पर नहीं सुना जा सकता, तो इसे रिट पिटीशन के रूप में स्वीकार कर उचित बेंच के सामने सूचीबद्ध किया जाए। साथ ही उन्होंने सात दिन की मोहलत मांगी।

## यूपी के 44 जिलों में करेंगे किसान इनोवेटिव खेती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ किसानों को ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी संरक्षित खेती की सुविधा प्रदान की जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी में समय के साथ बदलाव कर किसानों को आधुनिक खेती के लिए तैयार किया है। इसके तहत अब ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी तकनीकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसान ऑफ सीजन में भी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की फसलें उगा सकें।

लखनऊ, बहराइच, सुल्तानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी समेत 44 जिलों के किसान अब इस तरह का बदलाव लाने जा रहे हैं। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रदेश के 44 जिलों में किसानों को ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी संरक्षित खेती की सुविधा प्रदान की जा रही है। इनमें से 24 जिलों में ग्रीन हाउस बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 20 जिलों में तेजी से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। योगी सरकार का उद्देश्य है कि हर मौसम में किसान बेहतर उत्पादन कर सकें और बाजार में ताजे उत्पाद उपलब्ध करा सकें। कृषि अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत ये सभी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही इस पर सब्सिडी भी दी जा रही है। ग्रीन हाउस और पॉली हाउस टेक्नोलॉजी से खेती करने पर मौसम की मार से फसलों को सुरक्षा मिलती है। किसान अब सर्दी, गर्मी और बरसात हर मौसम में टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, खीरा, बीन्स जैसी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की खेती कर सकते हैं। इससे न केवल उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है बल्कि बाजार मूल्य भी अधिक मिलता है। इसी उद्देश्य से अब तक 37 ग्रीन हाउस पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं, जो उत्पादन के लिए तैयार हैं। इसके अलावा 29 ग्रीन हाउस निर्माणाधीन हैं, जिन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा। योजना के अंतर्गत किसानों को ग्रीन हाउस व पॉली हाउस निर्माण के लिए सरक. ारी अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

## 1680 दिव्यांगों को मिल रही निशुल्क शिक्षा

### उत्तर प्रदेश में सोलह विशेष विद्यालय संचालित किए जा रहे

**लखनऊ, वार्ता**

■ मेरठ, बांदा में बालकों व सहारनपुर में बालिकाओं के लिए स्कूलों का संचालन

उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों के लिए विशेष विद्यालयों के संचालन की योजना के तहत 16 विशेष विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी कुल छात्र क्षमता 2040 है। इन विद्यालयों में वर्तमान में 1680 दिव्यांग बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

योजना के तहत दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों के अनुरूप अलग-अलग विद्यालय स्थापित किए गए हैं। 'प्रयास विद्यालय' चलन-बाधित दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्रतापगढ़ और लखनऊ में हाई स्कूल स्तर तक संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी कुल छात्र क्षमता 100 है। वहीं मानसिक मंदता से प्रभावित बच्चों के लिए 'ममता विद्यालय' प्रयागराज में बालकों और लखनऊ में बालिकाओं के लिए जूनियर हाई स्कूल स्तर तक चल रहे हैं, जिनकी क्षमता भी 100 है। मूक-बधिर बच्चों के लिए सरकार 'संकेत विद्यालय[ का संच. ालन कर रही है जो आगरा, लखनऊ, बरेली, फर्रुखाबाद और गोरखपुर में संचालित हैं, जहां आगरा में हाई स्कूल और बाकी जगह जूनियर हाई स्कूल स्तर की पढ़ाई होती है। इनकी कुल क्षमता 790 है। दृष्टिबाधित बच्चों के लिए 'स्पर्श विद्यालय' लखनऊ और गोरखपुर में बालक-बालिकाओं के लिए एक-एक , मेरठ और बांदा में बालकों के लिए और सहारनपुर में बालिकाओं के लिए संचालित हैं। इनकी कुल छात्र क्षमता 1050 है। इन सभी विद्यालयों में विशेष शिक्षकों और संसाधनों के जरिए बच्चों को उनकी जरूरत के अनुरूप शिक्षा दी जा रही है, ताकि वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकें और समाज में अपनी जगह बना सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और उनके सशक्तीकरण के जरिए एक समावेशी समाज का निर्माण कर सकते हैं। यही वजह है कि इन विशेष विद्यालयों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों के न केवल शिक्षा बल्कि समग्र विकास पर जोर दिया जा रहा है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले 1680 बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण, सहायक उपकरण और अनुकूल माहौल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### राजा के घर पहुंचा सोनम का भाई मांगी माफी

**इंदौर।** पिछले कुछ दिन से देश भर में सुर्खियों में बने मध्यप्रदेश के इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में बुधवार को मुख्य आरोपी सोनम का भाई राजा के घर पहुंचा और उसके परिवार से माफी मांगी। सोनम का भाई गोविंद आज दोपहर राजा रघुवंशी के घर पहुंचा और दिवंगत राजा की मां समेत पूरे परिवार से माफी मांगी। इस दौरान राजा के भाई विपिन रघुवंशी समेत सभी अन्य परिजन भी उपस्थित रहे। इस मुलाकात के बाद सोनम के भाई गोविंद ने संवाददाताओं से कहा कि अब तक जो सबूत मिल रहे हैं, उनके हिसाब से ये हत्या सोनम ने ही की है। उसी ने ये काम किया है और उससे करवाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी आरोपी राज कुशवाह से ही जुड़े हुए हैं।

## एलजी ने सिन्हा ने किए अमरनाथ गुफा के दर्शन

**श्रीनगर, वार्ता**



■ प्रथम पूजा के साथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत की

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत करते हुए पवित्र गुफा में 'बाबा बर्फानी' के दर्शन किए।

अड़तीस दिवसीय वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल तीन जुलाई से नौ अगस्त तक चलेगी। श्री सिन्हा ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि हर हर महादेव। बाबा बर्फानी के दर्शन किए और पवित्र गुफा में 'प्रथम पूजा' के साथ वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। बाबा अमरनाथ जी हम सभी पर अपना दिव्य आशीर्वाद बनाए रखें। मैं बाबा बर्फानी के सभी भक्तों से अनुरोध करता हूं कि वे पवित्र यात्रा के लिए बड़ी संख्या में आएं तथा जम्मू कश्मीर और देश की प्रगति के लिए महादेव से प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) और प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुविधाओं में सुधार किया है तथा जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और सीएपीएफ ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस और अद्‌र्धसैनिक बल तीन जुलाई से शुरू होने वाली सुरक्षित तीर्थयात्रा के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण, सहयोग और स्पष्ट उद्देश्यों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों, नागरिक समाज और सभी सेवा प्रदाताओं का अमूल्य योगदान हमेशा असाधारण रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि सुविधाओं और सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार यह सुनिश्चित करेंगे कि इस वर्ष की तीर्थयात्रा सभी भक्तों के लिए यादगार और आध्यात्मिक रूप से संतुष्टिदायक हो। इससे पहले उपराज्यपाल ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के आपदा प्रबंधन और यात्री निवास परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति का पता लगाया और अधिकारियों को तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए विकसित की जा रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार
अर्थ व्यापार

## लिवाली के बल पर शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**



वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस, टेक, आईटी, एनर्जी जैसे क्षेत्रों में हुई लिवाली के बल पर शेयर बाजार में तेजी रही जिससे बीएसई का सेंसेक्स और एनएसई का निफ्टी कल की गिरावट से उबरकर बुधवार को बढ़त बनाने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 123.42 अंक बढ़कर 82515.14 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.15 अंक उठकर 25141.40 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी कंपनियों में लिवाली देखी गई जबकि मझौली कंपनियों में बिकवाली का दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 0.12 प्रतिशत उतरकर 46532.22 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत की बढ़त बनाकर 54281. 27 अंक पर रहा। इस दौरान बढ़त में रहने वाले समूहों में तेल एंव गैस 1. 83 प्रतिशत, एनर्जी 1.33 प्रतिशत, आईटी 1.25 प्रतिशत, फोक्सड आईटी 1.30 प्रतिशत और टेक 1. 01 प्रतिशत शामिल है। गिरावट में रहने वालों में यूटिलिटीज 0.76 प्रतिशत, एफएमसीजी 0.56 प्रतिशत, पावर 0.81 प्रतिशत और सर्विसेस 0.45 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बीएसई में कुल 4180 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2227 हरे निशान में और 1821 लाल निशान में रही जबकि 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर अधिकांश प्रमुख सूचकांक हरे निशान में रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.34 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.13 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.84 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

### ललितुपर में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर में भीषण गर्मी के चलते बुधवार को सैकघें चमगादड़ों की मौत हो गई।

विकास खंड व कोतवाली तालबेहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेरवास कलां में एक बरगद के पेड़ के नीचे सैकड़ों चमगादड़ मृत पाए गए। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की और पाया गया कि चमगादड़ों की मौत अत्यधिक गर्मी के कारण हुई है। वन विभाग की एसडीओ शीरीन सिद्दीकी के ने बतया कि चमगादड़ और राष्ट्रीय पक्षी मोर पर गर्मी का प्रभाव जल्दी पड़ता है व चमगादड़ों की मौत अत्यधिक गर्मी के कारण हुई है।

## चुनिंदा दालों में तेजी, खाद्य तेल रहे नरम

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आज आवक बढ़ने से खाद्य तेलों में भारी गिरावट देखी गई, जबकि मांग निकलने से चुनिंदा दाल दलहन में तेजी रही। इस दौरान मीठे के बाजार में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में मूंगफली तेल 220 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 512 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 147 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 1099 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 365 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चुनिंदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल, उड़द दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल उबल गई जबकि चना, चना दाल और मसूर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500 -7600, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8700-8800 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में...**

प्रमुख अविनाश मोहंती ने चेतावनी देते हुए कहा कि परिवर्तन की गति और पैमाने अभूतपूर्व हैं। हम देख रहे हैं कि मानसून लंबी गर्मियों जैसी स्थितियों में बदल रहा है, जिससे बारिश अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही है। इस स्थिति को संभालना मुश्किल है और इससे उबरना और भी मुश्किल है। वर्ष 2030 तक टियर-1 और टियर-2 के 72 प्रतिशत शहरों में बार-बार गर्मी, भयंकर बारिश, बिजली के तूफान और यहां तक कि ओलावृष्टि भी होने का अनुमान है। यहां लगभग 70 प्रतिशत लोगों को मानसून के दौरान भी गर्मी जैसी स्थितियों का ही सामना करना पड़ सकता है। यह प्रतिशत वर्ष 2040 तक 79 प्रतिशत तक हो सकता है। अध्ययन में कहा गया है कि गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, ओडिशा, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों को गर्मी और बाढ़ दोनों का सामना करना पड़ेगा, जिससे इन प्रदेशों के 80 प्रतिशत से अधिक जिले प्रभावित होंगे। आईपीई ग्लोबल के प्रबंध निदेशक अश्वजीत सिंह ने जोर देकर कहा कि समूचे विश्व के दक्षिणी भाग खास तौर पर भारत दोहरे नुकसान में हैं, जो विकास के लिए संघर्ष करते हुए जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से भी जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि वनों की कटाई, भूमि-उपयोग में बदलाव, आर्द्रभूमि और झाड़ियों एवं इसी प्रजाति के पेड़ों का विनाश देश के स्थानीय जलवायु संकट को बढ़ा रहा है। इन मानव-जनित परिवर्तनों के कारण कई संवेदनशील जिलों में भूमि उपयोग में 63 प्रतिशत बदलाव आया है। अध्ययन में आह्वान किया गया है कि उपग्रह डाटा और जलवायु मॉडल का उपयोग करने वाली राष्ट्रीय जलवायु संकट वेधशाला (सीआरओ) का जिला स्तर पर गठन किया जाए, ताकि इस बाबत स्थानीय कार्रवाई की अगुवाई हो सके। गौरतलब है कि भारत पहले से ही जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का सामना कर रहा है। तत्काल और व्यापक कार्रवाई के बिना ये प्रभाव और भी गंभीर हो जाएंगे, जिससे जीवन, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के खतरे में पड़ने की आशंका है।

**संत परंपरा....**

कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक किया। कर्म पर विश्वास करने की प्रेरणा दी। आध्यात्मिक चेतना का जागरण किया। उन्होंने कहा कि मन चंगा, तो कठौती में गंगा। सतगुरु रविदास जी का कथन जीवन में आंत. रिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक है। उन्होंने समाज को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की नई प्रेरणा दी। संत रविदास जी महाराज के गुरु संत रामानंद जी महाराज ने कहा था कि जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। मुख्यमंत्री ने संत रविदास के कथन की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी वाणी अत्यंत दिव्य थी। रविदास जी ने कहा था मैं तब प्रसन्न रहूंगा, जब बिना भेदभाव सबको समान अधिकार व अन्न मिलेगा। संत रविदास की इन बातों को पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के माध्यम से इसे अक्षरशः लागू किया। कोरोना जैसी महामारी से अब तक 81 करोड़ लोगों को अन्न वितरण कराया जा रहा है और यही संतों की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि रविदास जी महाराज की पावन जन्मभूमि सीरगोवर्धन की सड़कें 2014 के पहले सिंगल लेन की थी, लेकिन पीएम मोदी की प्रेरणा से उसे फोरलेन से जोड़ दिया गया। आश्रम को भव्य रूप दे दिया गया है। गुरु रविदास की भव्य प्रतिमा व अन्न क्षेत्र का निर्माण किया गया। सैकड़ों बीघा जमीन को खरीदकर सतगुरु रविदास जी महराज के नाम पर पार्क व प्रतिमा की स्थापना हुई। योगी ने कहा कि शुकतीर्थ पौराणिक तीर्थ है। यह भागवतभूमि है, पांच हजार वर्ष पहले शुकदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत की पहली कथा इस धाम पर सुनाकर भक्ति, ज्ञान, मुक्ति के महत्व की प्रेरणा बताई थी। कार्यक्रम में आयोजक महंत गोवर्धन दास जी महाराज, स्वामी ओमानंद जी महाराज, निर्मल दास जी महाराज, गुरुदीप गिरि जी महाराज, केशवनानंद जी महाराज, सत्यानंद जी महाराज, सतीश दास जी महाराज, विज्ञानानंद जी महाराज, सांसद चंदन चौहान, योगी सरकार के मंत्री अनिल कुमार, कपिलद. ेव अग्रवाल, सोमेंद्र तोमर, पूर्व सांसद संजीव बालियान, विधायक राजपाल बालियान, वंदना वर्मा, मिथिलेश पाल, विक्रम सैनी आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज में वकीलों के चैबरों पर गरजा बुलडोजर, तोड़फोड़

**प्रयागराज।** कचहरी परिसर में बनाए गए सैकड़ों अस्थायी अधिवक्ताओं के चैंबर को हटाने की प्रयागराज नगर निगम की कार्रवाई के दौरान बवाल हो गया। गुस्साए अधिवक्ताओं ने नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के विरोध में तोड़फोड़ और आग. जनी कर दी। वकीलों के चैंबर के साथ करीब 1000 से अधिक दुकानों को भी तोड़ दिया गया। विरोध में वकील और दुकानदार सड़कों पर उतर आए और टूटी कुर्सियां और फर्नीचर सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया गया, कई जगह आगजनी हुई, जिससे पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

वकीलों ने नगर निगम की इस कार्रवाई को विश्वासघात बताया और कहा कि नगर आयुक्त से पहले ही मांग की गई थी कि वैकल्पिक व्यवस्था के बिना चैंबर न तोड़े जाएं। वकीलों का आरोप है कि अचानक आई टीम ने फाइलें, स्टाम्प, लैपटॉप और नकदी उठा ली। वकीलों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नगर आयुक्त व डीएम पर लूट का मुकदमा दर्ज करने और दोनों का ट्रांसफर करने की मांग की है। सुबह करीब 5 बजे नगर निगम की टीम 6 बुलडोजरों के साथ पहुंची। कार्रवाई के दौरान विकास भवन और कचहरी के सामने अस्थायी चैंबर, कुर्सी-मेज और करीब 1500 दुकानों को हटाया गया। चार थानों की फोर्स, आरएएफ और पीएसी की मौजूदगी में अतिक्रमण तोड़ा गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पूंजीपतियों के लिए सस्ते मजदूर तैयार कर रही मोदी सरकार: राकेश टिकैत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते दिनों मेडा के अधिकारियों द्वारा हाइकोर्ट स्टे होने के बावजूद गंगानगर आवासीय समिति की जमीन के नपाई करने पर किसान मनोहर ने आपत्ति जताई थी।

जिस पर मेडा अधिकारियों से किसान का विरोधाभास हो गया था, किसान मनोहर ने आत्महत्या करने की धमकी दी, मेडा अधिकारियों ने उसे आत्महत्या के लिए उकसा दिया, वो बिजली के खम्बे पर चढ़ गया और गिर गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, जिस पर भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिवारजनों से बात करके उसके न्याय की लड़ाई के लिए डेड बॉडी को कलक्ट्रेट लेकर आ गए थे। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत, जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी



एवं अन्य भाकियू कार्यकर्ता साकेत प्रगति नगर स्थित मृतक मनोहर के घर पहुंचे। मनोहर के परिवारजनों, तीनों बच्चियों से मिलकर दुख जताया एवं सभी पीड़ित किसानों से भी मिले। सभी की समस्याओं को जाना और सभी परिवार. जनों से हौसला बनाए रखने को कहा। प्रगति नगर से ही पीड़ित परिवारजनों और किसानो को लेकर मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोद के कार्यालय पर पहुंच। मंडलायुक्त कार्यालय पर पहुंचकर मंडलायुक्त से मुलाकात की। मृतक किसान मनोहर कुशवाहा के प्रकरण संबंधित सभी बिंदुओं पर चौधरी राकेश टिकैत और उनके नेतृत्व में जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी एवं पीड़ित किसानों ने चर्चा की। इस दौरान किसान साथ रहे।

## रेलवे ट्रैक पर बाइक में आग लगाकर बनाई रील, तीन गिरफ्तार

**मेरठ।** जीआरपी ने रेलवे ट्रैक पर बाइक में आग लगाकर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रील बनाने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। मामला हापुड़ क्षेत्र से जुड़ा होने के चलते जीआरपी ने तीनों आरोपियों को हापुड़ आरपीएफ के हवाले कर दिया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर कुछ सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें तीन युवक रेलवे ट्रैक पर बाइक खड़ी करके बाइक के पिछले पहिए पर पेट्रोल डालकर उसमें आग लगा रहे हैं। आग लगाने के बाद एक युवक खड़ी बाइक की स्पीड तेज करके टायर में लगी आग को बुझा देता है। देहाती गाने के साथ एक्स पर अपलोड हुई इस रील को देखने के बाद पुलिस के कान खड़े हो गए और कार्रवाई हुई।

# कांग्रेसियों ने ऊर्जा भवन घेरा

## भीषण गर्मी में विद्युत संकट से लोगों का हो रहा है बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला के नेतृत्व में साकेत स्थित ऊर्जा भवन पर पश्चिमांचल विद्युत निगम के एम.डी. का घेराव कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने पांच प्रतिनिधियों को एम.डी. से मिलने की अनुमति देने का प्रस्ताव रखा, किंतु कांग्रेस नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं के भीतर जाने की मांग की। इस दौरान पुलिस प्रशासन और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई। रंजन शर्मा ने कहा कि नगर में विगत वर्षों से लगातार विद्युत कटौती की समस्या बनी हुई है।



अवनीश काजला ने कहा कि, बिजली की आपूर्ति विशेष रूप से दलित, मुस्लिम बस्तियों और अन्य क्षेत्रों में बिना पूर्व सूचना के की जा रही कटौती से जनता में भारी रोष है। इसके अतिरिक्त, शिकायत दर्ज करने की पुरानी व्यवस्था को हटाकर जो नई प्रणाली लाई गई है, उसमें अधिक समय और जटिलताएं उत्पन्न हो रही हैं, जबकि आज के डिजिटल युग में शिकायतों का समाधान शीघ्र होना चाहिये। मानस. न के मद्देनजर मेरठ की सड़कों पर लगे बिजली के खंभों पर प्लास्टिक कोटिंग की जानी चाहिए ताकि करंट लगने की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। पहले से ही बिजली की महंगी दरों से त्रस्त जनता पर विद्युत दरों में हालिया बढ़ोतरी और बोझ डाल रही है।

# दो सहेलियों ने किया शादी का एलान, परिजनों ने पुलिस को सौंपा

## इंटरमीडिएट में दोनों ने एक साथ रहने की खाई थी कस्में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों की दो सहेलियों ने आपस में प्यार के चलते शादी का ऐलान कर दिया। उन्होंने घर से फरार होने का प्रयास किया तो परिजनों ने उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में पुलिस ने दोनों को समझा-बुझाकर दोनों के परिजनों के हवाले कर दिया है।



क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों की दो छात्राओं ने दो साल पूर्व एक इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई की थी। उनमें दोस्ती ऐसी हो गई थी जिसके बाद उन्होंने एक-दूसरे के साथ रहने की कसम भी खाई थी। इसकी जानकारी उनके परिजनों को भी थी पर वे मानने को तैयार नहीं थी। दोनों अपनी जिद पर अड़ी थी। मंगलवार को परिजनों को सूचना मिली की दोनों बाइक से फरार होने की तैयारी कर रही हैं। इस पर दोनों को बाइक सहित परीक्षितगढ़ से पकड़ लिया। उन्होंने एक-दूसरे से शादी का ऐलान कर दिया जिसके बाद परिजन दोनों को लेकर थाने पहुंचे जहां वे दोनों अपनी जिद पर अड़ी हुई थी। बाद में परिजन दोनों को समझा बुझाकर घर ले गए। उधर, थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों लड़कियां बालिग हैं। परिजन यदि चाहेंगे तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों को समझा बुझाकर परिजन अपने साथ घर ले गए हैं।

## डीएम ने पीएम सूर्य घर योजना के संबंध में वेन्डर्स तथा विद्युत विभाग के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर योजना के संबंध में वेन्डर्स तथा विद्युत विभाग के साथ बैठक आहूत की गई। सर्वप्रथम परियोजना प्रभारी यूपीनेडा मेरठ द्वारा वर्तमान प्रगति से अवगत कराया गया जिलाधिकारी द्वारा कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए गए कि उपरोक्त कार्यकम की मुख्य विकास अधिकारी के स्तर पर साप्ताहिक रुप से एवं डीएम स्तर पर मासिक रुप से बैठक कराना सुनिश्चित करें, साथ ही वेण्डर्स द्वारा विद्युत विभाग से की गई शिकायत के सन्दर्भ में निर्देश दिए कि सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को एवं इंटेली स्मार्ट से सम्बन्धित कार्यां के शीघ्र निस्तारण हेतु डीएम के स्तर से अर्द्वशासकीय पत्र प्रबंध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को प्रेषित करें। एलडीएम मेरठ एवं अधिशासी अभियन्ता मेरठ को निर्देश दिए गए कि अपने स्तर के कार्यों का समय से निर्धारित कर सूचना उपलब्ध कराएं एवं पोर्टल से आवेदन लिस्ट के लीकेज को रोकना सुनिश्चित करें एवं परियोजना प्रभारी यूपीनेडा मेरठ को निर्देश दिए गए कि, यदि इस सम्बन्ध में किसी वेण्डर्स की संलिप्तता पाए जाने पर यूपीनेडा मुख्यालय को उक्त को ब्लैक लिस्ट करने के लिए पत्र प्रेषित कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी वेण्डर्स अपनी शिकायत लिखित में उपलब्ध कराये। ताकि समय से निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर नूपुर गोयल भी रहीं।

## 21 को कलेक्ट्रेट सभागार में होगी जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी राकेश शुक्ला ने बताया कि पूर्व सैनिकों एवं शहीद व दिवंगत सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला सैनिक बन्धु की जून 2025 की मासिक बैठक जिलाधिकारी, की अध्यक्षता में 21 जून दिन शनिवार 4:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मेरठ में आयोजित की जायेगी। उन्होंने जिला सैनिक परिषद कार्यकारिणी मेरठ व जिला सैनिक बन्धु मेरठ के पदेन व गैर सरकारी सदस्यों से उक्त बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है। उन्होने शहीदों के आश्रितो को आवदेन देने के निर्देश दिये हैं।

## प्रदेश से सपा-कांग्रेस का सफाया तय: दिनेश शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 2027 में सपा और कांग्रेस का सफाई पूरी तरह तय है आज पूरा देश मोदी जी के नेतृत्व में विश्व को अपनी ताकत दिखा चुका है। प्रदेश में सपा का सफाया भी तय है। कांग्रेस पहले ही खत्म होती जा रही रही है। बुधवार को मेरठ पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने प्रेस को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं उन्होंने कहा कि भारत आज बदल रहा है और जो भी भारत से लड़ने की हिम्मत करेगा उसका हश्र मिशन सिंदूर जैसा ही होगा।

डॉ. दिनेश शर्मा सीसीएसयू के अटल सभागार में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर आयोजित भाजपा के प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि इन 11 सालों में ये एक वो काल है जिसमें समृद्धि है। जिसमें भ्रष्टाचार, आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस है। जिसमें स्वाभिमान बढ़ा है। जिसमें प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। जिसमें कानून और व्यवस्था नियंत्रण में आई है। जिसमें स्वदेशीकरण आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हुआ है। निर्यात बढ़ा है आयात कम हुए हैं। अब भारत हाथ में कटोरा लेकर लोन मांगने वाला देश नहीं है। कोरोना काल में 120 से ज्यादा देशों को दवा देने वाला यानि दाता बना हुआ देश है। आज दुनिया में चाहे जो संकट हों, लेकिन भारत में आज 10 किलो राशन निशुल्क दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास निशुल्क दिया जा रहा है। पांच लाख तक का आयुष्मान के माध्यम से स्वास्थ्य कवच दिया जा रहा है। आज 160 हवाई अड्डे बन चुके हैं। करोड़ों लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है।

# पचगांव अमर सिंह के शिव मंदिर से चोरों ने लोहे के गेट चुराए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भावनपुर थाना क्षेत्र के पचगांव अमर सिंह स्थित शिव मंदिर से चोरों ने लोहे के गेट चुरा लिए। मंदिर की देखरेख करने वाले अनिल शर्मा ने बताया कि वह रोज की तरह रात को मंदिर बंद कर घर चले गए थे। इसके बाद घटना को अंजाम दिया गया, और आरोपी आसानी से फरार हो गए।

देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के भारी लोहे के गेट को निकाल लिया। ग्रामीणों का कहना है कि गेट को उतारने में करीब ढाई घंटे का समय लगा होगा। इस दौरान पुलिस गश्त भी नहीं पहुंची। वैसे तो पुलिस 24 घंटे गश्त का दावा करती है। लेकिन घटना के समय पुलिसकर्मी नदारत मिले। ग्रामीणों ने संबंधित बीट कॉन्स्टेबल और चौकी इंचार्ज पर भी कार्रवाई की मांग की है।

सुबह जब ग्रामीण पूजा के लिए मंदिर पहुंचे, तो गेट गायब मिले। इससे लोगों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर में चोरी की घटना निंदनीय है। यदि पुलिस द्वारा आरोपी जल्द पकड़े नहीं जाते तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरो. पियों की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने चोरों की जल्द गिरफ्तारी और मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है।

## पुलिस की गोकशों से मुठभेड़, गोली लगने से दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लोहियानगर पुलिस की गोकशों से मुठभेड़ हो गई। गोली लगने से घायल दो गोकश घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके कब्जे से जानवर काटने के उपकरण व एक मोटरसाईकिल बरामद की गई है। चौकी प्रभारी फफूंदा मय पुलिस फोर्स के अल्लीपुर मोड पर देर रात्रि गश्त कर रहे थे, तभी एक बिना नम्बर की प्लेटीना मोटरसाईकिल पर 3 अज्ञात युवक आते दिखायी दिए, जिन्हें पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया गया, जो नहीं रूके। पुलिस को देखकर तेजी से मोटरसाईकिल काली नदी की तरफ भगाने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा मोटरसाईकिल का पीछा किया गया, जो फिसलकर गिर गये तथा खुद को घिरता देख मोटरसईकिल सवार युवकों ने काली नदी के पास पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ बदमाशों के ऊपर फायर कर दिया। जिसके बाद गोली लगने से दो गोकश गंभीर घायल हो गये जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सड़को पर पसरा सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भीषण गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। जिस कारण लोग केवल जरूरी कार्य से ही बाहर निकल रहे है। बुधवार की दोपहर सड़को पर सन्नाटा पसरा रहा। बेगमपुल से हापुड़ अड्डे तक सफर करने के लिए ईरिक्शाओं का टोटा देखने को मिला। ईरिक्शा न होने से लोग पैदल ही अपनी मंजिल तक पहुंचे।

## टीबी मरीज को गोद लेकर मंडलायुक्त ने प्रदान की पोषण पोटली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद द्वारा दो टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध करायी गयी। टीबी यूनिट यूपीएचसी पुलिस लाइन के अन्तर्गत उपचाररत टीबी मरीज निशा पत्नी शंकर को गोद लेकर द्वितीय माह की पोषण पोटली प्रदान की गयी एवं टीबी मरीज मालती देवी को तीसरे माह की पोषण पोटली प्रदान की गयी। दोनों टीबी मरीजों को छह माह तक पोशण पोटली उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। आयुक्त द्वारा टीबी मरीजों के स्वास्थ्य एवं परिवार संबंधी जानकारी ली गयी और उन्हें अच्छे खान-पान व साफ-सफाई रखने की सलाह दी गयी। टीबी के बचाव के तरीकों के बारे में बताया।

# दादा ढोला ने नवाब को मार बंद करवाई थी कोला पूजन की कुप्रथा: बालिस्टर सांगवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 13वीं शताब्दी की हिंदू नारियों को कलानौर के नवाब के महल में कोला पूजन के लिए जाना पड़ता था। दादा ढोला सांगवान ने नवाब मुराद अली को मारकर इस कुप्रथा को बंद करवाया था। यह दावा मंगलवार को दादा ढोला की पुण्यतिथि पर हुए कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सांग. वान खाप के मुखिया बालिस्टर सांगवान ने बताया की । वह बुटाना गांव में स्थित दादा ढोला सांगवान के मंदिर में लगे मेले में पहुंचे। बालिस्टर सांगवान ने कहा कि दादा ढोला सांगवान का जन्म विक्रमी संवत 1334 में जिला सोनीपत के गांव माल सिंह सांगवान के घर माता राजदा की कोख से जन्म हुआ था उन्होंने यहां अपने खेतों में विक्रम संवत 13 52 में पशुओं को पानी पिलाने के लिए एक बहुत बड़ा तालाब भी बनवाया था। उनका निधन 1364 में हुआ। उन्होंने ठाठरथ के गौ हत्थे को तोड़कर अपने गौ भक्त होने का परिचय भी दिया था। इस मौके पर विनेश बाफर, जितेंद्र कलंजरी, भूपेंद्र, वकील जांजोकर रामदयाल, संकल पुट्टी, मोनू सांगवान, अजय सांगवान, अमित व सुमित हरेंद्र सांगवान अंकित सांगवान बबलू सांगवान आदि रहे।



# सैफी संघर्ष समिति ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** सैफी संघर्ष समिति के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन बाबर सैफी के आवास महलका में किया गया। समारोह में सैफी समाज में फैली कुरीतियों व दहेज प्रथा पर पूर्ण अंकुश लगाने का संकल्प दिलाया गया। समारोह की अध्यक्षता अमीरुद्दीन व संचालन इमरान सैफी ने किया।

बतौर मुख्य अतिथि पधारे सैफी संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसीन सैफी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करना सभी सभ्य लोगों की जिम्मेदारी है। प्रत्येक परिवार की जिम्मेदारी है कि अपने परिवार के बच्चों को शिक्षित करें। अगर कोई गरीब परिवार है तो उसकी आर्थिक सहायता की जाये। दहेज के बढ़ते नासूर को खत्म करने के लिए समाज




को जागरूक करना होगा व कन्धे से कन्धा मिलाकर चलना पड़ेगा। इस मौके पर महलका के बाबर सैफी को सैफी संघर्ष समिति का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान आरिफ प्रधान, अय्यूब सैफी, नफीस सैफी, अजीज सैफी, यामीन सैफी, मकसूद सैफी आदि रहे।

## जमीनी विवाद में युवक ने एसएसपी कार्यालय पर किया आत्मदाह का प्रयास

### पुलिसकर्मियों में मचा हड़कंप, मुश्किल से छीना लाइटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को एक जमीनी विवाद से परेशान युवक ने एसएसपी कार्यालय में आत्मदाह का प्रयास किया। जानी थाना क्षेत्र के सिसोला बुजुर्ग गांव निवासी महबूब ने खुद पर पेट्रोल छिड़क लिया। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उससे लाइटर छीन लिया। मामला तीन साल पुराना है। महबूब ने गांव के इसरार से 225 गज का प्लॉट 3.45 लाख रुपये में खरीदा था। इसरार ने 10 रुपये के स्टांप पर प्लॉट लिखकर गांव के प्रधान को गवाह बनाया था। महबूब ने प्लॉट पर निर्माण शुरू किया। इसी दौरान इसरार की पत्नी शमीम ने दावा किया कि प्लॉट की रजिस्ट्री उसके नाम है। उसने महबूब, उसके भाई सद्दाम और पिता याकूब समेत 8

- **जानी थाना क्षेत्र के सिसोला बुजुर्ग गांव का तीन साल पुराना है मामला**
- **तेल उड़ेलने वाले पीड़ित को कप्तान ऑफिस से थाना सिविल लाइन ले गई पुलिस**

लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करा दिया। महबूब का आरोप है कि तब से इसरार उसे परेशान कर रहा है और झूठे मुकदमे दर्ज करा रहा है। इसी परेशानी से तंग आकर महबूब पेट्रोल की बोतल लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचा। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे बचा लिया। फिलहाल सिविल लाइन थाना पुलिस महबूब से पूछताछ कर रही है।

## जाम लगाने वाले ग्रामीणों पर मुकदमा ग्रामीणों के साथ कप्तान से मिले कमलदत्त शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तीन दिन पहले मुंडाली थाना क्षेत्र के सिसौली गांव के देवी मंदिर में पशु अवशेष फेंकने के बाद इस प्रकरण में जाम लगाने वाले ग्रामीणों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसके विरोध में बुधवार को भाजपा नेता कमलदत्त शर्मा दर्जनों ग्रामीणों के साथ कप्तान से मिले। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और चौकी इंचार्ज ने मिलकर उनके ऊपर मुस्लिम संप्रदाय के लोगों से हमला कराया। इसके बाद निर्दोष ग्रामीणों के खिलाफ ही झूठा मुकदमा कायम कर लिया गया। कप्तान ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं। भाजपा नेता कमलदत्त शर्मा के साथ सिसौली गांव के रहने वाले दर्जनों ग्रामीण बुधवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे। गांव के रहने वाले अंकित, आकाश, अजीत, शगुन, गौरव, मनीष, सजल और आशुतोष ने बताया कि 9 मई को असामाजिक तत्वों ने गांव के देवी मंदिर में पशु अवशेष फेंक दिए थे। देखने में यह पशु अवशेष गोवंश के लग रहे थे।

जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। आरा. प है कि मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने ग्रामीणों के विरोध के बावजूद पशु अवशेषों के सैंपल भरे बिना जबरन उन्हें कब्जे में लेकर भिजवा दिया। घटना का विरोध कर रहे ग्रामीणों को पुलिस जबरदस्ती अपने साथ जीप में डालकर ले गई। इसके बाद ग्राम प्रधान प्रवीन तोमर और चौकी इंचार्ज सुमित उपाध्याय ने गांव के रहने वाले कई निर्दोष हिंदू युवकों पर मुस्लिमों से हमला करा दिया। हिंदू युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# युवक का एलानिया कत्ल, चचेरे भाई ने वारदात को दिया अंजाम

## जानी थाना क्षेत्र का है मामला, छुरी के किये कई वार, मिट्टी उठाने पर हुआ था झगड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जानी खुर्द के नंगलाकुंभा गांव में मंगलवार रात युवक का एलानिया कत्ल किया गया। चचेरे भाई ने ही युवक पर छुरी से वार किया और उसकी हत्या कर दी। दोनों के बीच खेत से मिट्टी उठाने पर झगड़ा हुआ था। इसका बदला हत्या कर लिया गया।

जानीखुर्द के गांव नंगला कुंभा में मंगलवार रात मारूफ (28) पुत्र रागिब की चचेरे भाई इस्माइल ने छुरी से वारकर एलानिया हत्या कर दी। दोनों के बीच शाम को खेत से मिट्टी उठाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस्माइल ने मारूफ को गांव पहुंचने पर हत्या करने की धमकी दी थी। पुलिस ने हत्यारोपी के पिता को हिरासत में ले लिया है। वारदात को अंजाम देकर भागे हत्यारोपी की तलाश में पुलिस जुटी है। दोनों पक्षों में तनाव के कारण गांव में पुलिस तैनात की गई है। मृतक मारुफ के परिजनों ने बताया कि मंगलवार दोपहर को दोनों लोग खेत में मिट्टी उठाने की बात पर झगड़े थे। तब चचेरे भाई इस्माइल ने मारूफ को खेतों में काम करते समय जान से मारने की धमकी दी थी, मगर उसने गंभीरता से नहीं लिया। गांव आते ही इस्माइल ने मारूफ की हत्या कर दी। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### घर के बाहर घूमते समय किया हमला

बताया जा रहा है कि मारूफ मंगलवार रात करीब नौ बजे खाना खाने के बाद अपने घर के बाहर घूम रहा था। इस दौरान उसका चचेरा भाई इस्माइल वहां आया। इसके बाद इस्माइल ने मारूफ पर छुरी से वार कर दिए। करीब आधा दर्जन वार कर इस्माइल मौके से भाग गया। शोर सुनकर घरवाले बाहर आए तो देखा मारुफ खून से सना बेहोश जमीन पर पड़ा था। उसे प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। मृतक मारूफ खेती के साथ-साथ भैंस पालने का काम भी करता था। वह अपने चार भाइयों में तीसरे नंबर का था।

### पुलिस कर रही आरोपी की तलाश

एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक पक्ष ने इस्माइल का नाम बताया है। उसे गिरफ्तार करने के प्रयास किया जा रहे हैं। उसके पिता यूनुस को हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। शव को पुलिस ने मोर्चरी भेज दिया है। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। जिससे दोनों पक्ष झगड़ा न कर सके।

## कम वोल्टेज कर रहे है परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर हो या देहात कम वोल्टेज से लोग परेशान हो रहे हैं। गर्मी के कारण ट्रांस्फार्मर गर्म हो रहे है जिसके बाद कुछ देर विद्युत सप्लाई को रोकना पड़ता है। इसी बीच लोगों की हालत खराब हो जाती है। बतादें कि विभाग के अधिकारी इस बारे में बोलने को तैयार नहीं है। उनका कहना बस इतना है कि अगर वह सप्लाई बंद नहीं करेंगे तो ट्रांस्फार्मर सप्लाई देना बंद कर देगा।



# सुप्रीम कोर्ट से ऊपर हुआ मेरठ का नगर निगम

## नगर निगम टीम ने निगम एक्ट को दिखाया ठेंगा, सफाईकर्मचारियों को नहीं उतार सकते नाले में



नाले में घुसकर सफाई करते कर्मचारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश के अंदर कोई भी बड़ा फैसला या अधिकारों से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचता है और उसमें कोई गाइडलाइन जारी होती है तो वह देश का बड़ा कानून बन जाता है लेकिन कुछ कानून सत्ता के सामने बोने साबित हो रहे हैं। नगर निगम मेरठ खुद अपने ही नगर निगम एक्ट को मानने को तैयार नहीं है और हठधर्मिता के चलते नगर आयुक्त और मेयर मानवता की सारी हदें पार कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार अब कोई भी कर्मचारी सफाई के लिए नाले के गंदे पानी में नहीं घुसेगा। यह साफ तौर से सुप्रीम कोर्ट की हिदायत है लेकिन उसके बावजूद मेरठ नगर निगम के अधिकारी और मेयर सफाई कर्मचारियों को नंगा करके नाले के गंदे पानी में डुबकी लगाने के लिए मजबूर कर रहे हैं और उन्हें डुबकी लगाकर नल की सफाई की बात कर रहे हैं जो कि पूरी तरह सुप्रीम कोर्ट और नगर निगम एक्ट के विरुद्ध है।

पूर्व पार्षद अब्दुल गफ्फार का कहना है कि मैनुअल स्कैवेंजर के रूप में रोजगार का निषेध और उनका पुनर्वास अधि. नियम, 2013 (एमएस अधि. नियम, 2013) मैनुअल स्कैवेंजर के रोजगार को प्रति. बंधित करता है, उनके पुनर्वास को अनिवार्य बनाता है और संबंधित मामलों को कवर करता है। यह 6 दिसंबर, 2013 को प्रभावी हुआ, जिसने भारत में मैनुअल स्कैवेंजिंग को एक निषिद्ध गतिविधि बना दिया। यह अधिनियम मैनुअल स्कैवेंजिंग को परिभाषित करता है और अस्वास्थ्यकर शौचालयों के निर्माण या रखरखाव के साथ-साथ सीवर और सेप्टिक टैंकों की खतरनाक सफाई में रोजगार को प्रतिबंधित करता है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार अधिनियम में स्पष्ट रूप से किसी भी व्यक्ति को मैनुअल स्कैवेंजर के रूप में नियुक्त करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। अधिनियम में विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जिनमें हाथ से मैला उठाने पर प्रतिबंध, अस्वास्थ्यकर शौचालयों के निर्माण या रखरखाव पर प्रतिबंध तथा हाथ से मैला उठाने वालों का पुनर्वास शामिल है और उसके बावजूद भी जानबूझकर ऐसा करने पर करावास और जुर्माना लगाने का प्रावधान है। सामाजिक न्याय एवं अधिका. रिता मंत्रालय ने अस्वच्छ शौचालयों और मैनुअल स्कैवेंजरों की स्थिति पर नजर रखने के लिए एक मोबाइल ऐप ''स्वच्छता अभियान'' भी शुरू किया है।

बुधवार को जिस वक्त नगर निगम की टीम नालों की सफाई करने पहुंची तो उन्होंने अपने सफाई कर्मचारियों के कपड़े उतरवाकर उन्हें नाले के गंदे पानी में डुबकी लगवाई और बुलडोजर में बिठाकर उन्हें नीचे उतारा। इस दौरान नाले के अंदर ट्यूब भी डाली गई ताकि वह डूब ना जाए क्योंकि यह नाला काफी गहरा है और इसमें गिरकर कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। इतना सब कुछ होने के बावजूद भी नगर निगम का यह काम न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ दिखाई दिया बल्कि नगर निगम एक्ट की भी धज्जियां उड़ाता रहा। पूर्व पार्षद अब्दुल गफ्फार का कहना है कि नगर निगम ने यह काम मानवता के खिलाफ भी किया है और सुप्रीम कोर्ट के अगेंस्ट जाकर यह बताया है की सत्ता में बैठे लोग सुप्रीम कोर्ट को क्या समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इस लड़ाई को मजबूती से लड़ेंगे और सफाई कर्मचारियों के अधिकारों के साथ-साथ कानून के न मानने वालों से इस मामले में बड़ा सवाल भी करेंगे।

## एसडीएम सरधना से की तालाब पर अवैध निर्माण की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** नगर पंचायत के नगर वासियों व भाकियू टिकैत के मंडल प्रचार मंत्री संजय दौरालिया ने उप जिलाधिकारी सरधना से तालाब पर अवैध निर्माण की शिकायत की थी। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए तहसील की टीम द्वारा तालाब पर अवैध निर्माण की पैमाइश के आदेश दिए गए थे। तहसील द्वारा नायाब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और तालाब पर बने अवैध निर्माण का जायजा लिया। तहसील दिवस के मौके पर संजय दौरालिया ने नगर वासियों के साथ जाकर फिर दोबारा से शिकायत की जिस पर उप जिला अधिकारी ने आदेश देते हुए बुधवार को टीम को मौके पर भेज कर पैमाइश कराई। इस दौरान संजय दौरालिया, भूपेंद्र सिंह, विवेक अहलावत, गुलवीर सिंह, अमित कुमार आदि नगर वासी मौजूद रहे।

## शराब बेच रहे सभासद के पिता को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना पुलिस ने नगर के मवाना स्टैंड के समीप सभासद के पिता को शराब बेचते रंगे हाथों पकड़ कर 35 पव्वे बरामद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। बाद में आरोपी को थाने से जमानत देकर छोड़ दिया। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभासद पति कपिल लोहरे के पिता सुरेंद्र लोहरे के मकान में अवैध शराब बेचने की शिकायत मिल रही थी। मंगलवार देर शाम को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर सुरेंद्र लोहरे को 35 पव्वे देशी शराब के साथ पड़कर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। बाद में आरोपी को थाने से जमानत दे दी गई है। पुलिस की इस कार्यवाही से नगर में अवैध शराब बेचने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## बेटी को बेचने की सूचना पर अलीगढ़ से मेरठ पहुंची मां

**■ शिव सैनिकों ने पीड़िता महिला की मदद कर दिलाया न्याय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टीपी नगर क्षेत्र में एक मामला सामने आया है जहां मुरादाबाद निवासी पीड़ित महिला ने अपनी पुत्री लक्ष्मी की शादी तकरीबन चार माह पहले रोहित गुप्ता निवासी थाना टीपी नगर क्षेत्र के नई बस्ती लल्लापुरा में की थी लेकिन दो से तीन दिन पहले लक्ष्मी की मां को अज्ञात नंबर से कॉल आई और कहा गया कि आपकी बेटी लक्ष्मी को बीस हजार रुपए में हमने खरीद लिया है, अब आप मेरठ आने की कोशिश मत करना यह बात सुनकर लक्ष्मी की मां परेशान हो गई और मेरठ पहुंच गई। यहां पीड़ित महिला ने शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे मेरठ इकाई से मदद मांगी। जिस पर अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मास्टर अजीज ठेकेदार ने पीड़ित महिला की मदद करते हुऐ शिव सैनिकों के साथ पीड़ित को लेकर एसएसपी ऑफिस पहुंचे जहां एसएसपी ने तुरंत एक्शन लेते हुए पीड़िता को थाना टीपी नगर भेज कर कारवाई के आदेश दिए। वहीं पीड़ित महिला ने एसएसपी साहब की बात सुन फूट-फूट कर रोने लगी और हाथ जोड़कर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर अध्यक्ष मोइनु अंसारी, वसीम ठेकेदार, पवन पर्चा, जूनियर अमिताभ बच्चन मुकेश शर्मा, सलीम चौहान, नदीम चौधरी, शाहनवाज आदि शिव सैनिक उपस्थित रहे।

## चेयरपर्सन ने नवनियुक्त एडीएम से विकास कार्यों को लेकर की चर्चा

### कस्बे के विकास कार्यों को लेकर पूर्ण सहयोग का मिला आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को लावड़ नगर पंचायत अध्यक्ष हज्जन आफताब ने नवनियुक्त एडीएम सत्यप्रकाश से उनके कार्यालय में पहुंचकर मुलाकात की और बुके देकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने साथ ही कस्बे में अधूरे पड़े विकास कार्यों के अलावा नए विकास कार्यों के बारे में गहनता से चर्चा की। चेयरपर्सन ने कस्बे में होने वाले नए कार्यों के बारे में भी अवगत कराया। इसके बाद एडीएम ने कस्बे में विकास कार्यों से संबंधित पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। वहीं चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने जानकारी देते हुए बताया कि वह हर समय कस्बे की तरक्की के लिए अग्रसर रहती हैं। उन्होंने बताया कि बीते दो वर्षों में जितना विकास कार्य उन्होंने कस्बे में कराया है पूर्व में किसी भी अध्यक्ष ने अपने पूरे कार्यकाल में नहीं कराया। उन्होंने कहा कि वह आगे भी जनता के लिए हर संभव विकास कार्य कराती रहेगी। इस दौरान चेयरपर्सन के साथ उनके पति हाजी शकील कुरैशी भी मौजूद रहे।

## चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना

### ताला तोड़कर लाखों की नकदी, सोने व चांदी के आभूषण किए चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया। चोरों ने नकदी व सोने चांदी की ज्वेलरी और मकान के कागज भी चुरा ले गए। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चूरू की तलाश शुरू कर दी। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के खजूर का पेड़ शौकत कॉलोनी में चोरों ने मकान में चोरी की वारदात अंजाम दिया। शौकत कॉलोनी निवासी सादिक बैंड बाजों के पार्ट्स बनाने का कार्य करते हैं पीड़ित सादिक के घर से चोरों ने डेढ़ लाख रुपए की नकदी और जेवरात चुरा लिए। सादिक मंगलवार शाम को अपने परिवार के साथ भूमियापुल स्थित भाई के यहां एक कार्यक्रम में गए थे। रात समय करीब 11:30 बजे जब वे घर लौटे, तो मकान का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सेफ अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था। चोर नकदी के साथ-साथ सादिक की दो बेटियों की शादी के लिए खरीदे गए सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान भी ले गए। पीड़ित परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिवार से पूछताछ की और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिवार ने एक पड़ोसी पर चोरी का संदेह जताया है। पुलिस ने जल्द ही वारदात का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

## जानी पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जानी खुर्द।** दो दिन पहले जानी थाना क्षेत्र के गांव जानी खुर्द में एक आरोपी एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाए और बाद में शादी से मुकर गया। वहीं पीड़ित के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया। जहां पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान युवती के साथ बलात्कार की घटना पाई गयी। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी हाशिम पुत्र जहीरूद्दीन निवासी जानी खुर्द को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर जेल भेज दिया।

## भक्तों ने किया लालदास बाबा का दुग्धाभिषेक

dkl hdykA मेवात के महान संत बाबा लाल दास महाराज के जन्मोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई। बुधवार को बाबा अनुयाईयों तालाब शाही स्थित मंदिर पर बुधवार को बाबा का दुग्धाभिषेक कर मेले की तैयारी शुरू कर दी गई। इस मौके पर पूरा मंदिर बाबा के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा। कमेटी के हरिओम गुप्ता, अनिल बिछोरिया ने बताया कि 14 जुलाई को रात्रि लगभग 8 बजे बाबा का 108 कुंडों के जल से स्नान कराया जाएगा। 15 जुलाई को सुबह यज्ञ तथा मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में जितेंद्र अग्रवाल एडवोकेट, अंकित गुप्ता, सौरभ बिछोरिया, देवेन्द्र गुप्ता, सार्थक, ओमप्रकाश गुप्ता, सुभाष बिसारती, अनिल, बिहारीलाल, मोनू अनंत, तुलसी अनंत, सुनील अनंत, निखिल गुप्ता, प्रेमचंद, मदन गोपाल आदि थे। लाल दास महाराज के जन्मोत्सव की तैयारी शुरू कोसीकलां। मेवात के महान संत बाबा लाल दास महाराज के जन्मोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई। बुधवार को बाबा अनुयाईयों तालाब शाही स्थित मंदिर पर बुधवार को बाबा का दुग्धाभिषेक कर मेले की तैयारी शुरू कर दी गई। इस मौके पर पूरा मंदिर बाबा के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा। कमेटी के हरिओम गुप्ता, अनिल बिछोरिया ने बताया कि 14 जुलाई को रात्रि लगभग 8 बजे बाबा का 108 कुंडों के जल से स्नान कराया जाएगा। 15 जुलाई को सुबह यज्ञ तथा मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## जग में मिले मृत मछलियों के अवशेष

**कोसीकलां।** थाना मार्ग पर टेलीफोन एक्सचेंज के समीप बुधवार को सुबह 10 बजे एक मिल्टन जग संदिग्ध हालत में मिलने से सनसनी फैल गई। वहां से गुजर रहे लोगों को जब जग से बदवू आती दिखी तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब जग को देखा तो उसमें कुछ मांस के टुकड़े दिखाई दिए। पुलिस ने पशु चिकित्सक को जग में रखे मांस के टुकड़ों की जांच कराई तो उसमे मरी हुई मछलियों के अवशेष कई दिन पुराने थे।

## नौचंदी मेला: पटेल मंडप में म्यूजिकल हास्य ड्रामा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रांतीय नौचंदी मेला पटेल मंडप मे म्यूजिकल हास्य ड्रामा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेला समिति सदस्यगण संजय जैन, सरबजीत कपूर, नरेन्द्र राष्ट्रवादी, नासिर सैफी, अंकुर गोयल, राकेश गौड़, नगर निगम इंस्पेक्टर जितेन्द्र अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।


**कथासार:** नाटक की शुरुआत राजा मास्टर से होती हैं, जो अपनी टेलरिंग कम्पनी को बंद करके ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में ड्रामा कंपनी खोल लेता है। जिसमे उसकी मदद उसका शागिर्द दिलेनादन करता है। कहानी में सारे किरदार नाटक के समय गायब हो जाते है और फिर राजा मास्टर इधर-उधर से रिक्शा वाले, पान वाली को पकड़ के ड्रामा करवाता है और अंत में सब गड़बड़ हो जाता हैं और राजा मास्टर कान पकड़ता हैं कि जो काम जिसको आये वहीं काम उसको करना चाहिए। लालच के पीछे नहीं भागना चाहिए।

सरिता यादव के निर्देशन में तैयार इस नाटक की कहानी एक दर्जी की है, जो अचानक निर्देशक बनने का फैसला करता है। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि व्यक्ति को अपनी क्षमता और अनुभव के अनुसार ही काम करना चाहिए। बृजेश चौबे, सरिता यादव, अनामिका, अभय, सनुज और धीरेन्द्र पाण्डेय ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से नाटक को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम मे कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर खूब हंसी के ठहाके लगवाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

## भाजपा नेता ने डीएम से टांडा से मसवासी आ रही हाई टेंशन लाइन को इंसुलोडेड में की परिवर्तन की मांग

**मसवासी/रामपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंत्री संदीप सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर अवगत कराया है कि टांडा से दड़ियाल होकर मसवासी पहुंच रही तैतीस हजार केवी लाइन में पेड़ों की टहनियों टकराने से ब्रेकडाउन हो जाता है जिससे मसवासी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति घंटो बाधित रहती है। भाजपा नेता शिकायत की है कि पेड़ों की टहनियों छाटने के लिए वन विभाग एन ओ सी नहीं देता है। जिससे मामूली हवा में एचटी लाइन के तार टहनियों से टकराते हैं और बिजली आपूर्ति घंटे के लिए बाधित हो जाती है जिससे क्षेत्र वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।




## बिहारीजी कॉरिडोर से प्रभावित सेवायतों को रुक्मिणी विहार में बसाने की योजना

**मथुरा।** वृंदावन में बिहारीजी कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों को बसाने की तैयारी जिला प्रशासन ने कर ली हैं। 275 प्रभावित परिवारों केब्लिए आवासीय योजना बनाने को रुक्मिणी विहार और सुनरख बांगर में जमीन का चयन मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया है, जहाँ फ्लैट बनाकर प्रभावित लोगों को मांग के अनुरूप उपलब्ध कराए जाने की योजना है। वृंदावन में श्रीबाँकेबिहारी जी के दर्शन को आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कॉरिडोर निर्माण की दिशा में जिला प्रशासन तेजी से आगे बढ़ रहा है। जहाँ एक तरफ प्रस्तावित कॉरिडोर के लिए करीब 5.5 एकड़ जमीन का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है तो दूसरी तरफ इससे प्रभावित परिवारों को बसाने की योजना भी तैयार कर ली गई है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि कॉरिडोर से प्रभावित भू स्वामियों को रुक्मिणी विहार या फिर सुनरख में बसने का विकल्प दिया जाएगा। इन दोनों ही स्थानों पर जमीन का चयन कर लिया गया है। चयनित क्षेत्र में आवासीय योजना के रूप में फ्लैट बनाए जाएंगे। यह कार्य मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि बिहारीजी कॉरिडोर के लिए चिन्हित जमीन अधिग्रहण से 275 भवन स्वामी प्रभावित हो रहे हैं, जिसमें 200 दुकान भी शामिल हैं। यहाँ प्रभावित इन सभी दुकानदारों को कॉरिडोर में दुकान आवंटित की जाएंगी। साथ ही सभी प्रभावित लोगों को जमीन और भवन के अनुसार मुआवजा भी दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि कॉरिडोर से प्रभावित होने वाले परिवारों को एक ही क्षेत्र में बसने का विकल्प भी दिया जाएगा। इसके लिए आवासीय योजना का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। बिहारीजी कॉरिडोर से प्रभावित परिवारों के लिए प्रस्तावित आवासीय योजना की जानकारी देते हुए मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि रुक्मिणी विहार आवासीय योजना में चार बड़े प्लाट इसके लिए चयनित किए गए हैं जहाँ वन और टू बीएचके 325–350 फ्लैट तैयार करने की योजना है। विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एस बी सिंह का कहना है कि आवश्यकता पड़ने पर आसपास के क्षेत्र में जमीन चिन्हित कर प्लेटो की संख्या और भी बढ़ाई जा सकती है।

## 6 दिन में 40 मेगावॉट खपत बढ़ी तापमान बढ़ने से हांफने लगे ट्रांसफॉर्मर

**कोसीकलां।** तापमान के बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत बढ़ गई है। लोड से ट्रांसफॉर्मर हांफने लगे हैं। मांग बढ़ने से बंच लाइन गर्म होकर जलने लगे हैं। टेललेस फ्यूज जलने की वजह से बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हैं। बुधवार को गुरूषगंज में 400 केवी का ट्रांसफॉर्मर फुंक गया, भीषण गर्मी में बिजली गुल होने से लोगों को दुश्वारियों से दो-चार होना पड़ा। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग में बेतहाशा वृद्धि हुई है। 6 मई को क्षेत्र में 250 मेगावॉट बिजली खर्च हो रही थी। नंदगांव रोड बिजली घर पर सभी फीडरों का लोढ 200 एंपियर से बढ़कर 300 एंपियर तक बढ़ गया है। पैना ट्रांसमिशन के अधिकारी ने बताया कि बुधवार को 290 मेगावॉट बिजली की खपत रही। अब तपिश और गर्म हवा के थपेड़ों की वजह से एसी, कूलर चलने से मांग बढ़ी है। बिजली की मांग बढ़ने से ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ रहा है, इससे लोकल फॉल्ट बढ़ गए हैं। वहीं, बंच लाइन गर्म होकर जलने से कई जगह पर फॉल्ट आए हैं। हरीपुरा उपकेंद्र से पोषित होने वाले बैंक कॉलोनी फीडर की आपूर्ति रातभर गुल रहने से लोग परेशान हो गए। बुधवार को दिनभर आपूर्ति गुल रही। गुरूषगंज में रखे 400 केवी ट्रांसफार्मर के फुंक जाने से सराफा बाजार, फरैटी बाजार, जैन गली आदि की आपूर्ति भंग हो गई। जिससे 150 उपभोक्ता परेशान हो गए। लोगों के घरों के इनवर्टर डाउन हो गए।

## बिजली की बदहाली से त्रस्त बैंक कॉलोनीवासी

**कोसीकलां।** शहर के वार्ड संख्या 2 स्थित बैंक कॉलोनी में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लगातार बिजली कटौती, ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या से स्थानीय निवासी दिन-रात परेशान हैं। भीषण गर्मी में छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की हालत बेहद दयनीय हो गई है। मंगलवार को कॉलोनी के दर्जनों महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज कराने स्थानीय बिजली घर पहुंचे। लेकिन वहां मौजूद अधिकारियों ने न तो कोई समाधान प्रस्तुत किया और न ही समस्याओं को गंभीरता से लिया। आरोप है कि शिकायत करने पहुंची महिलाओं के साथ कर्मचारियों ने अभद्र व्यवहार किया, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई हफ्तों से वे बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान हैं। रात के समय अघोषित कटौती और दिन में लगातार ट्रिपिंग से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर उचित कदम उठाने की मांग की है।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीआरपीएफ के सिपाही की बीमारी के चलते उपचार के दौरान मौत



मृतक का फाइल फोटो





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमीनगर सराय।** लुहारा गांव निवासी सीआरपीएफ के सिपाही विपिन कुमार 35 वर्षीय की बीमारी के चलते मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बुधवार सुबह सिपाही का शव गांव लाया गया, जहां सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सीआरपीएफ के सिपाही की मौत होने से गांव में शोक छा गया।

लुहारा गांव निवासी विपिन कुमार 2015 में सीआरपीएफ में सिपाही पद पर भर्ती हुए थे। उनकी तैनाती वर्तमान में दिल्ली के लोधी मार्ग स्थित निदेशालय में चल रही थी। बताया कि दो दिन पहले विपिन कुमार को पेट में दर्द होने की समस्या हुई। इस पर परिजनों ने उन्हें मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया। दो दिन मेरठ के अस्पताल में उपचार के बाद सिपाही विपिन कुमार की मौत हो गई। सीआरपीएफ के सिपाही की मौत की सूचना परिजनों ने मुख्यालय पर दी। इसका पता चलने पर सीआरपीएफ के जवान तिरंगे में लिपटा हुआ शव लेकर लुहारा गांव पहुंचे, जहां सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सिपाही विपिन कुमार के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल था। मासूम बेटा पापा-पापा कहकर रोता रहा।

## जलभराव से वार्डवासी परेशान, गली से निकलना दुश्वार हुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** वार्ड सेवा नगर में पिछले दो वर्षो से जलभराव के चलते लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। वार्ड के लोगो ने वीडियो वायरल कर जलभराव से निजात दिलाने की मांग की है।

रटौल में वार्ड सेवा नगर में जलभराव के चलते लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड निवासी जान मौहम्मद ने बताया कि वार्ड में पिछले दो वर्षो से जलभराव की समस्या बनी है जिस कारण वार्ड के लोगो को बीमारी का खतरा बना हुआ है। वही जलभराव के कारण लोगो को गदें पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है जिससे लेकर लोगो ने शोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कल उप जिलाअधिकारी से जलभराव की समस्या से निजात दिलानें की मांग की है। वही महिलाओं ने भी प्रदर्शन करते हुए जलभराव की समस्या दूर कराने की मांग की है। उधर ईओ विरज सिंह त्रिपाठी ने बताया कि सेवा नगर में जहा जलभराव है ये तालाब में बने मकान है जिस कारण जलभराव बना हुआ है। जल्द समस्या को दूर किया जायेगा।

## भीषण गर्मी व लू के कहर से लोग घरों में हुए कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते सड़के भी सुनसान नजर आ रही है। वहीं बिजली की आंख मिचौली खेल भी चल रहा है। विद्युत विभाग के दावे भी फेल हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र तक बिजली की आंख में मिचोली का खेल हो रहा है जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है वैसे-वैसे ग्रामीण क्षेत्र व कस्बे में बिजली की आंख मिचौली भी शुरू हो रही है। अधिक बिजली गुल होने से क्षेत्र के लोग परेशान नजर आ रहे हैं दिन में तीन-चार घंटे की कटौती रात में तीन-चार घंटे की कटौती विद्युत विभाग की तरफ से हो रही है। भीषण गर्मी के चलते लोगों के शरीर से पसीना चु रहा है। हर कोई गर्मी से बेहाल है। घरों में लगे इनवर्टर बैट्रे भी फेल हो रहे हैं। एनसीआर क्षेत्र बडौत में इस समय हिट वेव का रेड अलर्ट जारी है। आज का तापमान लगभग 45 डिग्री के पार पहुंच गया है तो फिर 12बजे से 3 बजे के बीच घर से ने निकालने की अधिकारी भी लोगों को सलाह दे रहे हैं। सभी लोग धूप से बचने के लिए अपने सर के ऊपर सूती कपड़ा ढीले वस्त्र पहन कर चल रहे हैं। सड़कों पर मुसाफिर अधिक पानी जूस आदि का इस्तेमाल कर रहे हैं बल्कि इस समय अधिक गर्मी होने से व्यापारियों और दुकानदारों को

## पेंशन धारकों को एक-एक पौधा अवश्य दिया जाए:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण, जिला गंगा समिति तथा जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल औपचारिकता न बनकर एक स्थायी पर्यावरणीय सुधार का माध्यम बनना चाहिए शासन द्वारा जनपद बागपत को 1370100 पौधारोपण करने का लक्ष्य दिया गया है। इसके यात्री श्रम विभाग को 15000 स्वास्थ्य विभाग को 10000 के अतिरिक्त आयुष खाद चीनी उत्तम महिला एवं बाल कल्याण विभाग दिव्यांगजन सदस्य कारण युवा कल्याण को वृक्षारोपण की जिम्मेदारी दी गई है। डीएफओ द्वारा बताया गया कि सहजन का पौधा लगाया जाना प्राथमिकता होगा। जनपद में एक पेंशन एक पौधा अभियान भी चलाया जाएगा। जिलाधिकारी निर्देश है कि जितनी पेंशन धारक है उन्हें एक-एक पौधा दिया जाए। बैठक में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं को ट्री गार्ड लगाने का लक्ष्य सौंपा गया, ताकि लगाए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके उन्होंने कहा कार्यदाई संस्था ट्रीगार्ड संबंधित सूचना नोडल विभाग पीडब्ल्यूडी को उपलब्ध कराये। उन्होंने निर्देशित किया की पौध जितना लगाना जरूरी है उतना ही उनकी देखरेख और संरक्षण पर भी जोर दिया जाए। डीएफओ (वन अधिकारी) राजेश कुमार ने बताया कि जनपद की ऐसी सड़कों का चयन किया जा रहा है जहाँ आवागमन अधिक होता है, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग की सड़कें। उन्होंने कहा कि इन मार्गों के किनारे एक सुंदर और हरा-भरा दृश्य प्रस्तुत करने के लिए पौधारोपण योजनाबद्ध रूप से किया जाएगा। जिला अधिकारी ने पुरानी साइडों पर भी वन विभाग को फोटो उपलब्ध कराए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में प्लास्टिक के प्रति अभियान चलाया जाए। कोई भी व्यक्ति प्लास्टिक का उपयोग ना करें। यमुना नदी, हिंडन नदी को प्रदूषण ना किया जाए के संबंध में अधिशासी अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिला गंगा प्लान बागपत को तैयार कर उसकी कार्य योजना बनाए जाने के लिए सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पंचायत राज व कृषि विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



## एक नजर

### राजस्व विभाग की टीम ने जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** सांकरौद गांव में यमुना खादर क्षेत्र से अवैध कब्जा हटा दिया गया है। खेकड़ा तहसील की राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। टीम ने पहले जमीन की पैमाइश कराई। गांव के एक व्यक्ति ने दो हेक्टेयर जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। इस जमीन पर गन्ने की फसल बुआई की गई थी। राजस्व विभाग की टीम ने ट्रैक्टर और रोटावेटर की मदद से अवैध कब्जे को हटा दिया। खेकड़ा एसडीएम ज्योति शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई व्यक्ति इस जमीन पर दोबारा कब्जा करने का प्रयास करेगा, तो उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह जमीन अब वन विभाग को सौंपी जाएगी। वन विभाग इस जमीन पर पौधारोपण करेगा।

### प्रेमी ने शादी करने से किया इन्कार पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** सिंघावली थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक युवती ने एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि जब वह 14 साल की थी, तब एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग हुआ।

युवक ने शादी का वादा करके 4 साल तक उसका यौन शोषण किया। अब जब पीड़िता बालिग हो गई है और उसने शादी की बात की, तो युवक ने इनकार कर दिया। पीड़िता को जानकारी मिली कि युवक ने दूसरी लड़की से सगाई कर ली है। पीड़िता ने बताया कि उसने युवक के परिवार से भी संपर्क किया। कई महीने तक वह उनके घर गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। युवक ने उससे सभी संपर्क तोड़ लिए हैं। अब पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता का कहना है कि पुलिस को आरोपी पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। यह कार्रवाई एक नजीर बने जिससे ऐसा कोई भी युवक किसी लड़की का जीवन बर्बाद ना कर सके। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

### ताराचंद मार्केट वाली गली बनी नशेड़ियों का अड्डा, पुलिस मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर दिल्ली बस स्टैंड के निकट नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के पास ताराचंद मार्केट वाली गली नशेड़ियों का अड्डा बन कर रह गई है। दुकानदारों ने कहा कि चंद दूरी पर पुलिस चौकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

बताया गया कि सुबह 10 बजे से शाम को 4 बजे तक इस गली में नशेड़ियों का अड्डा बन जाता है। दुकानदारों का कहना है कि कई बार पुलिस प्रशासन को भी अवगत कराया गया मगर आज तक भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। मार्केट के दुकानदारों में नशेड़ियों से छुटकारा दिलाए जाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। इस गली में सुबह से शाम तक नशा करने वालों की भीड़ लगी रहती है जिससे यहां आम आदमी और बहू बेटियों का मंदिर से गुजरा मुश्किल हो जाता है। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में सुबह-शाम मंदिर के पुजारी के अलावा श्रद्धालुओं का भी आवागमन रहता है। इससे पूर्व में भी मंदिर के पुजारी के साथ नशेड़ियों का झगड़ा हुआ था। मंदिर के आसपास कई दर्जन दुकान खाली पड़ी हुई है। इन खाली दुकानों के पास नशेड़ियों की सुबह शाम भीड़ रहती है। कुछ आसपास के दुकानदार भी नशे के कारोबार में लिप्त है। दुकानों पर नशे का सामान भी मिलता है दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि सिविल वर्दी में पुलिस भेज कर आसपास की दुकानों से नशे की चीज खरीदने का काम किया जाए। इस संबंध में कहीं दुकानदारों का कहना है कि दुकान पर सामान नशे का काम मिलता है नशे का कारोबार करने वाले मार्केट के आसपास घूमते रहते हैं जिनका नशेड़ियों को पता रहता है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षतिग्रस्त प्रतिमाओं को बनवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अमीनगर सराय कस्बे में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और फिरोज गांधी की प्रतिमाओं की दुर्दशा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अपनी समस्या से अवगत कराते हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि दोनों प्रतिमाएं पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस मुद्दे को कई बार उठाया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रतिमाओं की स्थिति पर किसी अधिकारी का ध्यान नहीं है। इससे क्षेत्र में निराशाजनक माहौल बना हुआ है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रतिमाओं का समय पर जीर्णोद्धार होने से न केवल समाज में एक अच्छी पहल होगी, बल्कि पूर्व नेताओं को उचित सम्मान भी मिलेगा। अधिकारियों ने प्रतिमाओं के जीर्णोद्धार का आश्वासन दिया है।

## महिला जनसुनवाई में महिला आयोग सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में तहसील-बागपत में महिला जनसुनवाई की गई जिसमें 8 शिकायतें प्राप्त हुई। प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से यह महिला जनसुनवाई कार्यक्रम बागपत तहसील में आयोजित किया गया।

## प्रत्येक व्यक्ति को घरों में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए: सुभाष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में चौधरी 84 देशखाफ़ ब्राह्मण समाज सुभाष चन्द भरद्वाज ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि गांव और शहर में प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और अपने खेतो में अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए जाने चाहिए ताकि पर्यावरण को बचाने के लिए हमें जीवन में पौधारोपण करना चाहिए। पेड़ पौधे लगाना हमारे लिए बहुत जरूरी है।

वातावरण में पेड़ पौधों से शुद्ध वायु जीव जंतु पशु पक्षी ओर प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध हवा मिलती है। सभी जीव जंतु को आक्सीजन मिलती है जो हमारे स्वास्थ के लिए लाभदायक है क्योंकि पेड़ पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके जलवायु में परिवर्तन कर देते है और जैव विविधता बढ़ती है। पेड़ से वन्य जीवों और पक्षियों को आवास मिलता है और सभी जीव जंतु ओर व्यक्तियों को शुद्ध वातावरण व दवाईया प्राप्त होती हैं जो हमारे स्वास्थ के लिए लाभदायक है। पेड़ पौधे औषधीय से गुणों से भरपूर होते हैं जो विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए सहायक होते हैं। पौधारोपण हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए ताकि हम स्वास्थ और और खुशहाल जीवन बना सके जल भी हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। उसे दूषित न करें उसका सही तरह से उपयोग करे और समाज के सभी थांबे चौधरी और गणमान्य व्यक्ति इस कार्य में सहयोग करें और गांव गांव जाकर पेड़ पौधे लगाने के इस अभियान को सफल बनाये उन्होंने सभी लोगों से मीडिया के माध्यम से आहवान किया। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक पौधारोपण आवश्यक करना चाहिए। अगर आज हम खुले में सांस ले रहे हैं तो यह सब हमारे पेड़ पौधों की देन है।

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का आम जनमानस को मिले लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए कटिबंध है जिसके क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बुधवार को सीएम डैशबोर्ड संबंधित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मई माह में जिस तरीके से अधिकारियों ने तत्परता के साथ कार्य किया है इसे और बेहतर किया जाए। सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यो में जनपद बागपत की प्रदेश में दसवीं रैंक प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि टॉप 10 की सूची से जनपद का नाम नीचे नहीं आना चाहिए जिन विभागों के ग्रेडिंग सिस्टम में अभी भी लापरवाही है उन्हें सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो परियोजनाएं चल रही है उनमें गतिशीलता लाई जाए और उन्हें जल्द हैंडोवर किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम आदमी लाभान्वित होना चाहिए। उन्होंने संबंधित विभाग को यह भी निर्देश दिए की किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना अनुमति लिए अधिशासी अभियंता सिंचाई मुकेश कुमार बैठक में अनुपस्थित रहे जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उनकी कार्य शैली संतोषजनक नहीं है जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के अंतर्गत उन्होंने आवास योजना सत्यापन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा इसे गंभीरता से देखा जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, जिला विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## पं.बिस्मिल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया नमन



**बागपत।** बुधवार को राष्ट्र वदना चौक पर पं.बिस्मिल की जयंती के अवसर पर मूर्ति पर रालोद नेता ने माल्यार्पण कर उनको नमन किया और क्रान्तिकारियों के बलिदान को याद किया।

## बालिका आवासीय संस्कार शोधक शिविर हुआ संपन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के द्वारा आयोजित बालिका आवासीय संस्कार शोधक शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मंत्री रवि शास्त्री ने कहा नारी समाज का आभूषण है। वर्तमान परिपेक्ष में शिविरो की महत्ता बढ़ गई है। बेटियां दो घरों का उजाला होती है। संस्कारित बेटियां राष्ट्र का निर्माण सुंदर ढंग से कर सकती है। शिविर करने वाली बेटी कभी जीवन में आत्महत्या नहीं करेगी। शिविर की शिक्षा बेटियों के लिए अस्त्र का काम करेगी जीवन जीने की कला शिविर के माध्यम से सीखी जा सकती है।

आहार के विषय में भी विस्तार से शिविर में ज्ञान कराया जाएगा। इस अवसर पर हरि सिंहआर्यदिल्ली, धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य, मुकेश विद्या अलंकार, सविता आर्या, पिंकी आर्या, उदय मुनि, हरेंद्रआर्य, धर्मेंद्रआर्य, दीपकआर्य, राम आर्य, यशवीर आर्य, राजपाल आर्यआदि उपस्थित रहे।

## प.राम प्रशाद बिस्मिल की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महान क्रान्तिकारी काकोरी काण्ड के हीरो अमर शहीद प.राम प्रशाद बिस्मिल की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बागपत के राष्ट्र वन्दना चौक पर अमर शहीद प.राम प्रशाद बिस्मिल तथा क्रान्तिकारी अशफाक उल्ला खां की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण नमन किया गया। वात्सायन पैलेस में आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष कुंवर महासिंह चौहान ने कहा कि आजादी के पुरोधाओं के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कोषाध्यक्ष राकेश मोहन गर्ग ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की क्रान्तिकारी धारा के प्रमुख सैनानी पखराम प्रसाद बिस्मिल आजादी के भवन की नीव थे। वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के जिला संयोजक देवेन्द्र आर्य एडवोकेट ने कहा कि 11जून 1897को उत्तर प्रदेश के शाहजहांनपुर में जन्मे प.रामप्रशाद बिस्मिल आर्य समाज और महर्षि दयानंद सरस्वती से प्रेरणा लेकर आजादी की लड़ाई में कूदे थे। वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य करना चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष शिक्षाविद कुंवर महासिंह चौहान, कोषाध्यक्ष राकेश मोहन गर्ग, राष्ट्र वन्दना मिशन के जिला संयोजक देवेन्द्र आर्य एडवोकेट, पूर्व प्रधानाचार्य नरेश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा मैनेजर, मान सिंह पाल, विजय आदि रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अक्षय से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

विजयपाल पुत्र सरदारे निवासी ग्राम सांकरौद तहसील खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र उवेश से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

इन्तजार पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी मौहल्ला मुगलपुरा कस्बा बागपत थाना व तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरी पत्नि व पुत्रो का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पत्नि रूबी व पुत्र रवि तथा अर्जुन से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

रविन्द्र पुत्र मांगेराम निवासी पट्टी मैनमाना कस्बा टीकरी थाना दोघट जनपद बागपत।

# शहर में गंदगी देखकर भड़की एसडीएम

## सड़कों पर कीचड़ व नालों में गंदगी को लेकर एसडीएम ने कर्मचारियों को किया तलब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मानसून से पहले नगर में नालो और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर सदर एसडीएम इला प्रकाश ने क्षेत्र में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में सड़कों पर कीचड़ और नालों में अटकी गंदगी को लेकर सदर एसडीएम इला प्रकाश ने नगर पालिका के अधिका. रियों को जमकर फटकार लगाई और दो दिन में नालों की सफाई के साथ साथ क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

मानसून से पहले नालो की साफ सफाई और शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर बुधवार को सदर एसडीएम इला प्रकाश ने शहर के मुख्य मार्गों, मुख्य बाजारों गोल मार्किट, रेलवे रोड का निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़कों पर जगह-जगह कीचड़ और नालों में अटकी गंदगी को देख एसडीएम ने कड़ी नारा. जगी जताई। एसडीएम ने मौके पर ही संबंधित सफाई निरीक्षक और अभियंता को फोन पर तलब कर जवाब तलब किया। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बारिश से पहले नालों की सफाई न कर पाना पालिका की गंभीर लापरवाही है। यदि दो दिन में सफाई कार्य पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाब. देही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगरवासी गंदगी और जलभराव से परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ फाइलों में कार्रवाई दिखा रहे हैं। एसडीएम ने यह भी चेताया कि गंदगी और जलजमाव से मच्छरों का प्रकोप और संक्रमण रोगों का खतरा बढ़ रहा है। समय रहते सफाई अभियान नहीं चलाया गया, तो स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बड़े स्तर पर अभियान चलाकर जिम्मेदारों के खिलाफ जुर्माना व वसूली की जाएगी।



# संदिग्ध परिस्थितियों में चुन्नी से लटका मिला महिला का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार की सुबह थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव भड़ंगपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 30 वर्षीय विवाहिता का शव घर के दरवाजे के गेट पर चुन्नी से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और पुलिस पूरे मामले की जाँच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार मृतका नंदनी का पति दीपक कुमार मध्यप्रदेश में एक फैक्ट्री में कार्यरत है। नंदनी अकेले गांव में रहती थी। जबकि उसका पति मध्य प्रदेश में स्थित एक फैक्ट्री में काम करता है। बुधवार की सुबह को ग्रामीणों ने नंदनी का शव चुन्नी से लटका देखा। ग्रामीणों ने मामले की सूचना बाबूगढ़ पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दीपक और नंदनी की शादी को तीन वर्ष हो चुके थे और दोनों की यह दूसरी शादी थी। दंपति का कोई संतान नहीं थी, और दीपक के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। नंदनी की मौत की



# चार दिन से लापता युवक का नाले में मिला शव, जाँच में जुटी पुलिस

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के तगासराय गूली में मंगलवार की शाम नाले में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवाया। मंगलवार की शाम तगासराय गूली के कुछ लोगों ने नाले में एक युवक का शव देखा। नाले में शव देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से निकलवाया और शिनाख्त शुरू की। मृतक की शिनाख्त नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तगासराय निवासी वरुण शर्मा के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक वरुण शर्मा एक क्रॉकरी की दुकान पर काम करता था और शराब का आदी था। मृतक पिछले चार दिनों से घर से गायब था। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण पता चल सकेगा।



# अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना सिम्भावली पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किया है।

थाना सिम्भावली प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर तिराहे पर चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ हैं। जिसके बाद पुलिस युवक को थाने लें आई। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान खालिद पुत्र गौहरुद्दीन निवासी गांव टोडरपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि बदमाश की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## एक नजर

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जीएस आयुर्वेद महाविद्यालय ने किया औषधीय पौधों का रोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की ओर अग्रसर होते हुए जीएस आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल, हापुड़ ने हरित योग अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न ग्रामों में औषधीय एवं फलदार पौधों का व्यापक स्तर पर रोपण किया। यह अभियान 5 जून से 11 जून तक चला और इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में औषधीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम के संयोजक डा. घनश्याम वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदी बेन पटेल द्वारा निर्देशित 10 बिंदुओं और NCISM नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के दिशानिर्देशों के अनुरूप चलाया गया। इस दौरान जटपुरा, मकीमपुर, अमीपुर, नागोला अमीपुर एवं हैदरनगर जैसे गांवों में आंवला, बेल, अर्जुन, नीम, कड़ीपत्ता और गिलोय जैसे औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। जीएस विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. डा. यतीश अग्रवाल ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि हरित योग अभियान के तहत लगाए गए पौधे न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देंगे, बल्कि भविष्य में यह गांवों की औषधीय आवश्यकताओं को भी पूरा कर, ग्रामीण स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होंगे। इस अवसर पर स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अतुल शंकर सरोकते ने अभियान की सफलता में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों और संस्थानों का आभार प्रकट किया। उन्होंने विशेष रूप से कुलपति प्रो. डा. यतीश, महाविद्यालय की प्रबंध निदेशक सोनाली शर्मा, प्राचार्या प्रो. डा. भावना सिंह, पिंटू सिंह तथा सभी सक्रिय स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने मारपीट की घटना में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

देहात थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि मारपीट की घटना में फरार चल रहे आरोपी यश पुत्र पवन कुमार निवासी मोहल्ला अम्बेडकर नगर थाना हापुड देहात जनपद हापुड़ को मोहल्ला अम्बेडकर नगर के पास से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

### महिला से दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

देहात थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि महिला से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी ललित पुत्र जगदीश निवासी ग्राम सिकन्दरपुरा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ को पटना मोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुट गई है।

### सवारी बनकर ऑटो चालक से लूट करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने ऑटो में सवारी के रूप में बैठकर ऑटो चालक का मोबाइल लूटने की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल व दो अवैध चाकू बरामद किए है। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड पुलिस ने ऑटो में सवारी के रूप में बैठकर ऑटो चालक का मोबाइल लूटने की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपी सचिन उर्फ जग्गा पुत्र सौराज निवासी गली नम्बर- मोहल्ला सिद्धार्थनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड और बादल पुत्र अनिल निवासी गली नम्बर 12 गणेशपुरा थाना हापुड नगर जनपद हापुड़ को दिल्ली रोड शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से लूटा गया वीवो कंपनी का मोबाइल फोन व दो अवैध चाकू बरामद हुए है।

# व्यापारियों को दुकानों की व्यवस्था करे नगर पालिका परिषद : शंखधार

( इकरार हुसैन )

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने उपजिलाधिकारी मिलक को पत्र देकर अवगत कराया है कि नगर पालिका परिषद मिलक क्षेत्र में नेशनल हाईवे के किनारे बनी कुछ दुकानें जो कि कई दशकों पूर्व नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा दुक. ानदारों से कुछ निर्धारित धनराशि जमा कराकर उनको आवंटित की गई थीं और उन सभी दुकानदारों से नगर पालिका परिषद मिलक प्रति माह किराया भी वसूल करती आ रही है। वर्तमान समय में कुछ ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है कि नेशनल हाईवे के किनारे बनी हुई दुकानें जो कि नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा निर्माण कराकर आवंटित की गई थीं उनमें से अधिकांश दुकानें नेशनल हाईवे की जद में आ रही हैं और उनका ध्वस्तिकरण कराया जाएगा। जिससे अधिकांश दुक. ानदार बेरोजगार हो जाएंगे और उनकी रोजी रोटी पर संकट उत्पन्न हो जाएगा। उक्त के सम्बन्ध में हमारे संगठन का एक सुझाव है जिसे अगर अमल में लाया जाए तो नगर पालिका परिषद मिलक की आमदनी भी निरंतर जारी रहेगी और नगर पालिका परिषद मिलक की भूमि भी सुरक्षित रहेगी तथा दुक. ानदारों का व्यापार भी निरंतर जारी रहेगा। इसके लिए नगर पालिका परिषद मिलक के मोहल्ला असदुल्लापुर में कुल 23 स्थानों पर बंजर भूमि है जो कि लगभग 19 बीघा से अधिक है। तथा खतौनी के अनुसार किसी भी गाटा संख्या पर कोई भी विवाद नहीं चल रहा है।



# कांग्रेसियों ने मनाई स्वतंत्रता सैनानी रामप्रसाद की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को जिला व शहर कांग्रेस जनों ने दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर एकत्रित होकर महान स्वतंत्रता सैनानी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती मनाई। इस दौरान कांग्रेस जनों ने पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। पंडित रामप्रसाद बिस्मिल को याद करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी रामप्रसाद जाटव ने कहा कि रामप्रसाद बिस्मिल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की क्रान्तिकारी धारा के एक प्रमुख सेनानी थे, जिन्हें 30 वर्ष की आयु में ब्रिटिश सरकार ने फाँसी दे दी। वे मैनपुरी षडडन्त्र व काकोरी-काण्ड जैसी कई घटनाओं में शामिल थे तथा हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसो. सिएशन के सदस्य भी थे। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि रामप्रसाद बिस्मिल एक कवि, शायर, अनुवादक, बहुभाषाभाषी, इतिहासकार व साहित्यकार भी थे। बिस्मिल उनका उर्दू तखल्लुस

# 11 वर्षों की केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर भाजपा ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रीत विहार जिला कार्यालय पर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय,पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के सदस्य विधान परिषद अश्वनी त्यागी ने सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को मीडिया के समक्ष विस्तार से प्रस्तुत किया। अश्वनी त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने न सिर्फ अपनी सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि वैश्विक मंचों पर भारत माता की जय के नारे भी गूंजने लगे हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों ने पूरी दुनिया को भारत की रणनीतिक शक्ति और संप्रभुता का संदेश दिया है। त्यागी ने बताया कि एक समय देश के 96 जिले नक्सल प्रभावित थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की निर्णायक नीतियों और सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्रवाई के चलते अब इसमें करीब 70% की कमी आई है। उन्होंने इसे विकास आधारित सुरक्षा नीति की जीत बताया। प्रत्येक दिन 34 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे के क्षेत्र में भी क्रांति आई है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक परियोजना और श्रीराम मंदिर अयोध्या जैसे प्रोजेक्ट अब सपनों से निकलकर हकीकत बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत की संस्कृति और आस्था की पुनर्परिभाषा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिला है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, जिला प्रभारी सतपाल सैनी, विधायक हरेंद्र तेवतिया, जिला महामंत्री मोहन सिंह, पुनीत गोयल, तथा जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ सहित पार्टी के कई पदा. धिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर शांति भंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन कराये जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में थाना सैफनी पुलिस ने पति पत्नी के झगड़े में शान्ति भंग में अभियुक्त नादिर हुसैन उर्फ बब्लू पुत्र हामिद नि.मौ. घेर कस्बा व थाना सिरौली जिला बरेली हाल निवासी मौहल्ला गुलाबनगर कस्बा व थाना सैफनी जनपद रामपुर उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार कर अभियुक्त को न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट शाहबाद जनपद रामपुर पेश किया गया।

# बिजारखाता में हुआ अतिक्रमण चिन्हित अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप



**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत नरपत नगर के बाद अब बिजारखाता में भी मार्ग चौड़ाइकरण के लिए अतिक्रमण चिह्नित किया गया है इस दौरान निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ स्थानीय अधिकारी भी मौजूद रहे अतिक्रमण चिह्नित कर देने से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। बुधवार को निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ स्वार जिलाधिकारी अमन देओल क्षेत्रअधिकारी अतुल कुमार पांडे कोतवाल प्रदीप मलिक चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ बिजारखाता पहुंचे और मार्ग के दोनों और निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने पुलिस की मौजूदगी में नापतोल की ।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत डीपीआरसी का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केन्द्र डीपीआरसी द्वारा जनपद के विकास भवन स्थित सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी पंचायत विकास सूचक. ांक पीडीआई, मॉडल ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों और मीडियाकर्मियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम एवं जिला विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी शिव बिहारी शुक्ला ने पंचायती राज व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी साझा की। प्रशिक्षण के दौरान राज्य प्रशिक्षक पिंकी शर्मा ने सतत विकास के लक्ष्यों एसडीजी के स्थानीयकरण पर प्रकाश डाला। वहीं मास्टर ट्रेनर सुशील कुमार शर्मा ने LSDG-09 थीम व थीमेटिक GPDP पर विस्तार से जानकारी दी। जिला प्रोजेक्ट मैनेजर मुनीब ने पंचायत विकास सूचकांक के नए नाम पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स तथा स्वयं के संसाधन के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ फैकल्टी डा. दीपक सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, प्रशिक्षकगण तथा प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी को धन्यवाद दिया गया।

**NOTICE**

That my earlier Name was Niti Gautam but Now my Name is Neeti Gautam. Now on in future I should be known by the Name of Neeti Gautam.

Neeti Gautam w/o Pradeep Gautam R/o 825, Shambhupura, delhi Road Hapur.

# सड़क दुर्घटना में न्यायलय ने चालक को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2011 में आरोपी अमित त्यागी द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर एक लड़के की सड़क दुर्घटना में मृत्यु की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना सिम्भावली पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में बुधवार को न्यायालय द्वारा अमित त्यागी पुत्र सतपाल त्यागी निवासी राजा याकूबपुर थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्धनगर को जुर्म इकबाल के आधार पर न्यायालय उठने तक की सजा तथा 4500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# कच्छा-बनियान गिरोह के तीन सदस्य दबोचे

## सरगना समेत चार बदमाश हुए फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नौगावां सादात पुलिस व एसओजी और सर्विलांस टीम ने मंगलवार रात डकैती की योजना बना रहे कच्छा बनियान गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह सभी क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर के जंगल में एक बाग में छिपे हुए थे। चेकिंग के दौरान बाग में कुछ संदिग्ध लोग दिखाई दिए, जिसके बाद घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। तलाशी में बदमाशों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद हुई है। तीनों बदमाश अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र में लगातार डकैती, लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस के लिए चुनौती बने थे। हालांकि, घेराबंदी के दौरान गिरोह के सरगना समेत चार बदमाश भागने में कामयाब रहे। पुरानी कई घटनाओं को खुलासा करने के बाद पुलिस ने चालान कर तीनों बदमाशों को जेल भेज दिया है।

बुधवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस कार्यालय सभागार में तीन बदमाशों की गिरफ्तारी का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 25 मई की रात गांव सैदपुर में किसान बाबू के घर में लूट की वारदात हुई थी। कच्छा-बनियान पहनकर घुसे बदमाशों ने विरोध करने पर परिवार के कई लोगों पर बेरहमी से



पीटकर घायल किया था। बदमाश यहां से नकदी के अलावा करीब सवा लाख रुपये कीमत के जेवरात लूटकर फरार हुए थे। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य गांवों में चोरी की वारदातें लगातार हो रही थीं। बदमाशों को दबोचने के लिए थाना पुलिस के अलावा एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया था। इसी कड़ी में मंगलवार रात प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार एसओजी और सर्विलांस टीम के साथ क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर के जंगल में चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान पुलिसकर्मियों की नजर पास में ही एक आम के बाग में खड़े संदिग्ध लोगों पर पड़ी। बदमाश होने के शक पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीन लोगों को दबोच लिया जबकि चार लोग मौके देखकर भाग गए। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम नाजिम उर्फ टाइगर, दानिश उर्फ चच्चा निवासी मोहल्ला तुर्तीपुरा थाना नखासा जिला संभल, डॉलर उर्फ अहमद निवासी गांव आदमपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद बताया। वहीं, मौके से भागे बदमाशों के नाम ताहिर, जोन, शोएब उर्फ लंबू निवासी रानी नंगला थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद और रोजन बताए। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने डकैती की योजना बनाने की बात स्वीकार की। गांव सैदपुर इम्मा की वारदात अंजाम देना भी कबूल किया। एसपी के मुताबिक गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से 1.20 लाख रुपये की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात के अलावा 1 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद हुए हैं। मुकदमा दर्ज करने के बाद तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, रिमांड मंजूर होने पर जहां से तीनों को 14 न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। फरार बदमाशों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा

# तीन महिलाएं गांव में आए दिन करती हैं विवाद

### ग्रामीणों ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीणों ने गांव के एक परिवार की महिलाओं पर आए दिन गाली गलौज करने और विरोध करने पर पुरूषों पर बलात्कार व छेड़छाड़ के झूठे मुकदमे दर्ज कराने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस बाबत ग्रामीणों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव फौंदापुर निवासी ग्रामीणों ने थाना पुलिस को तहरीर सौंपकर गांव की एक महिला, उसकी बहन और एक अन्य महिला पर गांव में आए दिन झगड़ा करने, गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि उनके इस कृत्य का विरोध करने पर ये पुरूषों पर बलात्कार व छेड़छाड़ के झूठे मुकदमे दर्ज कराने की धमकी देती हैं। ग्रामीणों ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर इनके विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। तहरीर सौंपने वालों में कविता, कुसुम, पवन, राकेश, विजयपाल सिंह, लटूर सिंह, देवकरन सिंह, ओमप्रकाश सिंह आदि के शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वहीं गांव निवासी कविता ने एक तहरीर अलग से देकर भी उपरोक्त के विरूद्ध मारपीट का आरोप लगाया है।

# बाइक-मैक्स भिड़ंत में होटल कर्मी की मौत

## मौत से घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। बाइक मैक्स की जोरदार भिड़ंत में होटल कर्मचारियों की मौत हो गई। होटल कर्मचारी की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला खादर निवासी श्रीपाल गजरौला में एक होटल पर काम करता था। बुधवार की सुबह वह बाइक पर सवार होकर नौकरी करने के लिए गजरोला को जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक अलीगढ़ लिंक मार्ग पर स्थित गांव हथियाखेड़ा के समीप पहुंची तो खरबूजों से लदी मैक्स से जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे श्रीपाल आयु 28 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही रोते



बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गये। घटना स्थल पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने श्रीपाल के शव का पंचनामा भरकर पीएम को भेज दिया। श्रीपाल दो भाई दो बहनों में सबसे बड़ा था। 4 वर्ष पहले उसकी पत्नी की मौत हो गई थी। श्रीपाल की मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था



# युवक से मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट

## बारात में हुआ था विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बारात में युवक के साथ मारपीट किये जाने के मामले में पुलिस ने 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जनपद बुलंदशहर के थाना छतारी के ग्राम लालगढ़ी निवासी रोहित सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह बीते दिन रहरा थाना क्षेत्र के गांव छपना से रिश्तेदारी की बारात में उझारी आया था। शादी समारोह में किसी बात को लेकर पंडाल में रोहित सिंह को कई लोगों ने घेर लिया तथा उसकी जमकर पिटाई कर दी थी। जिससे उसके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान भी आ गये। रोहित का आरोप था कि उसे जान से मारने की भी धमकी दी गई है। घायल रोहित सिंह सैदनगली पहुंच गया तथा पुलिस से पूरे मामले को अवगत कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अमित पुत्र कुलवंत ग्राम फतेहपुर खादर थाना सैदनगली, शोभित करन सिंह ग्राम बहापुर, सीटू पुत्र जयदेव व जयदेव पुत्र निर्मल ग्राम छपना थाना सैदनगली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## एक नजर

### श्यौनाली व पूरनपुर में दिखा तेंदुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। डिडौली क्षेत्र में भी एक बार फिर तेंदुए को लेकर लोगों के बीच डर बना है। मंगलवार देर शाम में गांव श्यौनाली और पूरनपुर के जंगल में तेंदुए को देखने का दावा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक गांव श्यौनाली निवासी मोहम्मद शुएेब का पूरनपुर से जोड़ने वाले रास्ते पर ईंट भट्ठा है जो काफी समय से बंद पड़ा है। मंगलवार शाम करीब सात बजे शुएेब अपने भट्ठे की तरफ जा रहे थे। उन्होंने वहां भट्ठा परिसर में चिमनी के पास तेंदुआ दिखाई दिया। जिसे देख कर वह फौरन उल्टे पांव गांव लौट आए तथा ग्रामीणों को सूचना दी। इसके साथ ही डायल-112 पर भी कॉल की। सूचना मिलने पर पुलिस भी गांव आ गई थी। बाद में काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तेंदुए को तलाश किया लेकिन तेंदुआ कही दिखाई नहीं दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग को जानकारी देते हुए जंगल में पिंजरा लगाने की मांग की है।

### चोरी के मामले में तीन साल दो माह की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। 14 साल पुराने चोरी के मामले में अदालत ने तीन साल दो महीने 20 दिन जेल की सजा सुनाई। दोषी पर एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। साल 2011 की घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र की थी। घर में घुसकर चोरी करने के मामले में पुलिस ने गांव खेड़ा अपरौला निवासी यमीन को गिरफ्तार कर चालान किया था। यामीन के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद हुआ था। मुकदमे की सुनवाई के बीच यामीन जमानत पर था। मंगलवार को अदालत में मुकदमे की आखिर सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने यामीन को दोषी करार दिया। तीन साल दो महीने 20 दिन की जेल की सजा सुनाई तथा एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### मार्निंग वॉक कर रहे लोगों को दिखा तेंदुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। क्षेत्र के गांव खेड़का में पेशे से वकील अनुज कुमार का परिवार रहता है। बुधवार सुबह में वह गांव में रहने वाले अपने साथी संजीव कुमार व विवेक कुमार के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। करीब छह बजे तीनों टहलते हुए जब खंडसाल रोड की तरफ बढ़े तो आगे का नजारा देख एकाएक ही कंपकंपी बंध गई और कदम खुद-ब-खुद ही रुक गए। सामना कोई और नहीं बल्कि तेंदुआ खड़ा हुआ था, जिसे पास में देखकर तीनों के होश उड़ गए। शोर मचाने पर आस-पास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिनके हाथों में लाठी-डंडे देख तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। बाद में ग्रामीणों ने काफी देर तक जंगल की खाक छानी लेकिन तेंदुआ दोबारा दिखाई नहीं दिया।

# बारसाबाद में चोरों की आहट से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। थाना क्षेत्र के बारसाबाद गांव में बीती रात फिर से चोरों की आहट हुई। ग्रामीणों ने उनका पीछा किया, वहीं फौंदापुर गांव के लोगों ने भी चोर आने की बात सुनकर दूसरी ओर से भी घेरा. बंदी की, हालांकि चोर पकड़े नहीं जा सके। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव खादगूजर, बारसाबाद व फौंदापुर आदि में पिछले कई दिनों से चोरों के आने की बात सामने आ रही है। मंगलवार की रात को करीब डेढ़ बजे फिर से गांव में चोर आने की बात सामने आने पर ग्रामीण लाठी डंडे लेकर बाहर निकल आए, हवाई फायरिंग भी की। इधर से पड़ोसी गांव फौंदापुर के लोग भी बाहर निकल आए। काफी देर तक दोनों गांवो के लोगों ने चोरों की तलाश की, वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने भी काम्बिंग की, मगर चोरों का कुछ पता नहीं चला। बता दें कि बारसाबाद में पिछले तीन दिनों से लगातार चोरों से जुड़ी घटनाएं सामने आ रही हैं। अभी खादगूजर क्षेत्र में कच्छा बनियान धारी गिरोह के लोगों के घूमने की चर्चा भी सामने आई थी। इस बात को लेकर ब्लॉक प्रमुख पति चौ. विरेन्द्र सिंह भी ग्रामीणों के साथ पुलिस से मिले थे। वहीं इन घटनाओं के बाद पुलिस ने गांवो में गश्त बढ़ा दी है।

# संदिग्ध हालत में पेड़ से लटका मिला शव

## हत्या की आशंका, पुलिस ने पीएम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव ढींगरा में पेड़ पर युवक का शव लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक गाजियाबाद में रहकर कोचिंग करता था कल देर शाम ही वह गांव वापस लौटा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है उधर युवक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजन और ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की बात कह रही है।

थाना क्षेत्र के गांव डिंगरा में अरविंद त्यागी का परिवार रहता है। बताया जा रहा है कि अरविंद त्यागी का 22 वर्षीय पुत्र शिवम त्यागी गाजियाबाद में रहकर कोचिंग कर रहा था। मंगलवार की देर शाम वह गांव लौटा था लेकिन घर नही पहुंचा। बुधवार की सुबह अरविंद का शव खेत में पेड़ पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई परिजन भी रोते बिलखते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना पर



पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। उधर अरविंद के परिजन हत्या की आशंका जता रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शव का पंचनामावर पोस्टमार्टम को भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सीबीआई की कार्रवाई के विरोध में हड़ताल पर रहे वकील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। घूसखोरी के मामले में सीबीआई की कार्रवाई के विरोध में जिला टैक्स बार एसोसिएशन के बैनर तले बुधवार को वकील हड़ताल पर रहे। न्यायिक कार्यो का बहिष्कार करते हुए साथी की गिरफ्तारी का विरोध जताया। मामले में आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया। गौरतलब है कि गजरौला निवासी कारोबारी गौरव सिरो. ही की शिकायत पर सोमवार को अमरोहा पहुंची सीबीआई टीम ने शहर की आवास विकास कॉलोनी स्थित सीजीएसटी कार्यालय पर छापा मारा था। यहां से कर अधीक्षक निशान सिंह व टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव अमित खंडेलवाल को टीम ने गौरव सिरोही से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद सीबीआई ने देर रात तक गजरौला और अमरोहा में सीजीएसटी कार्यालय खंगाले थे। वहीं, घूसखोरी के आरोप में साथी अमित खंडलेवाल की गिरफ्तारी से वकीलों में खलबली मच गई थी। मुद्दे को लेकर मंगलवार को बुलाई गई जिला टैक्स बार एसोसिएशन की आपात बैठक में वकीलों ने सीबीआई की कार्रवाई का खुलकर विरोध जताया था। वकीलों ने शुरुआत में तीन दिन की हड़ताल करने का ऐलान किया था जिसका असर बुधवार को राज्य कर कार्यालय में साफ दिखाई दिया। वकीलों ने न्यायिक कार्यो से दूरी बनाए रखते हुए क्लाइंट को कार्यालय से लौटा दिया। वहीं, बार अध्यक्ष मशकूरुल हसन ने वकीलों के साथ रणनीति तैयार करते हुए दूसरे जिलों की बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से बातचीत की, उनसे विरोध-प्रदर्शन में साथ आने को कहा। इस दौरान विष्णु दयाल अग्रवाल, शिवकुमार माहेश्वरी, राजीव कुमार गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ में युवक की संदिग्ध मौत

## परिजनों ने थाने के बाहर शव रखकर काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। छत्तीसगढ़ में मजदूरी कर रहे गांव सुजमना निवासी पंकज (40) पुत्र हुकम सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव बछरायूं थाने के बाहर रखकर हंगामा किया। परिजन स्थानीय पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे। उधर पुलिस का कहना था कि घटना छत्तीसगढ़ की है मृतक का पोस्टमार्टम भी छत्तीसगढ़ में हुआ वहां की पुलिस द्वारा मामले में कार्यवाही की जायेगी।

परिजनों का आरोप है कि पंकज की हत्या की गई है, और वे प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने परिजनों को मामले में आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजनों ने शव को थाने से हटाया। परिजनों की मांग है कि हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए। थाना बछरायूं के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने परिजनों को समझाया और छत्तीसगढ़ पुलिस से संपर्क कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार करने को राजी हो गए। परिजनों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और यदि यह हत्या है, तो दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। थाना प्रभारी के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद स्थिति फिलहाल शांत बताई जा रही है। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और छत्तीसगढ़ पुलिस की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा

# पानी के विवाद में दो पक्षों में पथराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। खेत में पानी चलाने को लेकर विवाद में सां. प्रदायिक तनाव बन गया। अलग-अलग दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। जिनके बीच जमकर मारपीट चली। एक-दूसरे पर पथराव भी किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते हालात पर काबू पाया। मामले में दोनों ओर से सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरनपुर का है। यहां यशपाल सिंह और अब्दुल रहमान के परिवार रहते हैं। यशपाल सिंह के बेटे अनुज का आरोप है कि मंगलवार को वह खेत पर फसलों की सिचाई कर रहा था। उसी दौरान वहां पहुंचे गांव के ही रहने वाले फैय्याज, सलमान, गुड्डू और इस्लाम ने मारपीट की। बचाव में आए भाई को पर फावड़े से हमला कर घायल कर दिया। वहीं, अब्दुल रहमान के बेटे फैय्याज हुसैन का आरोप है कि मंगलवार को खेत पर पहुंचे तो अनुज, शिवम और पंकज पानी चला रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। खेत में दौड़ाकर पीटा, जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में फैय्याज हुसैन की तहरीर पर अनुज, शिवम व पंकज तथा अनुज की शिकायत पर फैय्याज, सलमान, गुड्डू और इस्लाम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी फैय्याज, मोहम्मद सलमान, अनुज व पंकज को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

# एक सप्ताह में सुधार न हुआ तो कार्रवाई

## डीएम ने बैंकर्स को दी चेतावनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बैंकर्स को चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में कार्यशैली में सुधार न हुआ तो कार्रवाई के लिये तैयार रहे।

कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बैंकर्स, डीएलआरसी की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स लक्ष्य के सापेक्ष सीडी रेसीओओ ठीक न पाये जाने पर उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में कार्य में सुधार न किया गया तो सख्त कार्रवाई के लिये तैयार रहे। उन्होंने सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते सभी से लक्ष्य के बारे में पूछताछ की। उन्होंने बैंकर्स का कार्य ठीक न पाय जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। साथ ही कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ प्रमुखता से दिया जाये। परन्तु लगातार बैंक एप्लीकेशन रिजेक्ट कर रही हैं। लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति में जल्द सुधार नहीं किया गया तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, पीडी अमरेन्द्र प्रताप सिंह समेत सभी बैंकर्स मौजूद रहे।

# मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ा

## देश की सीमाएं भाजपा राज में सुरक्षितः मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिले के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। देश की सीमाएं अब पूरी तरह सुरक्षित हैं।

जोया रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि पिछले 11 साल में देश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में अपना दबदबा हासिल किया। आतंरिक सुरक्षा हो या धारा 370, राम मन्दिर का निर्माण हो या तीन तलाक, या फिर अब वक्फ कानून को लागू करना हो। मोदी ने बिना समय गवाएं इन्हें जनता को समर्पित किया। किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सड़क योजना, आदि से देश का विकास कराया है। गरीबों को चार करोड़ से ज्यादा पक्के मकान दिये, जबकि मैट्रो का भी अभूतपूर्व विकास किया गया है।




आज देश दुनिया की चौथी अर्थ व्यवस्था बनकर उभरी है यह सभी मोदी की देन है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वमी आदि मौजूद रहे।

# डीएम, एसपी सहित सीडीओ ने किया झील में कराए जा रहे जीर्णोद्धार कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल, एसडीएम सदर मोनिका सिंह व खण्ड विकास अधिकारी चमरव्वा सूरज कुमारी के साथ ग्राम आगापुर में स्थित रजा झील में कराए जा रहे जीर्णोद्धार कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने जल संरक्षण के दृष्टिगत बरसात के समय आगापुर गांव के लगभग 0.90 हेक्टेयर में स्थित रजा झील के चारों से पानी का प्रवाह झील की ओर बनाए रखने हेतु पाइप एवं कुलाबे बनाने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को झील के चारों ओर वृहद वृक्षारोपण व फलदार पेड़ों को लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को झील के चारों ओर टहलने हेतु पैदल पथ



व बेंच आदि लगवाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को नियमानुसार तालाब का पट्टा आवंटन कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने एसडीएम सदर व खंड विकास अधिकारी को संयुक्त रूप से सभी तालाबों व झीलों का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण के लिए भी निर्देशित किया।

# विकास खण्ड चमरौआ में विलुप्त हो चुकी नीली नदी को प्रशासन द्वारा किया जा रहा पुनर्जीवित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के मार्गदर्शन तथा मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल के अथक प्रयासों के तहत पारम्परिक जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित कर भू-जल स्तर को बचाया जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि विकास खण्ड चमरौआ में विलुप्त हो चुकी 12 किलोमीटर लम्बी नीली नदी को मनरेगा योजना के अन्तर्गत श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ जलस्त्रोत को पुनर्जीवित करने का कार्य चल रहा है।

उन्होंने बताया कि नीली नदी विकास खण्ड चमरौआ की ग्राम पंचायत मंडैयान कली, बहपुरी, बहपुरा, महमूदपुर, मिलका सिकरौल तथा सिकरौल से होकर गुजरती है। नीली नदी के पुनर्जीवित होने से क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी, जिसका लाभ जलस्त्रोतों के अभाव में कृषि कर रहे कृषकों को सीधे तौर पर मिलेगा।

सूरज कुमारी ने बताया कि इस 12 किलोमीटर लम्बी विलुप्त नीली नदी में से 8 किलोमीटर नीली नदी के पुनर्जीवन का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे मनरेगा योजना के अन्तर्गत पंजीकृत



श्रमिकों 1900 मानव दिवस के रुप में रोजगार प्राप्त कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नदी का कार्य पूर्ण होने तक निरन्तर रोजगार उपलब्ध कराया जाता रहेगा।

# व्यापारियों को दुकानों की व्यवस्था करे नगर पालिका परिषद : शंखधार

**( इकरार हुसैन )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने उपजिलाधिकारी मिलक को पत्र देकर अवगत कराया है कि नगर पालिका परिषद मिलक क्षेत्र में नेशनल हाईवे के किनारे बनी कुछ दुकानें जो कि कई दशकों पूर्व नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा दुक.ानदारों से कुछ निर्धारित धनराशि जमा कराकर उनको आवंटित की गई थीं और उन सभी दुकानदारों से नगर पालिका परिषद मिलक प्रति माह किराया भी वसूल करती आ रही है। वर्तमान समय में कुछ ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है कि नेशनल हाईवे के किनारे बनी हुई दुकानें जो कि नगर पालिका परिषद मिलक द्वारा निर्माण कराकर आवंटित की गई थीं उनमें से अधिकांश दुकानें नेशनल हाईवे की जद में आ रही हैं और उनका ध्वस्तिकरण कराया जाएगा। जिससे अधिकांश दुक.ानदार बेरोजगार हो जाएंगे और उनकी रोजी रोटी पर संकट उत्पन्न हो जाएगा। उक्त के सम्बन्ध में हमारे संगठन का एक सुझाव है जिसे अगर अमल में लाया जाए तो नगर पालिका परिषद मिलक की आमदनी भी निरंतर जारी रहेगी और नगर पालिका परिषद मिलक की भूमि भी सुरक्षित रहेगी तथा दुक.ानदारों का व्यापार भी निरंतर जारी रहेगा। इसके लिए नगर पालिका



परिषद मिलक के मोहल्ला असदुल्लापुर में कुल 23 स्थानों पर बंजर भूमि है जो कि लगभग 19 बीघा से अधिक है। तथा खतौनी के अनुसार किसी भी गाटा संख्या पर कोई भी विवाद नहीं चल रहा है और न ही किसी भी गाटा संख्या पर कोई भी अवैध कब्जा होना चाहिए इसकी जिम्मेदारी राजस्व विभाग एवं नगर पालिका परिषद मिलक की है। इसीक्रम में बंजर भूमि के जो गाटा संख्या हमारी निगाह में आए हैं वह इस प्रकार से हैं। गाटा संख्या 32 कुल रक्बा 0.1250, गाटा संख्या 52 कुल रक्बा 0.1660, गाटा संख्या 60 कुल रक्बा 0.0120, गाटा संख्या 79 कुल रक्बा 0.0360, गाटा संख्या 94/1 कुल रक्बा 0.0200, गाटा संख्या 100/3 कुल रक्बा 0.0130, गाटा संख्या 107 कुल रक्बा 0.2430, गाटा संख्या 140 कुल रक्बा 0.1170, गाटा संख्या 164 कुल रक्बा 0.0530, गाटा संख्या 205 कुल रक्बा 0.0450, गाटा संख्या 303/1 कुल रक्बा 0.0430, गाटा संख्या 310 कुल रक्बा 0.0890, गाटा संख्या 360 ग कुल रक्बा 0.0040, गाटा संख्या 370 कुल रक्बा 0.0120, गाटा संख्या 380 कुल रक्बा 0.0730, गाटा संख्या 382 कुल रक्बा 0.0530, गाटा संख्या 383 कुल रक्बा 0.0360, गाटा संख्या 384 कुल रक्बा 0.0240 एक गाटा संख्या 386 कुल रक्बा 0.0280, गाटा संख्या 394 कुल रक्बा 0.0040, गाटा संख्या 449 कुल रक्बा 0.0120, गाटा संख्या 483 कुल रक्बा 0.0890 एवं गाटा संख्या 487 कुल रक्बा 0.0040 अवगत कराते हुए आग्रह है कि उक्त सभी गाटा संख्या की भूमि का सीमांकन कराकर उनमें दुकानों का निर्माण कराकर, जिन दुकानदारों की दुकानें नेशनल हाइवे की जद में आने से ध्वस्त की जानी हैं उन सभी दुक.ानदारों को केवल दुकान बनाने में जो खर्चा आए वही पैसा नगर पालि.का परिषद मिलक में जमा कराते हुए दुकानों का आवंटन कराते हुए किराया निर्धारित किया जाए तो उससे व्यापारी वर्ग का व्यापार चलता रहेगा तथा नगर पालिका परिषद मिलक की आमदनी जारी रहेगी और भूमि भी सुरक्षित रहेगी। हमें आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि व्यापारी के हित में हमारे द्वारा दिए गए सुझाव को अमल में लाया जाये।

# बिजारखाता में हुआ अतिक्रमण चिन्हित अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर पंचायत नरपत नगर के बाद अब बिजारखाता में भी मार्ग चौड़ाइकरण के लिए अतिक्रमण चिह्नित किया गया है इस दौरान निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ स्थानीय अधिकारी भी मौजूद रहे अतिक्रमण चिह्नित कर देने से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। बुधवार को निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ स्वार जिलाधिकारी अमन देओल क्षेत्रअधिकारी अतुल कुमार पांडे कोतवाल प्रदीप मलिक चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ बिजारखाता पहुंचे और मार्ग के दोनों और निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने पुलिस की मौजूदगी में नापतोल की और अतिक्रमण चिह्नित किया अतिक्रमण चिह्नित कर देने से लोगों में हड़कंप मच गया। आबादी क्षेत्र में तो अतिक्रमण कम चिन्हित किया गया है लेकिन आबादी क्षेत्र से बाहर मार्ग के किनारे अधिक मात्रा में अतिक्रमण चिह्नित किया गया है जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। निर्माण विभाग में अतिक्रमण कारियों की दुकान पर नोटिस भी चश्मा किए हैं जिसमें 16 जून को अतिक्रमण हटाने की अंतिम चेतावनी दी गई है। नरपत नगर और बिजार खाता में मार्ग के दोनों और मकान और दुकान काफी तादाद में अतिक्रमण की जद में आ गए हैं जिससे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है निर्माण विभाग और पुलिस ने अतिक्रमण हटाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

## एक नजर

### चेयरमैन प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ



**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को नगर के मोहल्ला खटपुर में चल रहे टूर्नामेंट में शाहबाद और सम्भल टीम के बीच मुकाबले में सम्भल ने बाजी मारी। शाहबाद मोहल्ला खटपुर में होने वाले हर साल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन। मुख्य अतिथि के रूप में आए चेयरमैन प्रतिनिधि वसीम खान द्वारा फीता काटकर किया गया। उसके बाद पटवाई मिलक सम्भल शाहबाद टीम के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। इसके बाद शाहबाद और सम्भल की टीम फाइनल तक पहुंची। सम्भल की टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की। कमेटी मेंबर ओसामा, वसीम, फराज खान, आकाश शर्मा द्वारा खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओ भारत श्रेष्ठ अभियान को लेकर हुआ सम्मेलन



**( सुमित कुमार )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को भाजपा नगर मंडल शाहाबाद की बैठक एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय शाहाबाद पर संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित सभी भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं के बीच अपने-अपने विचार रखें, बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर ,पूर्व जिला महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, वेद प्रकाश चंद्रवंशी ,मनीष शर्मा , विमल जोशी, अमित चंद्रवंशी , शोभित शर्मा ,गंगा सहाय , अजय गुप्ता ,रोहित कुमार ,ध्रुव कुमार एडवोकेट ,परमवीर एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गर्मी के चलते बार वेलफेयर एसोसिएशन ने लोगो को पिलाया ठंडा शरबत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** बुधवार को बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने गर्मी से राहत दिलाने के लिए।तहसील के सामने ठंडा शरबत पिलाने के लिए स्टाल लगा कर आने जाने वाले राहगीरों व रोड से गुजरने वाले लोगो को ठंडा शर्बत पिलाया इस दौरान चिलचिलाती गर्मी में लोगो का बुरा हाल है।उधर रोड से गुजरने वाले वाहनों के चालको को भी शर्बत पिलाया गया। इस दौरान राशिद खां, मोहम्मद जुनैद, यासर खान, आसिफ अंसारी,राशिद खां, नोशाद आलम, इरफान अहमद,एम जिया मलिक आदि वकील मौजूद रहे।

# विधायक शफीक अहमद अंसारी ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** बुधवार अपना दल एस केम्प कार्यालय पर विधायक शफीक अहमद अंसारी ने क्षेत्र से आये हुऐ लोगो से मुलाकात की.. जिसमें टांडा क्षेत्र के लोगो ने अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया नरपतनगर और दढीयाल के लोगो ने भी अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया समोदिया के प्रधान ने अपने ग्राम के लियें नयी विधुत लाइन की बात रखी वही रुस्तनगर नव छपर्रा ने नया ट्रांस फार्मर लगवाने की बात रखी ग्राम लखीमपुर के ग्रामीणों ने शमशान से सम्बंधित शिकायत की विधायक जी सम्बन्धित अधिकारी को कार्य को जल्द करवाने के निर्देश दिए इसके बाद विधायक जी जे आर एस फर्नीचर हाउस पिरानी के बाग का उद्धघाटन किया।इस दौरान मिलने



वालो में. यासीन अंसारी आरिफ प्रधान मेवला धारू से प्रधान सरफराज जुनेद मौव जोरवार रईस अली ठाकुर नूर हसन प्रधान अमिरुल हसन. मौव अहमद नासिर हुसैन. दीपक नागर पंकज सैनी महेन्द्र सिंह ओमपाल सिंह व कार्यालय प्रभारी इदरीस पठान आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर शांति भंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन कराये जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में थाना सैफनी पुलिस ने पति पत्नी के झगड़े में शान्ति भंग में अभियुक्त नादिर हुसैन उर्फ बब्लू पुत्र हामिद नि.मौ. घेर कस्बा व थाना सिरौली जिला बरेली हाल निवासी मौहल्ला गुलाबनगर कस्बा व थाना सैफनी जनपद रामपुर उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार कर अभियुक्त को न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट शाहबाद जनपद रामपुर पेश किया गया।

# जिला अस्पताल का शव वाहन पलटा, चालक घायल

**मृत का शव बिहार छोड़कर वापस रामपुर आने पर हुआ हादसा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला अस्पताल का शव वाहन आज सुबह बिहार से आते समय बरेली के झुमका चौराहे से पहले बायपास पर अशोका लेलैंड कंपनी के सामने चालक को नींद की झपकी आने से पलट गया जिसमें चालक घायल हो गया और वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन पलटते ही वहाँ पर मौजूद लोगों ने मौके पर पंहुचकर चालक को वाहन से निकाला उसके बाद क्रेन की मदद से वाहन को निकाला शव वाहन चालक सत्यम भाटिया ने बताया कि वह जिला अस्पताल रामपुर से रविवार के दिन एक शव को लेकर मधुबनी बिहार जा रहे थे आज मंगलवार को बिहार से वापस आते समय बरेली के झुमका चौराहे से पहले बरेली लखनऊ बाईपास पर नींद की झपकी आने की वजह से वाहन लगभग 10 से 15 फीट गहरे गड्ढे में पलट गया और क्षतिग्रस्त हो गया शव वाहन चालक ने बताया कि अधिकारियों को पूर्व में कई बार सूचित किया गया कि लंबी दूरी के सफर में एक अन्य चालक या हेल्पर की व्यवस्था की जानी चाहिए जो आज तक नहीं की गई है लगातार गाड़ी चलाने की वजह से नींद की झपकी लग गई थी और गाड़ी पलट गई गाड़ी पलटने की सूचना उन्होंने अधिकारियों को सुबह ही कॉल पर दे दी थी परंतु



घायल चालक का फोटो

उनकी तरफ से कोई भी सहायता नहीं की गई। शव वाहन चालक ने बताया कि 102 या अन्य एंबुलेंस पर ड्राइवर के साथ एक हेल्पर जरूर होता है परंतु शव वाहन चालक के साथ हेल्पर नहीं होता है और नहीं शव वाहन चालक को कोई टीए या डीए दिया जाता है।



# चलती कार में महिला से दुष्कर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- पीड़िता बोली- युवकों ने कोल्डड्रिंक में नशा देकर किया बेहोश, फिर की दरिंदगी

**बरेली।** फरीदपुर क्षेत्र की रहने वाली महिला को कार में बैठाने के बाद युवकों ने सुनसान जगह पर ले जाकर कोल्डड्रिंक में नशे की दवा पिला दी। आरोप है कि युवकों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। होश आने पर खुद को निर्वस्त्र पाकर उसने शोर मचाया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने शाहजहांपुर के कटरा थाने में तहरीर दी है। मामले की जांच सीओ तिलहर ज्योति यादव कर रही हैं।

मंगलवार की रात डेढ़ बजे पीड़िता ने कटरा थाने में दी तहरीर में कहा कि शाम साढ़े सात बजे फरीदपुर से तिलहर स्थित रिश्तेदारी में जाने के लिए निकली थी। मीरानपुर कटरा चौराहा ओवरब्रिज के नीचे खुदागंज थाना क्षेत्र का युवक मिला। उसने तिलहर छोड़ने की बात कहकर कार में बैठा लिया। वह उसे मीरानपुर कटरा-खुदागंज मार्ग पर किसी अज्ञात स्थान पर लेकर गया। रास्ते से अन्य पांच लोग भी गाड़ी में सवार हो गए। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के गलत इरादे भांपकर उसने शोर मचाया, लेकिन कार नहीं रोकी। रास्ते में जबरदस्ती कोल्डड्रिंक में नशा पिलाकर बेहोश कर दिया। होश आने पर वह निर्वस्त्र थी। उसके विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर कटरा चौराहे पर ओवरब्रिज के नीचे कार से उतार दिया। सीओ तिलहर ने बताया कि वह मामले की स्वयं जांच कर रही हैं।

## पहले पुलिस ने टरकाया फिर सीओ ने लिया संज्ञान

मंगलवार की रात डेढ़ बजे महिला ने कटरा थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने पीड़ित महिला को खुदागंज थाना क्षेत्र का मामला बताकर टरका दिया। बुधवार को महिला थाने में पहुंची तो पुलिस ने उच्च अधिकारियों को जानकारी दी। तब सीओ ज्योति यादव ने कटरा थाने पहुंचकर पूछताछ की है।

# गौशालाओं में बनाएं वर्मी कम्पोस्ट खादः डीएम

- उद्यान विभाग व नर्सरियों में सप्लाई कर बनाएं आय का साधन
- डीएम ने पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं अनुरक्षण समिति की, की समीक्षा




**बरेली।** बुधवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में वृहद गो-संरक्षण केंद्रों में अतिरिक्त पशु शेड के निर्माण, भूसा-दान एवं क्रय कर संग्रहण किये जाने की अद्यतन प्रगति, गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश गो-आश्रय स्थलों पर उपलब्ध भूसा, हरा चारा, साइलेज एवं दाने की स्थिति, गो-आश्रय स्थलों से सम्बद्ध चारागाह एवं उसके क्षेत्रफल तथा बोये गये चारे की प्रगति, गो-आश्रय स्थलों पर भरण-पोषण हेतु गोआश्रय मैनेजमेंट पोर्टल पर अपलोड की स्थिति, भूसे की आपूर्ति टेंडर के माध्यम से न किये जाने तथा निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान में प्रगति की समीक्षा की। बैठक में डीएम ने जन सहभागिता के अन्तर्गत दी गयी गायों का समय-समय पर सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद के समस्त विकास खण्डों में भूसा बैंक बनवाया जाए, जो बारिश के मौसम में पशुओं के चारे की समस्या का निदान करेगा। बैठक में डीएम ने गौशालाओं के समस्त अभिलेख पूर्ण रखने तथा गौशालाओं में गोबर गैस प्लांट बनाए जाने व वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाए जाने के निर्देश दिए, गोबर गैस की आपूर्ति विद्यालय आदि में करने व वर्मी कम्पोस्ट को उद्यान विभाग व नर्सरियों में सप्लाई कर आय का साधन बनाया जाये तथा स्वयं सहायता समूहों का भी सहयोग लिया जाए। डीएम ने निर्देश दिये कि अतिरिक्त गौशालाओं की आवश्यकता हो तो मांग करें, जिसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जायेगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने गौशालाओं में बीमार पशुओं की लगातार निगरानी करने, हरा चारा और पीने के पानी की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### तीन दिन बाद भी पुलिस दबंगों को नहीं कर सकी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सोशल मीडिया पर तरह-तरह के हो रहे हैं कमेन्ट

**नवाबगंज।** बीती 9 जून की रात करीब दस बजे कस्बे के बाईपास स्थित हरिभोग रेस्टोरेंट में जन्मदिन मनाने गए कस्बे के एक परिवार के साथ दबंगों द्वारा मारपीट का मामला आज कल नगर में खासा चर्चाओं में है। दूसरी ओर पुलिस इस मामले को लेकर अभी तक शान्त नजर आ रही है। आज घटना को तीसरा दिन है, लेकिन अभी तक न तो पुलिस इन दबंगों का कोई सुराग लगा पाई है, और न ही पुलिस ने दबंगों की कार का पता लगाया है। पीड़ित परिवार के सदस्य इस घटना को लेकर सहमे हुए हैं।

कस्बे के हेमन्त राठौर की पत्नी नीलिमा राठौर 9 जून को अपनी नवासी का जन्मदिन मनाने के लिए बाईपास के हरिभोग रेस्टोरेंट गए थे। आरोप है कि दबंगों ने उनके साथ गाली गलौज के साथ मारपीट की, ईंटें मारने से महिला नीलिमा राठौर घायल हो गई थी। घटना की सूचना डायल 112 को दिए जाने के बाद घटना स्थल पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही दबंग धमकी देते हुए फरार हो गए थे। रात में ही घटना की 4-5 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद अभी तक पुलिस एक भी दबंग को गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो सकी है। इतना ही नहीं पुलिस दबंगों की कार का भी सुराग नहीं लगा पाई है। इस बारे में चौकी इंचार्ज विवेक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है, जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दूसरी ओर इस घटना को लेकर बुधवार को भी सारे दिन सोशल मीडिया पर लोग तरह-तरह के कमेंट करते रहे।

### मंद बुद्धि युवक का मिला शव, नहीं हुई शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव गजरौला और वार नवादा के बीच खड़ंजे के किनारे एक मंद बुद्धि युवक पड़ा मिला, सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

करीब 30 वर्षीय युवक मंद बुद्धि बताया जा रहा है, वह काला नेकर पहने हुए था, पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराए जाने की कोशिश की, लेकिन शाम तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### भैंस चुराने गए चोरों को गांव वालों ने दौड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

एक को पकड़कर पुलिस को सौंपा, दो फरार

**नवाबगंज।** घटना थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर नवदिया की है। गांव के छोटे लाल मजदूरी करने पंजाब गए हुए थे, घर पर उनकी पत्नी विमला देवी छत पर सो रही थी कि मंगलवार की रात करीब एक बजे तीन चोर सीढ़ी लगाकर उसके घर में घुस आए, और पशुशाला में बंधी उसकी भैंस को खोलकर ले जाने लगे, आवाज होने पर उसकी आंख खुल गई, जिसपर महिला ने शोर मचा दिया, शोर होने पर तीनों चोर भैंस को छोड़कर बाइक पर बैठकर भागने लगे, गांव के लोगों ने उनका पीछा किया तो उन्होंने ग्रामीणों पर फायर चला दिया, जिसमें ग्रामीण बाल-बाल बच गए।

खेतों में लगे तारों में उलझकर चोर गिर पड़े, जिसमें एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी भागने में कामयाब रहे। महिला की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए चोर ने अपना नाम राजीव बताया। पुलिस ने चोर के साथ ही उनकी बाइक को कब्जे में ले लिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीनों चोर राजीव, अशोक और रविन्द्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने बताया कि बीते वर्ष भी इन चोरों ने इसकी 3 भैंसों को चुरा लिया था। पुलिस फरार हुए दोनों चोरों की तलाश करने में जुटी है।

### राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत तहसीलवार निशुल्क सहायक उपकरण किए जाएंगे वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

तेरह जून को राजकीय इण्टर कालेज ऑडिटोरियम से किया जाएगा उपकरण वितरण शिविरों का शुभारंभ

**बरेली।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के अन्तर्गत निशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविरों का शुभारंभ मुख्य अतिथि केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा द्वारा आगामी दिनांक 13 जून को राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में किया जाएगा। राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिनांक 09 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किये गये परीक्षण शिविरों में कुल 2739 वरिष्ठजनों एवं दिनांक 21 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025 तक जनपद के 03 आकांक्षी ब्लॉक में आयोजित किये गये परीक्षण शिविरों में कुल 73 दिव्यांगजनों को चिन्हित किया गया था। इन सभी 2812 पूर्व चिन्हित लाभार्थीयों को लगभग 02 करोड़ 26 लाख रुपए की लागत के 16259 सहायक उपकरणों का निशुल्क वितरण दिनांक 13 से 25 जून 2025 तक तहसीलवार किया जाएगा, जिसमें 13 जून को राजकीय इण्टर कालेज ऑडिटोरियम, 16 जून को तहसील आंवला, 18 जून को तहसील बहेड़ी, 20 जून को तहसील मीरगंज, 23 जून को तहसील फरीदपुर व 25 जून को तहसील नवाबगंज में वितरण होगा। इन सहायक उपकरणों के माध्यम से लाभार्थियों को स्वावलम्बी व सशक्त करने और उन्हें समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ने का एक प्रयास है। समारोह का आयोजन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के भारत सरकार के अधीन कार्यरत उपक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा एवं जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0-9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

## पत्नी से बोला पति प्रेमिका के साथ रहने को मकान दिलवा दे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पत्नी और बच्चों पर कर रहा अत्याचार

**बहेड़ी।** पत्नी से पति प्रेमिका के लिए मकान दिलवाने की मांग कर रहा है। मकान न दिलवाने पर पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता है। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला गौटिया सिंह की रहने वाली महिला रीता का कहना है कि उसने दो साल पहले गन्ना सोसायटी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ शादी की है। शादी के बाद उससे उसके एक बेटी हुई। उसकी पहले पति से एक 16 वर्षीय बेटी भी है। उसके पति के रुदुपुर में एक महिला से सम्बंध हैं, और वह उसके साथ रहने के लिए उसपर एक मकान दिलाने के लिए अनैतिक दबाब बना रहा है। इसको लेकर वह उसे और उसके दोनों बच्चों को पीटता है। उसका कहना है कि उसका पति सारा पैसा प्रेमिका पर खर्च कर देता है। वह रोज मांस मछली खाता है, और शराब भी पीता है। रोज रात को देर से आना उसकी आदत बन गई है, वह उसे खर्च के लिए कुछ भी नहीं देता है। रीता की तहरीर पर पुलिस ने पति संतराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आधार कार्ड के आवेदन में युवती ने लगाए फर्जी आय व जाति प्रमाण पत्र

- जांच के बाद लेखपाल ने आवेदिका के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवती ने आधार कार्ड बनवाने के लिए आवेदन में फर्जी आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र लगा दिए। जिसकी जांच करने के बाद लेखपाल ने आवेदिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मोहल्ला शेखूपुर की रहने वाली शमसुद्दीन की पुत्री शबे बहार पत्नी आफताब अहमद ने आधार कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था। आवेदन में उसने आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र लगाए थे। जिसकी जांच लेखपाल राहुल राठौर ने की तो जांच में दोनों प्रमाण पत्र फर्जी निकले।

जांच में फर्जी प्रमाण पत्र पाए जाने के बाद लेखपाल राहुल राठौर ने युवती शबे बहार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है, और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# बरेली में पंजाब से लौटा युवक कोरोना संक्रमित

- पता बताकर बंद कर लिया फोन, खोज रही सर्विलांस टीम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दो साल तक कोरोना मुक्त रहे बरेली में फिर पंजाब से लौटे युवक में कोरोना संक्रमण की पुष्टि से जिले में अलर्ट जारी हुआ है। सर्विलांस टीम को युवक ने गुमराह करने के लिए अपना पता पीलीभीत, पूरनपुर बताया। इसके बाद फोन बंद कर लिया। आधार कार्ड के पते पर विभाग युवक को खोज रही है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शहर के एजाजनगर गौटिया का युवक कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। वह पंजाब में मजदूरी करता था। वहीं उसने जांच कराई थी, जिसमें कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई। हालांकि, इससे पहले ही युवक बरेली लौट आया था। पंजाब स्वास्थ्य विभाग की ओर से बरेली के लिए जारी पत्र में युवक का फोन नंबर था। कॉल करने पर युवक ने खुद को पीलीभीत पूरनपुर निवासी बताया। हालांकि, दस्तावेजो में आधार कार्ड भी था। जिस पर पता एजाजनगर गौटिया मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची, लेकिन सटीक पता न होने से घर खोज नहीं सकी।

युवक से संपर्क का प्रयास किया तो फोन बंद मिला। आईडीएसपी सेल प्रभारी डॉ. मीसम अब्बास के मुताबिक आधार कार्ड पर स्पष्ट पता न होने से युवक को खोजने में दिक्कत आ रही है। उसने अपना फोन भी स्विच ऑफ कर लिया है। फिलहाल उसके बारे में पता किया जा रहा है।

### स्टोर पहुंची किट, सीएचसी पर जल्द होगा वितरण

देश में कोरोना के मरीज मिलने स्वास्थ्य मंत्रालय से जारी एडवाइजरी के तहत संक्रमण नियंत्रण की कवायद शुरू कर दी। शहर में फिलहाल जिला अस्पताल में एंटीजन किट की खरीद कर जांच भी शुरू हो गई। लेकिन स्वास्थ्य केंद्रों पर अभी किट नहीं पहुंची। आईडीएसपी इंचार्ज के मुताबिक कोरोना जांच के लिए किट स्टोर आ गई हैं। बुधवार को किट का वितरण किया जाएगा। जल्द जांच शुरू होगी।

### प्रत्येक आईएलआई, सारी मरीजों की हो रही जांच

एडी एसआईसी डॉ. अलका शर्मा के मुताबिक गाइड लाइन के अनुसार सभी व्यवस्थाएं कर ली हैं। जिन मरीजों में संदिग्ध लक्षण होंगे, उनकी ट्रैक, टेस्ट और ट्रीट के निर्देश दिए गए हैं। एंटीजन किट से फिलहाल आईएलआई और सारी यानी इंफ्लूएंजा, सांस रोगियों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि वर्ष 2020 में कोरोना का पहला और 2023 में आखिरी मरीज मिला था।

- पंजाब से लौटे युवक में कोरोना की पुष्टि का पत्र प्राप्त हुआ है। उसका फोन बंद होने से संपर्क नहीं हो रहा। उसे तलाश कर क्वारंटीन कराया जाएगा। विभाग के पास ट्रैक, टेस्ट, ट्रीट की पर्याप्त व्यवस्था है।

**डा. विश्राम सिंह, सीएमओ बरेली**

# आप के फायर ब्रांड नेता राज्यसभा सांसद संजय सिंह आज नगर में

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** आम आदमी पार्टी के फायर ब्रांड नेता उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिं आज नगर में आयोजित जनसंवाद रैली को संबोधित करेंगे। रैली की सफलता को कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए हैं।

आम आदमी पार्टी की रुहेलखंड प्रान्त की उपाध्यक्ष सुनीता गंगवार एड द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक गुरुवार 12 जून को दोपहर 12 बजे कस्बे के रामलीला मैदान के सामने इन्साफ राइस मिल परिसर में आयोजित होने वाली जनसंवाद रैली को आप नेता राज्यसभा सांसद संजय सिंह संबोधित करेंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से इस रैली में शिरकत करने की अपील की है। प्रांतीय उपाध्यक्ष सुनीता गंगवार के मुताबिक इस जनसंवाद रैली में 10 जिलों के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

# शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

- अब युवक युवती से शादी करने से कर रहा है इन्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने मुख्यमंत्री से की शिकायत में बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व वह रामपुर जिले के एक युवक से मिली थी, जो कि उसका दूर का रिश्तेदार है। उसने युवती से कहा कि वह उससे शादी करना चाहता है। कुछ समय बाद जब वह अपनी मौसी जो कि कोतवाली क्षेत्र देवरनियां के गांव में रहती है, के यहां आई और वह युवक उसकी मौसी के यहां आया, और बोला कि अब हम जल्द ही शादी करेंगें, और शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। इस दौरान युवक कई बार उसकी मौसी के घर आया, और युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि जब उसने युवक से शादी करने के लिए बोला तो वह टाल मटोल करने लगा, और नई-नई शर्तें रखने लगा। घटना 30 मार्च 2025 की है, युवक उसकी उसकी मौसी के घर अपने साथ एक महिला व एक युवक को लेकर आया।

तब युवती ने युवक से कहा कि मुझे अब शादी की तारीख बताओ, इस पर युवक बोला कि जो तुम मेरे साथ करती हो, मेरे साथ आए लोगों के साथ करो, जिसपर युवती ने मना कर दिया, तो वह युवक व उसके साथ आए सभी युवती के साथ मारपीट करने लगे, और उसे घसीटते हुए कमरे की तरफ ले जाने लगे तो युवती अपनी इज्जत बचाने के लिए चीखी चिल्लाई तो उसे बचाने के लिए पास पड़ोस के लोग आ गए, और उन्होंने ललकारा तो उपरोक्त सभी युवती को धमकी देते हुए बोले कि आज तो तू बच गई, अगली बार तेरी ऐसी हालत करेंगे कि तू किसी को मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहेगी। मारपीट के दौरान युवती के शरीर में खुली व गुम चोटें आई थीं। युवती का आरोप है कि उसने कानूनी कार्रवाई हेतु शिकायती पत्र देवरनियां पुलिस को दिया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। युवती ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर आरोपी युवक व उसके साथियों पर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# कस्बे के अंदर वाहन चेंकिंग से ग्रामीण परेशान

- एसएसपी के आदेश का उल्लंघन कर रही है शीशगढ़ पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़ ।** पुलिस द्वारा मुख्य बाजार के अंदर लगातार वाहन चेकिंग से व्यापारियों में आक्रोश पनपने लगा है। पुलिस की मनमानी के चलते अब तो ग्रामीण अपना वाहन लेकर कस्बे में आने से कतराने लगे है जिस का असर व्यापार पर पड़ने लगा है।

बताते चलें कि चार माह पूर्व एसएसपी अनुराग आर्य ने शीशगढ़ थाने का निरीक्षण किया था तो स्थानीय लोगों ने यह शिकायत की थी कि वाहनों का चालान कस्बे के अंदर किए जाने से व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं।

इसको गंभीरता से लेते हुए एस एस पी ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए थे कि वाहनों का चालान आबादी के बाहर किया जाय। किसी व्यक्ति को वाहन चेकिंग के नाम पर बे वजह परेशान न किया जाय। ग्रामीणों को कुछ दिन तो राहत मिली लेकिन फिर कस्बे के अंदर चालान शुरू हो गया ।

### भाजपा नेता के भांजे को भी नहीं छोड़ा

भाजपा नेता रामौतार मौर्य का भांजा उनकी बाइक लेकर बाजार से सब्जी लेने गया था कस्बे अंदर वाहन चेकिंग कर रही पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। भाजपा नेता रामौतार मौर्य के भांजे से पुलिस को बताया कि यह गाड़ी उनके मामा की है।

पुलिस नहीं मानी तो भांजे ने फोन लगाकर अपने मामा से बात करानी चाही तो मौजूद पुलिस ने बात करने से ही इनकार कर दिया। पुलिस की कार्यशैली से नाराज भाजपा नेता रामौतार मौर्य मौके पर पहुंच गए। पुलिसिया चालान करने व फोन पर बात न करने का कारण पूछा, लेकिन पुलिस बिना चालान किए ही खिसक गई। इसी तरह फार्मासिस्ट अमजद अपनी ड्यूटी करके लौटे तो बाइक लेकर बाजार करने पहुंच गए। शास्त्री अस्पताल के निकट पुलिस ने चालान काट दिया। इस तरह की घटनाएं हर रोज हो रही हैं, जिससे व्यापारियों में अब आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# बरेली में हैदरी दल के दो कार्यकर्ता दबोचे



- पार्क में युवतियों को धमकाया, वीडियो भी बनाया था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गांधी उद्यान में समुदाय विशेष की युवतियों का वीडियो बनाकर उनको परेशान करने वाले हैदरी दल के समीर रजा व शहबाज रजा उर्फ सूफियान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इससे पहले इनकी गिरफ्तारी टालने के लिए पैरवी की गई। फिर कोर्ट में वकीलों ने गिरफ्तारी को गलत बताकर विरोध किया। सरकारी वकील व पुलिस की दलीलों को सुनकर रिमांड मजिस्ट्रेट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

बकरीद के दिन गांधी उद्यान में घूम रहीं महिलाओं एवं युवतियों को जबरदस्ती रोककर उनके फोटो-वीडियो बनाए गए थे। हैदरी दल नाम की इंस्टाग्राम आईडी से ये वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए थे। सोशल मीडिया पर मिली शिकायत के आधार पर दरोगा नितिन राणा ने जांच की तो घटना सत्य पाई गई। सर्विलांस सेल व साइबर सेल के माध्यम से जांच की गई तो हैदरी दल के पदाधिकारियों का पता लग गया।

एक आईडी मुफ्ती खालिद की निकली जो पीलीभीत के पूरनपुर का निवासी है।

फिलहाल, वह सिटी स्टेशन रोड पर रह रहा है। दूसरा शख्स फरीदपुर के मझउआ का रहने वाला रियाजुद्दीन है। वह ईंट पजाया चौराहा स्थित गरीब शाह मस्जिद का इमाम है। तीसरा शख्स शहबाज रजा उर्फ सूफियान है जो भुता थाने के गांव मलपुर का निवासी है। वह यहां गरीब शाह मस्जिद का नायब इमाम है।

पता लगा कि एक माह से ये लोग हैदरी दल की आईडी का संचालन कर रहे हैं। सभी कट्टरपंथी विचार धारा से ताल्लुक रखते हैं और सार्वजनिक स्थल पर महिलाओं को रोककर उनकी जाति व धर्म पूछते हैं। अभद्र टिप्पणी करते हुए उनका वीडियो-फोटो बनाते हैं।

पुलिस ने इनमें से समीर रजा व शहवाज रजा उर्फ सूफियान को गिरफ्तार कर लिया।

हैदरी दल के लोगों ने कानून हाथ में लेने का काम किया है। ये लोग कई ग्रुप बनाकर अपने समुदाय की युवतियों के बारे में जानकारी शेयर करते थे, और टीम बनाकर वहां पहुंच जाते थे। वहां लड़कियों का जबरन वीडियो बनाकर उसे वायरल कर निजता भंग करते थे। इसमें शामिल लोगों के साथ ही पर्दे के पीछे वाले आरोपियों को भी जेल भेजा जाएगा।

**मानुष पारीक, एसपी सिटी**

### सातों दिन 24 घंटे सेवा देने का वादा करने वाले कर रहे खुशामद

सामने आया है कि हैदरी दल के लोग समुदाय विशेष के लोगों की सुरक्षा करने का झांसा देकर चंदा लेते थे। माहौल भड़काने और अपने फॉलोवर बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया अकाउंट पर बड़े-बड़े वादे करते थे। उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर सातों दिन चौबीस घंटे धर्म विशेष की सुरक्षा करने का नारा लिखा गया है। अब पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए ये खुद भूमिगत हो गए हैं।

### देश का बल होने का दावा, लेकिन डाल रहे भड़काऊ वीडियो

हैदरी दल के सोशल मीडिया अकाउंट पर हैदरी दल, देश का बल लिखा है। हैरान करने वाली बात यह है कि खुद को सामाजिक संगठन के तौर पर प्रचारित करने वाले दल के लोग एक भी समाजसेवा का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नहीं डालते हैं। उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर भड़काऊ वीडियो ही नजर आ रहे हैं।

हैदरी दल की पोल खुलने के बाद एक्स पर लोग पुलिस से संगठन के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं कुछ लोग अंदरखाने हैदरी दल का समर्थन भी कर रहे हैं। कुछ कट्टर समर्थकों का तर्क है कि हैदरी दल के कार्यकर्ता अपनी मजहब की बेटियों को सही राह दिखाना चाहते हैं।

# लेखपाल सावन कुमार के भूमाफिया गिरोह का कार्तिकेय दबोचा

- जांच के बाद लेखपाल ने आवेदिका के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गरीबों की जमीन व विवादित भूखंडों पर फर्जीवाड़ा कर कब्जा करने वाले लेखपाल सावन कुमार जायसवाल के गिरोह के सदस्य कार्तिकेय त्रिपाठी को एसआईटी ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसे रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया। ट्रांसपोर्टर विजय अग्रवाल के मैनेजर कार्तिकेय ने बैनामे के दौरान 24 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी जमा की थी। गैर जमानती वारंट लेकर एसआईटी उसे तलाश रही थी।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि चकबंदी लेखपाल सावन कुमार के भूमाफिया गिरोह का पिछले दिनों खुलासा किया गया था। एसआईटी जांच में पता लगा कि इस गिरोह में स्टांप वेंडर समेत कई अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस की जांच में प्रॉपर्टी डीलर व ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले विजय अग्रवाल का नाम सामने आया।

पता लगा कि विजय अग्रवाल अपने मैनेजर कार्तिकेय त्रिपाठी, उसके भाई अंकिश आदि के साथ मिलकर सावन जायसवाल को ऐसे कामों के लिए धन उपलब्ध कराता था।

एसपी सिटी ने बताया कि नकटिया के हिम्मत सिंह कोल्ड स्टोरेज की जमीन का स्वामित्व उनकी पुत्रवधू विम्मी मदान के पास था। इसे हड़पने के लिए सावन के गिरोह ने हिम्मत सिंह की फर्जी वसीयत हरिओम के नाम कराई थी। 17 मार्च 2023 को हरिओम से जमीन का बैनामा सावन जायसवाल के भाई पल्लव व प्रदीप के नाम कराया गया।

जमीन की सरकारी कीमत 3.30 करोड़ रुपये थी। हरिओम को दिखावे के लिए जो चेक दिए, वह कभी बैंक में लगाए ही नहीं गए। 24 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी विजय अग्रवाल के मैनेजर कार्तिकेय त्रिपाठी के जरिये चुकाई गई। तब कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी कराकर एसआईटी ने कार्तिकेय को उसके गुलाबनगर स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया।

# डब्ल्यूटीसी: विजेता पर होगी पैसों की बारिश




**दुबई, वार्ता।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 की तारीखें जैसे जैसे नजदीक आ रही है, फैंस के मन में इस मैच को लेकर उत्सुकता और बढ़ती जा रही है। 11 जून से लाड्र्स के मैदान में खेले जाने वाले इस फाइनल की इनामी राशि का खुलासा आईसीसी ने मई में किया था। आईसीसी ने विजेता टीम के लिए जो राशि तय की है, वह पिछले संस्कण से दोगुनी है। इस बार विजेता टीम को बंपर पैसे मिलेंगे और आईपीएल विजेता से भी ज्यादा मिलेंगे। इस साल विजेता टीम को 3.6 मिलियन यूएस डालर यानी 30.81 करोड़ रुपये

**■ विजेता टीम को पिछले संस्करण से दोगुनी रकम मिलेगी**

मिलेंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जब 2023 में फाइनल जीता था तो उन्हें 1.6 मिलियन डालर यानी 13.69 करोड़ रुपये मिले थे। फाइनल में हारने वाली टीम यानी रनर अप को 2.1 मिलियन अमेरिकी डालर (17.96 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो कि पिछले दो बार की विजेता राशि से भी ज्यादा है। वहीं, पिछले दो संस्करणों के उपविजेता को 800,000 अमेरिकी डालर यानी 6.84 करोड़ रुपये मिले थे। आईसीसी ने अपने बयान में कहा, श्पुरस्कार राशि में वृद्धि टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के आईसीसी के प्रयासों को दर्शाती है, क्योंकि यह नौ टीमों की प्रतियोगिता के पहले तीन चक्रों की गति को बनाए रखेगा। इस डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका और पाकिस्तान पर 2-0 की घरेलू सीरीज जीत के साथ 69.44 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 अंक प्रतिशत हासिल किए, जबकि भारत ने अधिकांश समय तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद 50.00 अंक प्रतिशत हासिल किए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है। खासकर लाड्र्स में खेलना ऐतिहासिक होगा। यह पिछले दो वर्षों में हमारे सभी खिलाड़ियों की मेहनत है, जिसने फाइनल में पहुंचने में मदद की। यह हमारे लिए सम्मान की बात है।

बीसीसीआई ने पूरी दुनिया को बुलाया था: कर्नाटक सरकार

# हाईकोर्ट में कहा: भगदड़ की जिम्मेदारी बोर्ड व आरसीबी की

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को उच्च न्यायालय के सामने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए जिम्मेदार ठहराया। सरकार ने उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि आयोजकों ने आधिकारिक अनुमति प्राप्त किए बिना सोशल मीडिया के माध्यम से पूरी दुनिया को आमंत्रित किया।

आरसीबी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसाले समेत चार लोगों की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान, राज्य का पक्ष ले रहे महाधिवक्ता सामान्य शशि किरण शेट्टी ने कहा कि फ्रैंचाइज़ी ने तीन जून को मैच से केवल एक घंटे पहले एक अभिवेदन प्रस्तुत किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे एक विजय समारोह आयोजित करेंगे। शेट्टी ने अदालत को बताया कि यह अनुमति का अनुरोध नहीं था, यह केवल एक सूचना थी। उन्होंने कहा कि औपचारिक स्वीकृति न मिलने के बावजूद, आरसीबी और बीसीसीआई ने तीन जून की रात से चार जून की सुबह के शुरुआती घंटों में सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार किया, जिसमें प्रशंसकों से जश्न में शामिल होने का आग्रह किया गया। शेट्टी ने कहा कि उन्होंने कहा कि सभी प्रशकों का स्वागत है।



**■ औपचारिक स्वीकृति न मिलने के बावजूद आरसीबी और बीसीसीआई ने 3 जून की रात से 4 की सुबह के शुरूआती घंटों में सोशल मीडिया पर प्रचार किया**

ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने पूरी दुनिया को आमंत्रित किया है। सरकार के अनुसार, इस लापरवाह प्रचार के कारण 3-5 से चाल लाख लोगों की भीड़ कार्यक्रम स्थल पर जमा हो गई, जबकि इसकी बैठने की क्षमता केवल 33,000 है। प्रवेश के लिए स्पष्ट संचार के अभाव में स्थिति और बिगड़ गयी, जिसके कारण भगदड़ हुई और कई लोगों की जानें गई और कई अन्य घायल हो गए। शेट्टी ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यक्रम आयोजन के संबंध में आरसीबी या बीसीसीआई से कोई प्रत्यक्ष संवाद नहीं हुआ( केवल कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) से पत्राचार हुआ। फिर भी, क्रिकेट फ्रैंचाइज़ी ने ऐसा दर्शाया कि इस कार्यक्रम को आधिका. रिक मंजूरी प्राप्त है। महाधिवक्ता ने आगे आरोप लगाया कि आरसीबी ने परेड को एक सरकार-समर्थित कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की, जबकि वास्तव में, यह पूरी तरह से एक निजी कार्यक्रम था। शेट्टी ने कहा कि वे इस अदालत में गलत नीयत से आये और इसे गुमराह करने का प्रयास किया। अदालत में पेश किए गए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ के अनुसार, आरसीबी और बीसीसीआई के बीच हुए समझौते के अंतर्गत, टिकटिंग, सुरक्षा और गेट प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी पूरी तरह से फ्रैंचाइज़ी और क्रिकेट बोर्ड की थी। इस त्रासदी के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी। कई पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया और एक नए पुलिस आयुक्त की नियुक्ति की गयी। शेट्टी ने कहा कि सीआईडी को जांच का जिम्मा सौंपने का समय मायने नहीं रखता।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को हराया

**एंटवर्प, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम 2-1 से हराया। बेल्जियम में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से लालथंतलुंगी ने (35वें) मिनट और गीता यादव ने (50वें) मिनट में गोल किए। पहला हाफ कड़े मुकाबले के बीच दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। 35वें मिनट में लालथंतलुंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर भारत को बढ़त दिलाई। इसके के बाद अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम की वैन हेलेमोंट ने (48वें) मिनट में बेल्जियम के लिए मैदानी गोलकर स्कोर से 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि, दो मिनट बाद ही गीता यादव ने भारत के लिए विजयी गोल किया। इसके बाद भारतीय टीम ने रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया।





# इंग्लैंड में भारत को खलेगी दिग्गजों की कमी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम तैयार है। शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत करेगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस सीरीज में उपकप्तान की भूमिका में होंगे। यह पहला मौका होगा जब रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद भारतीय टीम कोई टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी। हैरानी की बात यह है कि चयनकर्ताओं ने मोहम्मद शमी को भी टीम में शामिल नहीं किया है। ऐसे में तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई का पूरा जिम्मा जसप्रीत बुमराह पर होगा। उनका साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा मौजूद होंगे। आंकड़ों पर नजर डालें तो

**■ रोहित शर्मा, विराट कोहली और अश्विन व शमी के आंकड़े दे रहे तथ्यों की गवाही**

रोहित, विराट, अश्विन और शमी ने इंग्लैंड में प्रभावित किया है। विराट कोहली ने 33.2 के औसत से 1096 रन बनाए हैं। वहीं, रोहित शर्मा के नाम 524 रन दर्ज हैं। अश्विन ने आलराउंड प्रदर्शन के साथ 18 विकेट और 261 रन बनाए हैं जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस धरती पर 42 विकेट मिले हैं। ऐसे में साफ है कि भारतीय टीम को इन अनुभवी खिलाड़ियों की कमी खलेगी। गिल नई जिम्मेदारी के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके सामने चुनौती बड़ी है। गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम बदलाव के दौर से गुजरी है और अब उसे नतीजे देने होंगे।



दरअसल, भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, ऐसे में सभी के मन में यही सवाल उठ रहा है कि क्या गिल-गंभीर की ये जोड़ी 18 साल का सूखा समाप्त कर पाएगी? भारत ने आखिरी बार 2007 में द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी। उस वक्त तीन मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से जीत दर्ज की।

# टीम इंडिया ने की इंग्लैंड में प्रैक्टिस

**■ कप्तान शुभमन गिल सहित टीम के अन्य खिलाड़ी फील्डिंग का अभ्यास करते नजर आए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को इंग्लैंड में फील्डिंग की प्रैक्टिस की। इसका वीडियो बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी अन्य खिलाड़ियों के साथ कैच का प्रैक्टिस करते नजर आए। वहीं भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी थ्रो और फील्डिंग करते नजर आए। 6 जून को इंग्लैंड के लिए रवाना हुई थी टीम इंडिया भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा। 8 जून को पहले प्रैक्टिस सेशन का हुआ था आयोजन भारतीय टीम ने 8 जून को पहले प्रैक्टिस सेशन में भाग लिया था। इसमें कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया था। हालांकि, टीम में शामिल कई खिलाड़ी इंडिया ए के सदस्य होने की वजह से शामिल नहीं हो पाए थे। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, पंत (उपकप्तान), ध्रुव, नीतीश, शार्दूल, जडेजा, वॉशिंगटन, बुमराह,सिराज, प्रसिद्ध, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय फुटबॉल टीम हांगकांग से हारी

**हांगकांग, वार्ता।** भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम एएफसी एशिया कप क्वालीफायर में हांगकांग ने इंजरी टाइम में गोलकर हराया। यहां काई टैक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में स्टीफन के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मेजबान हांगकांग के खिलाफ 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। हॉफ टाइम के बाद कुरुनियन व ब्रैंडन की जगह नाओरेम के साथ सुनील को मैदान में उतरे। इस दौरान भारतीय प्लेयरों के पास कई बार गोल करने के मौके आए लेकिन वे गोल करने में विफल रहे। रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब टीम इंडिया के गोलकीपर विशाल गोल लाइन से बाहर आए।

### पूजा ने तेज हाफ मैराथन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड किया हासिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** सबसे तेज हाफ मैराथन का रिकार्ड बनाने वाली पूजा टिकमाणी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। गुजरात में अहमदाबाद की पूजा टिकमाणी ने बताया कि 12 जनवरी को अहमदाबाद में आयोजित बीसफल हाफ मैराथन अहमदाबाद में 20 पाउंड का बैकपैक लेकर सबसे तेज हाफ मैराथन पूरी करने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने उन्हें रविवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया।

# ब्राजील विश्वकप के लिए क्वालिफाई

**विश्व चैंपियन ब्राजील ने क्वालिफायर मुकाबले में पैराग्वे पर 1-0 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप में जगह पक्की की**

**साओ पाउलो, वार्ता।** विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ में किये गए गोल की बदौलत पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील ने क्वालीफायर मुकाबले में पैराग्वे पर 1-0 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले फीफा विश्वकप में अपनी जगह पक्की कर ली है।

ब्राजील ने मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर शानदार खेला प्रदर्शन करते हुए पैराग्वे को हराकर फीफा विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विनीसियस जूनियर ने 44वें मिनट में गोल कर ब्राजील को बढ़त दिलाई। इसके बाद रक्षापंक्ति ने शानदार खेला का मुजाहिरा करते हुए पैराग्वे को गोल करने का कोई अवसर नहीं दिया। इस जीत के साथ ब्रजील के 25 अंक हो गए है। वहीं, हार के बाद पैराग्वे 24 अंकों पर है और उसे विश्वकप में क्वालीफाई करने के लिए एक अंक की जरुरत है।

ब्राजील सितंबर में अपने अंतिम दो क्वालीफायर मुकाबलों में चिली और बोलीविया से भिड़ेगा। पैराग्वे को क्वालीफाई के लिए केवल एक अंक की आवश्यकता है, उसका सामना इक्वाडोर और पेरू से होगा।

# तिलक वर्मा ने थामा अब हैंपशायर का दामन

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज तिलक वर्मा अब काउंटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। उन्होंने हैंपशायर का दामन थाम लिया है।

इसकी जानकारी हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) ने बुधवार को की। एचसीए ने बताया कि तिलक काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशायर का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। हैदराबाद के 22 वर्षीय बल्लेबाज ने भारत के लिए 25 टी20 और चार वनडे मैचों में क्रमशरू 749 और 68 रन बनाए हैं। वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हैं। एचसीए ने विज्ञप्ति में कहा- हैदराबाद क्रिकेट संघ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हैदराबाद के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एन ठाकुर तिलक वर्मा से ब्रिटेन काउंटी चैंपियनशिप

**■ मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज अब काउंटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे**

लीग में खेलने के लिए हैंपशायर काउंटी टीम ने संपर्क किया है। हैदराबाद क्रिकेट संघ उन्हें हैंपशायर काउंटी के साथ शानदार जुड़ाव के लिए शुभकामनाएं देता है। तिलक ने 18 प्रथम श्रेणी (फर्स्ट क्लास) मैचों में 50.16 की औसत से 121 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 1204 रन बनाए हैं। उनके नाम पांच शतक और चार अर्द्धशतक दर्ज हैं। इस सीजन आईपीएल में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 16 मैच खेले। इनमें तिलक ने 138.30 के स्ट्राइक रेट से 343 रन बनाए। उनके नाम दो अर्द्धशतक दर्ज हैं।

# द. अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 212 पर रोका

**कगिसो रबाडा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए**

**लंदन, वार्ता।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल मैच में आस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 212 रन पर ऑलआउट हो गई। लंदन के लाड्र्स क्रिकेट स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। आस्ट्रेलिया से ब्यू वेबस्टर (72 रन) और स्टीव स्मिथ (66 रन)कीपर एलेक्स कैरी 23 रन ही बना सके। कगिसो रबाडा ने 5 विकेट झटके।

मार्को यानसन को 3 विकेट मिले। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन है और तीसरे सेशन का खेल जारी है। साउथ अफ्रीका ने 2 विकेट पर 19 रन बना लिए हैं। वियान मुल्डर (एक रन) और कप्तान टेम्बा बावुमा (शून्य) क्रीज पर हैं। मिचेल स्टार्क ने ऐडन मार्करम (शून्य) और रायन रिकेलटन (16) को पवेलियन भेज दिया हे। 9वें ओवर में साउथ अफ्रीका ने दूसरा विकेट गंवा दिया है। मिचेल स्टार्क के ओवर की चौथी बाल पर रायन रिकेलटन 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें दूसरा विकेट मिला। स्टार्क ने पारी के पहले ओवर में ऐडन मार्करम को बोल्ड किया था। साउथ अफ्रीका ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया है। मिचेल स्टार्क ने ओवर की आखिरी बाल पर ऐडन मार्करम को बोल्ड बोल्ड किया। वे खाता भी नहीं खोल सके। आस्ट्रेलिया ने तीसरे सेशन में 5 विकेट गंवा दिए। टीम के सभी विकेट 22 रन बनाने में ही गिर गए। टी सेशन के बाद केशव महाराज ने एलेक्स कैरी को बोल्ड किया। यहां से कगिसो रबाडा ने पैट कमिंस और ब्यू वेबस्टर को पवेलियन भेजा। मार्को यानसन ने नाथन लायन को बोल्ड किया। रबाडा ने फिर मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर आस्ट्रेलिया की पारी 212 रन पर समेट दी। 57वां ओवर डाल रहे कगिसो रबाडा ने मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर दिया है। इसी के साथ आस्ट्रेलिया पहली पारी में 212 रन पर आलआउट हो गई। रबाडा ने इस पारी में 5वां विकेट लिया है। उन्होंने स्टार्क से पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन), कप्तान पैट कमिंस (01 रन), ओपनर उस्मान ख्वाजा (00) और कैमरन ग्रीन (4 रन) को भी आउट किया। 56वें ओवर में आस्ट्रेलिया ने 9वां विकेट गंवाया। नाथन लायन (शून्य) को मार्को यानसन ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने ट्रैविस हेड (11 रन) और मार्नस लाबुशेन (17 रन)को भी पवेलियन भेजा। 55वें ओवर में आस्ट्रेलिया ने 8वां विकेट गंवाया। यहां ब्यू वेबस्टर 72 रन बनाकर आउट हुए।



# इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में विंडीज का सूपड़ा साफ किया

**इंग्लैंड, वार्ता।** बेन डकेट (84) और जेमी स्मिथ (60) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों के बाद ल्यूक वुड (तीन विकेट) और आदिल रशीद (दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 37 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों जॉनसन चार्ल्स (नौ) और एविन लुइस (नौ) के विकेट 37 रन के स्कोर पर गवां दिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान साई होप और शिमरॉन हेटमायर ने पारी संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में जेकब बेथेल ने शिमरॉन हेटमायर आठ गेंदों में (26) रन को आउट कर इंग्लैंड को तीसरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में ब्राइडन कार्स ने साई होप 27 गेंदों में (45) रन को आउटकर वेस्टइंडीज को तगड़ा झटका दिया। शरफेन रदरफोर्ड (एक), रोमारियो शेफर्ड (शून्य) को आदिल राशीद ने अपना शिकार बनाया। जेसन होल्डर 12 गेंदों में (25) और गुडाकेश मोती (एक) को ल्यूक वुड ने आउट किया। वेस्टइंडीज की ओर से रोवमन पॉवेल ने 45 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 79) रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी और 37 रनों से

# सम्पादकीय

गुरुवार, 12 जून 2025

## हकीकत में खास मुद्दे

भाजपा और कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने भले ही अतीत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के बारे में शिकायतें उठाई हैं, लेकिन प्रशासनिक और तकनीकी सुरक्षा उपायों के मद्देनजर उनमें से कई जांच में खरी नहीं उतरीं। कांग्रेस ने अब चुनावी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर लिया है तथा ज्यादा मौलिक मुद्दों को उठाया है, जिन पर अलग से विचार किए जाने की जरूरत है। बताते चलें कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में 2024 के विधानसभा चुनावों में जो कुछ हुआ, उसके आधार पर चुनाव संचालन को लेकर परेशान करने वाले सवाल उठाए हैं। इसमें हकीकत में कुछ खास मुद्दे हैं, जैसे आम चुनाव और विधानसभा चुनावों के बीच मतदाता सूची में सूचीबद्ध मतदाताओं की संख्या में असामान्य वृद्धि, मतदान के दिन शाम 5 बजे के बाद मतदान प्रतिशत में वृद्धि तथा मतदान प्रक्रिया के सीसीटीवी फुटेज तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के वास्ते केंद्र द्वारा चुनाव संचालन नियम, 1961 में संशोधन किया जाना। गांधी ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की उस प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया है, जिसमें केंद्र सरकार ने 2023 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने से इन्कार कर दिया है। उक्त फैसले में निर्वाचन आयुक्तों का चयन करने वाले पैनल के एक हिस्से के रूप में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने की सिफारिश की गई थी। जिन राज्यों में आम चुनाव और विधानसभा चुनाव निकट थे, वहां पंजीकृत मतदाताओं की संख्या के बारे में किए एक शुरुआती विश्लेषण से पता चला कि विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं की संख्या में तेज उछाल के उदाहरण मौजूद थे। जहां विधानसभा चुनावों से पहले जोड़े गए नये मतदाताओं की संख्या ज्यादा थी, आम चुनावों के बाद मात्र छह महीनों में 39 लाख से ज्यादा मतदाता जुड़े, वहीं 2014 में भी इसी किस्म की बढ़ोतरी देखी गई थी। लगभग चार मिलियन मतदाताओं की बढ़ोतरी एक बड़ी तादाद है और भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को सत्यापन के लिए मतदाता सूची से संबंधित मशीन द्वारा पठनीय आंकड़ों को सक्रियतापूर्वक जारी करना चाहिए। इस आरोप के संबंध में कि शाम 5 बजे के बाद मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी असामान्य थी, यह तर्क सही नहीं है। यह मतदान के तात्कालिक (प्रोवि. जनल) आंकड़ों पर आधारित है और ईसीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र में शाम 5 बजे के बाद मतदान में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। ईसीआई द्वारा एक एप के जरिये साझा किए गए मतदान प्रतिशत के तात्कालिक आंकड़े पूरी तरह से सटीक नहीं होते हैं, क्योंकि ये चुनाव के दौरान संख्याओं की हाथ से की गई (मैनुअल) प्रविष्टि पर निर्भर होते हैं और मशीन की सटीक गणना से तुलना करने पर इनमें विसंगतियां हो सकती हैं। चूंकि फार्म 17-सी के जरिये प्रत्येक मतदान केन्द्र के अंतिम आंकड़े कुछ समय बाद ही जारी किए जाते हैं, लिहाजा मतदान के तात्कालिक आंकड़ों पर भरोसा करना गलत होगा। हालांकि, एक और मुद्दा है जिस पर निर्वाचन आयोग को जवाब देना चाहिए, सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखना और शिकायतों की जांच के लिए राजनीतिक दलों एवं उनके प्रत्याशियों को उसे सुलभ कराना।


### प्रधानमंत्री मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता कब करेंगे



32 देशों की यात्रा से लौटे से 7 डेलिगेशन के 51 सांसदों से पीएम का मिलना ठीक है, यह उनका विशेषाधिकार है और ये कोई आश्चर्य की बात नहीं है, लेकिन हमारे पास कुछ आसान सवाल हैं, हम चाहते हैं कि पीएम इन सवालों का जवाब दें, प्रधानमंत्री मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता कब करेंगे, पार्टियों के सांसदों से नहीं, बल्कि नेताओ से कब मिलेंगे, पहलगाम आतंकी हमले के बाद सामने आई भीतरी और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों पर इन नेताओं को कब विश्वास में लेंगे, कारगिल युद्ध के बाद हमारे पास एक कारगिल समीक्षा समिति थी। क्या सिंगापुर में सीडीएस के खुलासे के बाद भी ऐसी ही कवायद होगी, क्या समीक्षा होगी, क्या कोई विश्लेषण होगा, क्या कोई रिपोर्ट होगी।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव**

## चोट अंगुली में, दोष पूरे शरीर को देते रहे





**हफीज किदवई**

अंगुली नीतीश थे और शरीर लालू थे। कितनी आसानी से मक्कारों ने लालू को खलनायक बना दिया और खलनायक को नायक बनाकर पूजते रहे। 15-20 सालों में क्या हासिल किया बिहार ने, मीडिया ने लालू कार्यकाल को बनाया बीमा और मीडिया ने ही नीतीश को कहा विकास पुरुष, खैर हमे नीतीश से कोई लेना देना नहीं, क्योंकि ऐसे लोगों से क्या ही उलझें, आज कुछ, कल कुछ, परसो कुछ, न जुबान का ठिकाना और न ही किरदार का कोई ठिकाना। कुर्सी के लिए किसी को भी पाया बना लेने वालों पर बात ही बेईमानी है।

हम आते हैं लालू प्रसाद यादव पर, उनके ऊपर चवन्नी छाप भी उठकर भ्रष्टाचार का आरोप लगा देते हैं। वह भी चारा चोर कहकर खी खीखी करते हैं, जिनमें राजनीतिक अक्ल एक रत्ती से भी कम है। यह मासूम लोग हैं, इन्हें टीवी में बैठा एंकर बता देता है फलाने चोर हैं, यह चोर चोर बकने लगते हैं, टीवी का एंकर कह देता है कि फलाने महान हैं, विकास पुरुष हैं, यह उसके नाम ले लेकर लहालोट होते हैं। यह कभी भी पलट कर अपने इर्द गिर्द नहीं देखते हैं। लालू प्रसाद यादव के जमाने में हुए अपराध को देखते वक्त सूक्ष्मदर्शी इस्तेमाल करते हैं और वर्तमान सत्ता के अपराध झांकने में अपनी मटर जैसी आंखे इस्तेमाल करते हुए पर्दा डाल देते हैं। जरा बिहार के अगल-बगल के मुख्यमंत्री को भी देखें, उन्होंने अपने राज्यों में बिहार से ज्यादा काम किया है, जबकि वह आते जाते रहे हैं। यूपी को ही ले लें, नीतीश के समकक्ष मुलायम सिंह यादव, मायावती या राजनाथ सिंह, सबने इनसे बेहतर काम कम वक्त में किया है। अखिलेश यादव के पांच साल के काम तो नीतीश अगले 50 साल में भी नहीं कर पाएंगे। नीतीश एक ढोल थी जो सिर्फ लालू लालू लालू कहकर बज रही थी। लालू प्रसाद यादव को गरियाओ और सत्ता पाओ। लालू को गले लगाओ और सत्ता पाओ। यानी सत्ता सिर्फ एक नाम से मिलती,लालू और लालू। लालू कभी नैतिकता में नीचे नहीं गिरे, कभी घिनौनी राजनीति नहीं की, कभी अपशब्द नहीं बोले, बस देशज अंदाज में तफरीहन बातें की। गलतियां उतनी ही कि जितनी हमारे देश के तमाम विख्यात नेता करते रहे और काम भी उतना ही किया। आज लालू लंबी जेल की सजा काटकर जमानत पर है, यही प्रमाण है उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता का और उस सत्ता के डर का जो हुकूमत, लालू की आंख देख सहम जाती है। क्या समझते हैं कि लालू के वक्त जज मॉर्निंग वॉक पर नहीं जाया करते थे। क्या समझते हैं कि लालू फैसले मैनेज नहीं कर सकते थे। दूसरे तमाम नेताओं की तरह अपने ऊपर से मुकदमे हटा नहीं सकते थे क्या। कितने ही प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने खुद पर से आपराधिक मुकदमे खुद ही खत्म कर लिए, तो क्या लालू यह नहीं कर सकते थे। सब कर सकते थे मगर नहीं किया गया। सलाखों को कुबूल किया, तभी न्यायालय पर आपको भरोसा है। हमने बहुत से गुंडों को बहुत ऊंचे पद पर बैठे देखा है, आप भी देख रहे हैं, तब भी आपको लगता है कि लालू गलत थे। एक बार लालू के सर लगे इल्जाम को देखिएगा, रुपयों की गिनती कर लीजिएगा और यह भी देखिएगा उतने रुपये में आजका सत्ताधीश कितने विधायक खरीदकर चुनी हुई सरकार गिराता है। वह बेहिया लोग लालू पर सवाल उठाते हैं, जो विधायक खरीदने वाले के सामने सर झुकाया करते हैं। ईमानदार हो तो सर उठाकर उसको भी इतना ही कोसो जो लालू के सर मढ़े भ्रष्टाचार की कीमत में केवल एक या डेढ़ विधायक ही खरीद पाता, जबकि उसने बीसों को खरीदा है, सोचो कितना खर्च किया होगा। सरकारें गिराई हैं, पार्टियां तोड़ी हैं, क्या यह सब बीफ ईमानदारी से हुआ है। इन विधायक चोरों को पर्दे में छिपाकर। उन्हें जबरदस्ती चाणक्य का दर्जा देते हुए,जरा भी शर्म नहीं आती दोगले आपको। लालू का जेल में रहना और लालू को बदनाम करना, दोनों से किसी की चुनावी दुकान चलती है। लालू जेल में हैं, यह भी उनकी ईमानदारी है। बहुत पहले लिखा था कि राहुल को इस भारत में अगर आज किसी से राजनीतिक दीक्षा लेनी चाहिए, वह सिर्फ लालू प्रसाद यादव हैं। राहुल ने तो आगे बढ़कर लालू जी को गले लगा लिया, उनके साथ देखकर तबियत खिल उठती है। मैं खुद हमेशा खुद को कोसता हूं कि लालू को मापने में हमने इतना अगर मगर क्यों किया। क्यों लालू को जांचने में हमने उनकी सुनी जो अपनी जुबान कहीं किसी शाखा से उधार लाए थे। लालू जी का जन्मदिन है, हम इसका प्रायश्चित करते हैं कि हमने उस समय मुंह नहीं खोला जब खोलना चाहिए था। लालू का सलाखों में जाना हमारा खुद का कैद हो जाना था, एक ही तो आवाज थी, जो बिना तराजू लिए बोलती थी। बस खुशी इतनी है कि लालू जी को हमने कभी खलनायक नहीं माना। कभी उनकी लीडरशिप में खामी नहीं देखी और कभी उन्हें कमजोर, मजाकिया या फिजूल नहीं जाना, हमेशा यह तो माना कि वह अद्वितीय हैं। अन्ना के झांसे के वक्त लालू ही एक आवाज थे जो संसद से सड़क तक बोल रहे थे कि यह आंदोलन सही नहीं है। लालू उस वक्त ही नब्ज पकड़ चुके थे मगर सरकार मदमस्त थी लालू को ही घेरने में, उनकी आवाज अनसुनी की गई। संसद में लालू के वह भाषण आज भी ऐतिहासिक है, जो बता रहा है कि संसद सर्वोच्च है, क्योंकि जनता ने उसे चुना है। लालू एक दौर की राजनीति का पर्याय हैं और अपने विरोधी की ऑक्सीजन हैं, बिना लालू नाम लिए, वह आज भी क्लास मॉनिटर तक का चुनाव नहीं लड़ सकते। लालू जी को जन्मदिन की मुबारकबाद और प्रार्थना की वह अभी मजबूती से और रहें, क्योंकि देश को उनकी जरूरत हैं। जिन्हें लालू के आरोप, सजा या परिवारवाद से दिक्कत है, वह हमें उस पार्टी का नाम बताएं जिनमें यह अवगुण न हों, कम या ज्यादा तराजू लेकर वह बैठे। लालू के राज में भी कुछ बहुत गलतियां रही होंगी, मगर अच्छाइयां ज्यादा थीं। हमने यह मान लिया है कि कुछ कमियों के साथ अच्छी चीजें फेंक नहीं दी जाती हैं। लालू प्रसाद इस माटी का हमको प्रसाद है, हम उनकी इज्जत करते हैं, लालू कुछ भी हों, धोखेबाज, चालबाज, मक्कार नहीं हो सकते और लाशों पर राजनीति नहीं करते, बस इतना काफी है, उनके प्रति प्रेम के लिए, हां हम लालू से प्रेम करने लगे हैं। जन्मदिन मुबारक, ईश्वर आपकी सफलता, समझ, अंदाज और सरलता आपके नीचे तक भी पहुंचाए और आपको स्वस्थ्य रखे। तेजस्वी आपका हमें उपहार है और वैचारिक प्रतिबद्धता आपका दिखाया रास्ता है, यह दोनों हमेशा बने रहें, आपको बहुत बहुत शुभकामनाएं।

> **लालू जेल में हैं, यह भी उनकी ईमानदारी है। बहुत पहले लिखा था कि राहुल को इस भारत में अगर आज किसी से राजनीतिक दीक्षा लेनी चाहिए, वह सिर्फ लालू प्रसाद यादव हैं। राहुल ने तो आगे बढ़कर लालू जी को गले लगा लिया, उनके साथ देखकर तबियत खिल उठती है। मैं खुद हमेशा खुद को कोसता हूं कि लालू को मापने में हमने इतना अगर मगर क्यों किया। क्यों लालू को जांचने में हमने उनकी सुनी जो अपनी जुबान कहीं किसी शाखा से उधार लाए थे। लालू जी का जन्मदिन है, हम इसका प्रायश्चित करते हैं कि हमने उस समय मुंह नहीं खोला जब खोलना चाहिए था। लालू का सलाखों में जाना हमारा खुद का कैद हो जाना था, एक ही तो आवाज थी, जो बिना तराजू लिए बोलती थी। बस खुशी इतनी है कि लालू जी को हमने कभी खलनायक नहीं माना।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## धर्म के आवरण में दरिंदगी: कुछ तो गड़बड़ है



**निर्मल रानी**

हमारे देश में जितना अधिक धर्म का ढिंढोरा पीटा जा रहा है अधर्म भी उतनी ही तेजी से बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। खासतौर से जब से आसाराम, स्वामी चिन्मयानंद, गुरमीत राम रहीम, स्वामी नित्यानंद, दाती महाराज, रामपाल, आसाराम के कुपुत्र नारायण साईं, भीमानंद महाराज उर्फ शिवमूरत द्विवेदी, राम शंकर तिवारी उर्फ स्वामी परमानंद व आशु भाई महाराज जैसे स्वयंभू संतों व डेरा संचालकों से जुड़े मामले सामने आए व इनमें से कई को बलात्कार व यौन शोषण के मामले में जेल जाना पड़ा तब से तो धर्म क्षेत्र में इस तरह के कुकर्मों की गोया झड़ी सी लग गई। देश में न जाने कितने साधु वेश धारी मंदिर के पुजारी या किसी न किसी रूप में धर्म क्षेत्र से जुड़े लोग यौन हिंसा के शर्मनाक मामलों में पकड़े जा चुके हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दीपक वर्मा नामक एक बलात्कारी को थाना आलमबाग के अंतर्गत पुलिस ने सूर्योदय से पूर्व ही सुबह सवेरे मुठभेड़ में मार गिराया, यह व्यक्ति भी धर्म का चोला ओढ़े रहता था। स्वयं को माता का भक्त प्रदर्शित करने वाला यह कुकर्मी माता रानी के जागरण समारोहों में झांकियां सजाने व झांकियां निकालने का काम किया करता था। इस ने चंद्रनगर मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई-तीन साल की बच्ची को, जो अपने पिता के साथ लेटी हुई थी, चुपके से उसका अपहरण कर उसे उठा लगाया। बाद में इस व्यक्ति ने उस बच्ची के साथ बड़ी ही बेरहमी के साथ दुष्कर्म किया था। मासूम बच्ची अभी भी गंभीर अवस्था में इलाज करा रही है। पुलिस ने माता भक्त इस आरोपी पर एक लाख का इनाम भी घोषित कर दिया था। उसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और गत वीरवार को देर रात थाना आलमबाग क्षेत्र के मवैया के निकट एनकाउंटर में ढेर कर दिया। भारत जैसे धर्म प्रधान देश में में यौन शोषण के मामलों का तेजी से बढ़ना अत्यंत चिंता का विषय है। हालांकि देश में यौन शोषण को लेकर काफी कड़े कानून भी बने हुए हैं फिर भी यह एक प्रमुख सामाजिक समस्या बनी हुई है। खासकर धर्म क्षेत्र में कुकर्मियों व अधर्मियों का प्रवेश कर जाना धार्मिक सीख व शिक्षाओं पर भी सवाल खड़े करता है।

एक अनुमान के अनुसार भारत में प्रत्येक 22 मिनट में एक बलात्कार का मामला दर्ज होता है। इसमें वह मामले शामिल नहीं हैं जो भयवश या लाज वाश अथवा सुलह सफाई के बाद या फिर सामाजिक कलंक या कमजोर कानूनी व्यवस्था के कारण दर्ज नहीं होते और वह सरकारी रिकॉर्ड में नहीं आ पाते अन्यथा यह आंकड़े और भी चौंकाने वाले हो सकते हैं। वैसे तो दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमे. रिका, इंग्लैंड, मिस्र, फ्रांस व इथियोपिया जैसे देश भी महिला शोषण व बलात्कार जैसे मामलों में बदनाम देशों की सूची में शामिल हैं परन्तु इनमें से कोई भी देश धर्म का उस स्तर पर ढिंढोरा नहीं पीटता जितना भारत में देखने को मिलता है। स्वयं को धर्म प्रधान प्रदर्शित करने वाले भारत जैसे देश में बेशक यह एक अत्यंत गंभीर व संवेदनशील मुद्दा है। कहीं आश्रमों, मंदिरों व चर्चों में यौन शोषण के मामले सामने आते हैं जहां महंत, पुजारी, पादरी जैसे धर्म के आवरण में छुपे लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगता है। जैसे कुछ समय पूर्व कानपुर में एक पीड़िता को पहले नशीला लड्डू खिलाया गया फिर उसका यौन शोषण कर घटना का वीडियो बनाकर उसे धमकाया गया। चार महीने बाद गोविंद नगर थाने में शिकायत तो दर्ज जरूर हुई, लेकिन परन्तु चूंकि महंत, पुजारी, और अन्य रेपिस्ट प्रभावशाली थे इस कारण उनके विरुद्ध पुलिस ने देर से कार्रवाई की। इसी तरह मई 2025 में आगरा के एक मंदिर में 5 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की घटना चर्चा में रही। इस मामले में पुलिस ने शुरू में आरोपी को छोड़ दिया था, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद उसे फिर से गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अप्रैल 2025 में सीतापुर में एक मंदिर के पुजारी पर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और एक पत्रकार की हत्या का आरोप लगा था। ऐसे ही सतना के नादन थाना क्षेत्र में एक कथा वाचक नारायण स्वरूप त्रिपाठी ने तीन नाबालिग बहनों को काल सर्प दोष की पूजा करने के बहाने अपने कमरे में बुलाकर उनका बलात्कार किया। पीड़िता बहनों के परिजनों की शिकायत पर नादन थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।


> **ऐसे ही केरल में कैथोलिक चर्च से जुड़े यौन शोषण के मामले चर्चा में रहे। एक नन ने जालंधर के रोमन कैथोलिक चर्च के बिशप पर 14 बार यौन शोषण का आरोप लगाया था। 2019 में तो पोप फ्रांसिस ने भी स्वीकार किया था कि भारत, लैटिन अमेरिका, इटली, और अफ्रीका में बिशप और प्रीस्ट द्वारा ननों का यौन शोषण हुआ है। पटना में 2017 में एक पादरी पर दो महिलाओं के साथ बलात्कार और धर्म परिवर्तन के नाम पर यौन शोषण का आरोप लगा। इसी प्रकार दिसंबर 2024 में संभल, उत्तर प्रदेश, में एक मस्जिद के मौलाना साजिद और उसके भाई पर 13 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की कोशिश और तीन घंटे तक बंधक बनाने का आरोप लगा। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। एक तथ्य यह भी है कि धार्मिक संस्थानों में यौन शोषण के मामलों को अक्सर दबाने की कोशिश की जाती है।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बचपन की छिनती मुस्कान: बाल श्रम मौलिक अधिकारों का हनन

**विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष**





**अतुल गोयल**

हर वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2002 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने बच्चों को मजदूरी से मुक्त कराने और उनके बचपन को सुरक्षित करने के उद्देश्य से की थी। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है प्रगति स्पष्ट है लेकिन अभी और काम किया जाना बाकी है- आइए प्रयासों में तेजी लाएं। यह थीम आज के समय की जमीनी सच्चाई को बखूबी दर्शाती है क्योंकि वैश्विक स्तर पर लाखों बच्चे अब भी उस अंधेरे दलदल में फंसे हैं, जिसे बाल श्रम कहते हैं, जो उनके मौलिक अधिकारों के साथ ही उनके जीवन की संभावनाओं को भी निगल रहा है। बाल श्रम कोई सरल या सतही समस्या नहीं है। यह उस गंभीर सामाजिक विडंबना का परिणाम है, जिसमें समाज, सरकार, उद्योग और व्यक्तिगत स्वार्थ की जटिलताएं आपस में उलझी हुई हैं। किसी भी बच्चे को उसकी इच्छा के विरुद्ध काम पर लगाना, उसे शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल जैसी मूलभूत चीजों से दूर करना, सीधा-सीधा उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद-24 यह स्पष्ट करता है कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने, खदान या अन्य खतरनाक कार्यस्थल पर नियोजित नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद छोटे-छोटे ढाबों, चाय की दुकानों, ईंट भट्टों, कालीन बुनाई केंद्रों, बीड़ी, कांच, पटाखा और चूड़ी उद्योगों में काम करते मासूम बच्चों को देखना एक आम दृश्य है। बाल श्रम की वैश्विक स्थिति को देखें तो आईएलओ और यूनिसेफ की 2023 की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में दुनिया भर में लगभग 16 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं, जिनमें से लगभग 8 करोड़ बच्चे खतरनाक श्रम कार्यों में लगे हुए हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि हर 10 में से एक बच्चा अपने बचपन के बजाय किसी मजदूरी की जगह पर खड़ा है। इन 16 करोड़ बच्चों में से एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लगभग 4.9 करोड़, अफ्रीका में लगभग 8.6 करोड़, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में 1.1 करोड़ बच्चे इस समस्या से पीड़ित हैं। इस समय सर्वाधिक गंभीर स्थिति उप-सहारा अफ्रीका की है, जहां प्रत्येक दसवां बच्चा श्रमिक है। भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय और सामाजिक न्याय मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2023 तक भारत में 5 से 14 वर्ष की आयु के लगभग 1.01 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं। हालांकि पिछले दो दशकों में शिक्षा के प्रचार, सरकारी योजनाओं और गैर-सरकारी संगठनों की मेहनत से बाल श्रमिकों की संख्या में गिरावट आई है, लेकिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्योगों, घरेलू कामों और खेती-बाड़ी जैसे असंगठित क्षेत्रों में इनकी उपस्थिति अब भी भारी है। महामारी के बाद की परिस्थितियों में बाल श्रम का पुनरुत्थान देखने को मिला है। कोविड-19 के कारण परिवारों की आर्थिक स्थिति खराब होने से कई बच्चों को पढ़ाई छोड़कर काम पर जाना पड़ा।

भारत के कई हिस्सों में बच्चों को आज भी पढ़ाई और खेल के बजाय दिनभर मजदूरी में झोंक दिया जाता है। कभी वे सड़क किनारे भीख मांगते, कचरा बीनते, जूते पॉलिश करते या कारखानों में सस्ते श्रमिक की तरह इस्तेमाल किए जाते हैं। बाल श्रम बच्चों को न केवल शिक्षा के अधिकार से वंचित करता है, बल्कि उन्हें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी हानि पहुंचाता है। अस्वच्छ और खतरनाक वातावरण में काम करने के कारण बच्चों को सांस की बीमारी, अस्थमा, त्वचा रोग, टीबी, रीढ़ की हड्डी के विकार और कैंसर तक हो सकता है। साथ ही लंबे समय तक पोषण की कमी और शारीरिक शोषण के कारण वे उम्र से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं और मानसिक रूप से भी अवसाद, डर, हीनता ग्रंथि और अपराध की दुनिया की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। यह समस्या सिर्फ मानवीय संकट नहीं है, यह आर्थिक और सामाजिक विकास में भी बाधा है। एक समाज का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर करता है। यदि वह पीढ़ी शिक्षा के बजाय बचपन में ही मजदूरी करने लग जाए तो न केवल उसका जीवन अंधकारमय हो जाता है बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति भी अवरुद्ध हो जाती है। मानव संसाधन की क्षति, उत्पादकता में गिरावट और सामाजिक असमानता जैसे दुष्परिणाम सामने आते हैं।

बाल श्रम के पीछे अनेक कारण हैं लेकिन गरीबी इसकी सबसे मजबूत जड़ है। जब एक परिवार अपनी बुनियादी आवश्यकताओं भोजन, पानी, दवा और शिक्षा को पूरा नहीं कर पाता तो बच्चे को स्कूल भेजने के बजाय काम पर भेज देना मजबूरी बन जाती है। इसके अलावा निरक्षरता, कुपोषण, किसी सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच का अभाव, बाल तस्करी और अज्ञानता भी बाल श्रम के प्रमुख कारक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों को यह तक पता नहीं होता कि उनके बच्चे को मजदूरी पर लगाना कानूनी अपराध है और संविधान उनके बच्चे को शिक्षा और सुरक्षित बचपन का अधिकार देता है। बाल श्रम को रोकने के लिए भारत में बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 बनाया गया था, जिसे 2016 में संशोधित कर और कठोर किया गया। इस संशोधन में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के किसी भी कार्य में नियोजन पर पूर्ण प्रतिबंध है, साथ ही 14-18 वर्ष के किशोरों को खतरनाक उद्योगों में काम पर लगाने पर भी रोक लगाई गई है। इसके बावजूद इस कानून की प्रभावशीलता संदिग्ध बनी हुई है क्योंकि निगरानी, प्रवर्तन और सजा की प्रक्रियाएं अपेक्षाकृत कमजोर हैं। कई बार बच्चा परिवार की मदद के नाम पर घरेलू उद्योगों में कार्य करता रहता है और कानून इसकी सही से व्याख्या नहीं कर पाता। बाल श्रम से जुड़ी एक बड़ी विडंबना यह भी है कि कई बार इन्हें बचाने वाले कानून ही इनके अधिकारों की राह में बाधा बन जाते हैं। उदाहरण के तौर पर जब कानून में यह प्रावधान है कि बच्चा पारिवारिक काम कर सकता है तो इसका फायदा उठाकर बाल मजदूरी को पारिवारिक रोजगार बताकर उसे वैध ठहराने की कोशिश की जाती है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्रों में, जहां निरीक्षण की व्यवस्था नहीं है, वहां तो स्थिति और भी भयावह होती है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना जैसी योजनाएं भी चलाई हैं, जिनका उद्देश्य 9 से 14 वर्ष की आयु के बाल श्रमिकों को बचाकर उन्हें विशेष विद्यालयों में दाखिल कराना और उन्हें पुनर्वास सहायता देना है, लेकिन इन योजनाओं का कार्यान्वयन और जमीनी असर आज भी सीमित और असमान है। कई जिलों में इनकी उपस्थिति नहीं है और जहां है भी, वहां संसाधनों और प्रशिक्षित मानवबल की कमी है। यदि भारत को सच में बाल श्रम मुक्त बनाना है तो केवल कानून बनाना या कुछ योजनाएं शुरू करना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए व्यापक सामाजिक बदलाव की आवश्यकता है। सबसे पहले तो सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निवेश बढ़ाना होगा ताकि गरीब परिवार अपने बच्चों को स्कूल भेजने में सक्षम बनें। साथ ही कौशल विकास कार्यक्रमों को मजबूत बनाकर युवाओं को रोजगार योग्य बनाना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनियाभर में दखल दे रहे अमेरिका के अपने 25 शहरों में प्रदर्शन

## लॉस एंजिलिस में शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू




**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में 5 दिनों से जारी प्रदर्शन के कारण शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। लॉस एंजिलिस की मेयर कैरन बैस ने इमरजेंसी की घोषणा की है। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन अमेरिका के 12 राज्यों के 25 शहरों तक फैल चुका है।

सैन फ्रांसिस्को, डलास, आस्टिन, टेक्सास और न्यूयार्क जैसे शहरों में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात पर काबू पाने के लिए ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में 4 हजार नेशनल गार्ड के अलावा 700 मरीन कमांडो को भी तैनात कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालात खराब हो रहे हैं। जरूरत पड़ने पर वे पूरी ताकत से निपटेंगे। वहीं, सोमवार-मंगलवार को लॉस एंजिलिस

**ट्रम्प बोले: सुरक्षाबल पूरी ताकत से निपटेंगे, जरूरत पड़ने पर सैन्य बल का इस्तेमाल करूंगा**

पुलिस ने करीब 1100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया। लॉस एंजिलिस में अवैध प्रवासियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में चोरी और लूटपाट की घटनाएं भी सामने आई हैं। मंगलवार को नकाबपोश दंगाइयों ने एक माल में स्थित जारा स्टोर में तोड़फोड़ और लूटपाट की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग जारा स्टोर के दरवाजे तोड़कर अंदर घुसते और सामान लूटते दिखे। एक अन्य वीडियो में कुछ उपद्रवी एडिडास स्टोर, फार्मेसियां, मारिजुआना दुकानें और ज्वेलरी शाप्स में भी तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी क्रिस मिलर ने बताया-एक महिला को एपल स्टोर में चोरी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर लॉस एंजिलिस में हिंसा जारी रही तो वे पूरे शहर में विद्रोह कानून लागू कर सकते हैं। यह कानून सरकार को हिंसा रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने की इजाजत देता है। पिछले 2 दिन से हालात बेहद बिगड़ रहे हैं, अगर बगावत हुई तो मैं जरूर विद्रोह कानून लागू करूंगा। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 14 जून को वाशिंगटन डीसी में होने वाली आर्मी परेड के दौरान प्रदर्शन को लेकर भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रदर्शन करता है तो उसे सेना का सामना करना पड़ेगा। 14 जून को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ और ट्रम्प का 79वां जन्मदिन भी है। इस हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हा

# ट्रम्प ने गाजा जंग खत्म करने को कहा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मंगलवार को फोन पर बातचीत की। इस दौरान ट्रम्प ने नेतन्याहू से गाजा में जंग को खत्म करने के लिए कहा है।

इजरायल के चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि गाजा में सीजफायर और बंधकों की रिहाई तक ही बात नहीं रुकनी चाहिए, बल्कि जंग को पूरी तरह खत्म किया जाए। इसके अलावा ट्रम्प ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करने को लेकर भी फिलहाल मंजूरी नहीं दी है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने यह भी कहा कि जंग रुकने से ईरान और सऊदी अरब के साथ चल रही बातचीत में मदद मिलेगी। साथ ही अमेरिका हमास को भी जंग खत्म करने के लिए गारंटी देने को तैयार है। डोनाल्ड ट्रम्प ने नेतन्याहू से बातचीत में यह साफ किया कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु डील पर समझौते के लिए कोशिशें जारी हैं। हालांकि, ट्रम्प ईरान के

**■ ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले को मंजूरी नहीं, बातचीत जारी रखना चाहते हैं ट्रम्प**

हालिया प्रस्ताव से सहमति नहीं है। उन्होंने कहा कि फिर भी बातचीत के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। इसके जवाब में नेतन्याहू ने कहा कि ईरान पर हमेशा सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। हालांकि, ट्रम्प ने फिर भी ईरान पर सैन्य हमले को टालने पर जोर दिया। इस पर नेतन्याहू ने जवाब दिया कि ईरान पर हमेशा एक विश्वसनीय सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। लेकिन ट्रम्प ने दोबारा दोहराया कि बातचीत के दौरान सैन्य हमले की संभावना को टाल देना चाहिए।

# बिलावल का दावा: अबकी बार ट्रम्प भी नहीं रोक पाएंगे भारत-पाक जंग

## कहा: पाक में 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है, भारत को जलयुद्ध की धमकी भी दी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने आशंका जताई कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच फिर से युद्ध छिड़ा तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पास इसे रोकने के लिए वक्त नहीं होगा। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में मिडिल ईस्ट इंस्टीट्यूट में यह बात कही।

बिलावल ने भारत पर बलूचिस्तान में दखलंदाजी और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे संगठनों को सपोर्ट देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा-क्या हर आतंकी हमले के बाद भारत के साथ युद्ध छेड़ देना चाहिए? पाकिस्तान शांति चाहता है, जो दोनों देशों के हित में है। बिलावल ने कहा कि इस साल पाकिस्तान में आतंकवाद बढ़ा है। अगर हिंसा इसी तरह जारी रही, तो 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है। बिलावल ने कहा कि कश्मीर मुद्दे का हल किए बिना स्थाई शांति संभव नहीं



**■ अगर हिंसा इसी तरह जारी रही तो 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है: पूर्व विदेश मंत्री**

है। उन्होंने पानी विवाद को भी उठाया और चेतावनी दी कि अगर भारत ने पाकिस्तान का पानी रोका, तो यह जल युद्ध की वजह बन सकता है। उन्होंने कहा: चाहे देश छोटा हो या बड़ा, वह पानी और अपनी जिंदगी के लिए लड़ेगा। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि स्थगित कर दी है। पाकिस्तान की 80 प्रतिशत खेती इसी नदी पर निर्भर है। सिंधु नदी को पाकिस्तान की लाइफलाइन कहा जाता है। बिलावल ने भारत पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर तोड़ने करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने कश्मीर को ग्लोबल मुद्दा माना है, न कि भारत का आंतरिक मामला। बिलावल ने भारत से बात. चीत की अपील की और कहा कि भारत को पाकिस्तान से कई शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन बातचीत बंद करने से समस्याएं हल नहीं होंगी। बिलावल ने दावा किया कि अमेरिका के अफगानिस्तान से अचानक हटने और वहां छोड़े गए हथियारों की वजह से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा: हम आतंकवाद, अफगानिस्तान और अन्य मुद्दों पर बात करते हैं।

# लॉस एंजिल्स में घायल पत्रकार को सहायता की पेशकश

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने अमेरिका के लॉस एंजिल्स में विरोध प्रदर्शनों को कवर करते समय रबर की गोली से घायल हुए एक टेलीविजन न्यूज चैनल के रिपोर्टर को सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को कहा कि सरकार ने लॉस एंजिल्स में महावाणिज्य दूतावास के माध्यम से रिपोर्टर लॉरेन टोमासी से संपर्क किया है और उन्हें प्रदान करने के लिए भी पेशकश की है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया के नाइन नेटवर्क न्यूज़ के लिए संवाददाता टोमासी रविवार को स्थानीय समयानुसार लॉस एंजिल्स में विरोध प्रदर्शनों को कवर करते समय घायल हो गई थीं। पुलिस अधिकारी द्वारा चलाई गई रबर की गोली से उनके पैर में गोली लग गई थी। उन्होंने बुधवार को नाइन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि घटना की तस्वीरें 'वास्तव में भयानक' है।

# बांग्लादेश में टैगोर के पैतृक आवास पर कट्टरपंथियों का हमला

## उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की

**ढाका।** बांग्लादेश के सिराजगंज में मंगलवार को कट्टरपंथियों की भीड़ ने गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास पर हमला कर दिया। कचहरी घर के नाम से मशहूर टैगोर के पैतृक आवास में जमकर तोड़फोड़ की।

जमात-ए-इस्लामी और हिफाजत-ए-इस्लाम के कट्टरपंथियों की भीड़ ने टैगोर के विरोध में नारे भी लगाए। सूचना मिलने के बाद शहजादपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। थाना प्रभारी असलम अली का कहना है कि फिलहाल मामले की पड़ताल की जा रही। अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। काफी देर तक चले

**■ काफी देर तक चले हंगामे के बाद पुलिस लौट गई, लेकिन शाम तक कट्टरपंथी मौके पर जमा रहे**

हंगामे के बाद पुलिस लौट गई, लेकिन शाम तक कट्टरपंथी मौके पर जमा रहे। बात दें कि राजधानी ढाका से लगभग 125 किमी की दूरी पर स्थित गुरुदेव टैगोर के इस दो मंजिला पैतृक आवास को म्यूजियम का दर्जा दिया गया है। गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने इस कचहरी घर का निर्माण 1840 में कराया था। 1979 में बांग्लादेश के पुरातत्व विभाग ने इसे संरक्षित इमारत का दर्जा दिया था। कट्टरपंथियों ने तोड़फोड़ करने की साजिश पहले से रची थी सूत्रों के अनुसार, कट्टरपंथियों ने आरो. प लगाया कि मंगलवार को म्यूजियम के निदेशक सिराजुल इस्लाम ने एक व्यक्ति को बंधक बनाकर मारपीट की। जबकि इस्लाम ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है।

पुलिस जांच में भी किसी को भी म्यूजियम में बंधक बनाए जाने की बात सामने नहीं आई। लेकिन देखते ही देखते कट्टरपंथियों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। बताया जाता है कि कट्टरपंथियों ने कचहरी घर में तोड़फोड़ करने की साजिश दो-तीन दिन से रची हुई थी। इसलिए भीड़ मौके पर जमा हो गई।



हैदराबाद। आयोग के समक्ष पेश होने के लिए बीआरके भवन पहुंचे तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव व न्यायमूर्ति पी.सी. घोष।

# ऑस्ट्रेलिया में चाकू से लैस किशोरी को पुलिस ने मारी गोली

**सिडनी।** उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में चाकू से लैस होकर धमकी देने वाली एक किशोरी को मंगलवार को पुलिस ने गोली मार दी। यह घटना मंगलवार को स्थानीय समयानुसार शाम 5:30 बजे के आसपास, क्वींसलैंड राज्य के ब्रिसबेन से 1000 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम स्थित टाउन्सविले में हुई, जहां एक होटल में एक 17 वर्षीय लड़की के चाकू से लैस होने और धमकी देने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। बुधवार को पुलिस ने एक बयान में कहा कि अदालत में यह आरोप लगाया जाएगा कि लड़की अधिकारियों पर हमला करने के लिए आगे बढ़ी जिसके बाद उसके पेट में गोली मारी गई। अधिकारियों ने उसका तुरंत प्राथमिक उपचार करवाया और उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

# टेस्ला चीफ मस्क ने ट्रम्प से मांगी माफी

**वाशिंगटन।** टेस्ला चीफ एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से माफी मांग ली है। उन्होंने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी गलती मानी है। मस्क ने इसे लेकर एक्स पर एक पोस्ट किया है। मस्क ने पिछले कुछ पोस्ट में उन्होंने ट्रम्प के बयानों और नीतियों का समर्थन भी किया है।

उन्होंने लास एंजिलिस में अवैध अप्रवासियों पर हुई छापेमारी को लेकर खुशी भी जताई। इससे पहले एक इंटरव्यू में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से मस्क को लेकर सवाल पूछा गया था, तो उन्होंने बेहद शांत लहजे में जवाब दिया। ट्रम्प ने कहा हमारे बीच अच्छे संबंध थे और मैं बस उनके अच्छे होने की कामना करता हूं। ट्रम्प का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इससे ही जुड़े एक वीडियो पर एलन मस्क

**■ कहा: पोस्ट में कुछ ज्यादा ही बोल गया, सात जून को राष्ट्रपति बोले थे एलन से रिश्ता खत्म**

ने 'रेड हार्ट' इमोजी कमेंट किया था। इसके बाद से कयास लगाए जा रहे थे कि ट्रम्प और मस्क के बीच रिश्ता बेहतर होने लगा है। मस्क पहले ट्रम्प के खिलाफ की गई अपनी कुछ पुरानी पोस्ट हटा चुके हैं। उन पोस्ट में ट्रम्प का रिश्ता एक यौन अपराधी एप्स्टीन से जोड़ा गया था। इसके अलावा ट्रम्प के महाभियोग की भी मांग की थी। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने 7 जून को कहा था कि उनका एलन मस्क के साथ रिश्ता खत्म हो गया है। एनबीसी न्यूज से बात करते हुए ट्रम्प ने मस्क को चेतावनी दी थी कि अगर विपक्षी डेमोक्रेट्स का साथ दिया तो गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। ट्रम्प और मस्क 'बिग ब्यूटीफुल बिल' को लेकर आमने-सामने आ गए थे। ट्रम्प इस बिल के समर्थन में हैं, जबकि मस्क खिलाफ। यह बिल हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 22 मई को सिर्फ 1 वोट के अंतर से पास हो चुका है। इसके समर्थन में 215 और विरोध में 214 वोट मिले थे। अब यह सीनेट में विचाराधीन है, जहां इसे 4 जुलाई 2025 तक पास किया जाना है।

मस्क अब ट्रम्प के इस विधेयक के रास्ते में बड़ी रुकावट बनते दिख रहे हैं। ट्रम्प का दावा है कि यह 'देशभक्ति से भरा हुआ' कानून है।



# चीन के बाद ताइवान ने भारतीय नेवी को शुक्रिया कहा

**ताइवान।** ताइवान सरकार ने सिंगापुर के कंटेनर जहाज हुए हादसे के बाद मदद करने के लिए इंडियन नेवी और कोस्टल गार्ड का आभार जताया है।

ताइवान इन इंडिया ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा: ताइवान सरकार इंडियन नेवी और कोस्टल गार्ड के तेजी से किए गए बचाव कार्य के लिए आभारी है। हम लापता के सदस्यों की सुरक्षित वापसी और घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। दरअसल, अरब सागर में केरल के कोच्चि के पास लगभग 44 नाटिकल मील दूर एक कंटेनर जहाज 503 में 9 जून को विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई थी। आग तेजी से फैली जिसके बाद जहाज में और भी कई

**■ अरब सागर में जलते जहाज से 18 क्रू मेंबर को रेस्क्यू किया था**

विस्फोट हुए, जिससे यह डूबने की कगार पर पहुंच गया था। ये जहाज श्रीलंका के कोलंबो से मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह की ओर जा रहा था। 10 जून को वहां पहुंचने वाला था। इस जहाज में जहाज में लगभग 650 कंटेनर थे जिनमें 2000 टन तेल और 240 टन डीजल था। भारतीय नौसेना को शिप के हादसे की जानकारी 9 जून को सुबह 9:30 बजे मिली। इसके रेस्क्यू आपरेशन में लगभग 7 घंटे का समय लगा। खराब मौसम के कारण इसके रेस्क्यू में काफी दिक्कतें आईं।

# यूक्रेन के रक्षा बजट में कटौती करेगा अमेरिका

**■ यह प्रशासन यूक्रेन संघर्ष के बारे में बहुत अलग दृष्टिकोण रखता है**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि मौजूदा अमेरिकी प्रशासन अगले साल यूक्रेन के लिए अपने सैन्य बजट में कटौती करेगा। हेगसेथ ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की रक्षा उपसमिति के समक्ष एक सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी।

रक्षा मंत्री ने सांसदों से कहा कि यह आगामी रक्षा बजट में कटौती है। यह प्रशासन यूक्रेन संघर्ष के बारे में बहुत अलग दृष्टिकोण रखता है। हमारा मानना है कि कई वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए बातचीत के माध्यम से एक शांतिपूर्ण समाधान दोनों पक्षों और हमारे देश के हित में भी होगा। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार फरवरी 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका ने यूक्रेन को 66 अरब डॉलर से अधिक की सहायता दी




है। पूर्व में जो बाइडन प्रशासन के तहत स्वीकृत और अनुमोदित बजट के तहत अमेरिका ने यूक्रेन को लगातार हथियार प्रदान करना जारी रखा है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने यूक्रेन के लिए किसी भी नई सहायता की घोषणा नहीं की है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि बातचीत के जरिये शांतिपूर्ण समाधान दोनों पक्षों और हमारे देश के हितों के लिए सबसे अच्छा है।

# इक्वाडोर में आठ लोगों की गोली मारकर हत्या

**क्विटो।** इक्वाडोर के दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर गुआयाकिल में आठ लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह हमला गुआयाकिल के पास क्वालेस इलाके में डौले राजमार्ग के निकट हुआ। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इस हमले में आठ लोगों की मौत हो गई।

हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस को संदेह है कि यह हमला सप्ताहांत में चार असॉल्ट राइफलों की हाल ही में जब्ती से जुड़ा हो सकता है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक हमला सुबह तब हुआ, जब पेका क्षेत्र और एक नगरपालिका बाजार

**■ हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया**

के पास स्थानीय लोग अपने दिन की शुरुआत कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार मारे गए लोगों में पांच मोटरसाइकिल टैक्सी चालक थे। इक्वाडोर के सबसे खतरनाक शहरों में से एक गुआयाकिल में हाल के दिनों में कई घातक हमले हुए हैं। बैस्टियन पॉपुलर के एक घर में रविवार को चार लोगों की हत्या कर दी गई। इसके अलावा, सोमवार को मुचो लोटे इलाके में अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद एक विवाहित जोड़े की गोली मारकर हत्या कर दी गई।